आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	22°C	14°C

इनसाइड न्यूज

किसानों के लिए 2014 से प्रारंभ हुए प्रयास को मॉडल के रूप में ले...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

मंगलवार 24 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 73 www.janexpresslive.com/epaper

अवैध रूप से असम पहुंचे 22 बांग्लादेशी... 12

पुलिस मुठभेड़ में केजेडएफ के तीन आतंकी ढेर

- पंजाब के गुरदासपुर जिले की पुलिस चौकी पर 19 दिसंबर को ग्रेनेड से किया था हमला
- मिले इनपुट पर गुरदासपुर पुलिस पहुंची पीलीभीत, संयुक्त कार्रवाई में मार गिराए आतंकी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/पीलीभीत

पूरनपुर। पंजाब की बक्शीवाल चौकी पर हैंड ग्रेनेड से हमले के बाद तराई के पूरनपुर में छिपे तीन आतंकियों कि तडके पंजाब और पीलीभीत पुलिस की संयुक्त टीम से मुठभेड़ हो गई। घेराबंदी के दौरान आतंकियों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से तीनों आतंकी ढेर हो गए। आतंकियों की गोली से दो सिपाही भी लहूलुहान हो गए। मारे गए आतंकियों से दो एके -47, दो विदेशी ग्लाक पिस्टल व भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए। पुलिस अपर महानिदेशक रमित शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई।

मृतक आतंकियों की फाइल तस्वीर

घिरे तो पुलिस पर बरसाईं गोलियां

जानकारी के अनुसार गुरदासपुर की पुलिस टीम सोमवार तड़के पीलीभीत के थाना पूरनपुर पहुंची और केजेडएफ के आंतकियों के छिपे होने की जानकारी दी। जिसके बाद पीलीभीत और गुरदासपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी के साथ ही नाकेबंदी कर दी गई। हर आने-जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान खमरिया प्वाइंट पर बाइक पर तीन संदिग्धों के होने की जानकारी मिली। सूचना पर दोनों जिलों की पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और मार्ग में आगे पड़ने वाले थानों को अलर्ट कर दिया। खुद को घिरता देख आतंकियों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। दो पुलिस मुलाजिम घाय हो गए। जवाब में पुलिस मुलाजिमों ने भी गोलीबारी की। इस दौरान तीनों आतंकियों को गोलियां लगीं। घायल आतंकियों के पुलिस अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

"पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रैंड हमले के आरोपियों के यूपी के तराई वाले पीलीभीत जिले में छिपे होने के इनपुट पंजाब पुलिस से मिले थे, जिसके बाद पुलिस एक्टिव हुई। रविवार देर रात पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में तीनों आतंकियों को मुठभेड़ में गोली लगी। अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

-प्रशांत कुमार, डीजीपी उत्तर प्रदेश

ढेर आतंकियों में सभी यूथ, इनमें एक 18 साल का

पुलिस की कार्रवाई में मारे गए तीनों आतंकी युवा हैं। ये बुढिया कलानूर गुरदासपुर पंजाब के रहने वाले थे। इनमें एक की उम्र महज 18 साल है। जबकि दूसरा 23 और तीसरा 25 साल का बताया जा रहा है। आंतकियों की उम्र को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाक से संचालित संगठन ने ब्रेन बॉश करके इनके दिमाग में आतंकवाद का बीज पोषित किया होगा।

19 दिसंबर को हुआ था गुरदासपुर की पुलिस चौकी पर हमला

यहां यह बताना जरूरी है कि मारे गए आतंकियों ने इसी माह 19 दिसंबर को भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे पंजाब के गुरदासपुर जिले की बख्शीवाल पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला बोला था। हालांकि पुलिस चौकी को एक माह पहले ही बंद कर दिया था। हमले की जिम्मेदारी केजेडएफ संगठन ने ली थी। तभी से गुरदासपुर पुलिस को इन आतंकियों की तलाश में थी।

पुलिस की गाड़ियां हुई छलनी

आतंकियों ने पुलिस पर इस कदर अंधाधुंध फायरिंग की कि उनकी गाड़ियां छलनी हो गईं। बोनट में कई जगह छेद होने के साथ ही गाड़ियों के शीशे तक टूट गए। आतंकियों से भारी मात्रा में कारतूस मिलने के साथ ही एक 47 जैसी अत्याधुनिक गन भी बरामद हुईं।

आंतकियों का पाकिस्तानी कनेक्शन

मारे गए तीनों आतंकियों का पाकिस्तान से कनेक्शन बताया जा रहा है। केजेडएफ संगठन पाकिस्तान से ऑपरेट होता है। जिसका मकसद पंजाब और देश् में आंतकवाद फैलाना है। खालिस्तान का चीफ रणजीत सिंह नीटा और ग्रीस में रह रहा जसविंदर सिंह मन्नू संगठन को संचालित करते हैं।

ये हथियार बरादए हुए

- दो एके- 47 मोडीफाइड राइफल
- दो विदेशी ग्लाक पिस्टल
- भारी मात्रा में कारतूस
- एक चोरी की बाइक

गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल

- अविनाश पांडे, पुलिस अधीक्षक
- उप निरीक्षक अमित प्रताप सिंह (पीआरओ) एसपी पीलीभीत
- प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी पूरनपुर
- प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल मधोटांडा
- उप निरीक्षक ललित कुमार
- हेड कांस्टेबल जगबीर
- आरक्षी सुमित
- आरक्षी हितेश
- निरीक्षक क्रांतिवीर सिंह एसओजी प्रभारी
- उप निरीक्षक सुनील शर्मा सर्विलांस प्रभारी
- पंजाब पुलिस टीम।

पाक के इशारे पर काम करते थे: पंजाब डीजीपी

पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने बताया- मारे गए तीनों आतंकी पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहे खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के मेंबर थे। इसका सरगना रणजीत सिंह नीटा पाकिस्तान में है। वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करता है। आईएसआई के इशारों पर पंजाब में माहौल बिगाड़ने की फिराक में था। तीनों आतंकियों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। इनका मुखिया वरिंदर सिंह उर्फ रवि था। रवि आगे अपने सरगना के साथ टच में था। इस मॉड्यूल को केजेडएफ के प्रमुख रणजीत सिंह नीटा और ग्रीस में रहने वाले जसविंदर सिंह मन्नू ऑपरेट करता था। ये दोनों आतंकी ब्रिटेन में बैठे जगजीत सिंह उर्फ फतेह सिंह बागी को ऑर्डर देते थे। फतेह सिंह बागी रवि के साथ बातचीत करता था। जगजीत सिंह के ही इशारों पर थाने पर हमला किया गया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि रवि ग्रीस में बैठे आतंकी जसविंदर सिंह मन्नू का करीबी है क्योंकि दोनों एक गांव के रहने वाले हैं। इसी वजह से रवि को थाने में हुए ग्रेनेड अटैक मॉड्यूल का हेड बनाया गया था। वहीं, जगजीत सिंह यूके आर्मी में भी काम कर चुका है, मगर अब आतंकी मॉड्यूल चला रहा है।

आतंकियों को घेरा तो पुलिस पर ताबड़तोड़ फायर किए: एसपी पीलीभीत

पीलीभीत एसपी अविनाश पांडेय ने बताया- सोमवार सुबह पंजाब की गुरदासपुर पुलिस की टीम थाना पूरनपुर पहुंची। सूचना दी कि उनके यहां कुछ दिन पहले गुरदासपुर में बख्शीवाल पुलिस चौकी पर खालिस्तानी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था। उनके पूरनपुर क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली थी। तुरंत पूरे जिले की नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की गई। इस दौरान खमरिया पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सूचना दी कि एक बाइक पर तीन संदिग्ध नजर आए हैं। उनके पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं हैं।

खुर्जा में मिला पुराने मंदिर का ढांचा

जानकारी मिलते ही दक्षिणपंथी संगठनों ने की मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग

- विहिप और जाटव विकास मंच ने अधिकारियों से मंदिर का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया है
- ताकि धार्मिक गतिविधियां फिर से शुरू हो सकें, एसडीएम ने घटनाक्रम की पुष्टि की
- खुर्जा मंदिर की मूर्तियों को समुदाय के एक परिवार द्वारा नदी में विसर्जित कर दिया गया था

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

खुर्जा में पुराने मंदिर का एक ढांचा मिला है। एसडीएम के अनुसार सलमा हकन मोहल्ले में मंदिर का निर्माण जाटव समुदाय द्वारा किया गया था, जो वहां पूजा भी करते थे। जानकारी होते ही विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और जाटव विकास मंच ने अधिकारियों से मंदिर का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया है, ताकि धार्मिक गतिविधियां फिर से शुरू हो सकें। यह घटनाक्रम सम्भल जिला प्रशासन द्वारा शहर में सांप्रदायिक दंगों के बाद 1978 से बंद एक मंदिर को पुनः खोले जाने के एक सप्ताह बाद हुआ है । रविवार को खुर्जा के सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) दुर्गेश सिंह ने कहा कि सलमा हकन मोहल्ले में मंदिर का निर्माण जाटव समुदाय द्वारा किया गया था, जो वहां पूजा भी करते थे। एसडीएम ने बताया कि लगभग तीन दशक पहले जाटव समुदाय के लोगों के स्थानांतरित होने के बाद, ऐसा कहा जाता है कि खुर्जा मंदिर की मूर्तियों को समुदाय के एक परिवार द्वारा नदी में विसर्जित कर दिया गया था। सिंह ने स्पष्ट किया कि मंदिर का ढांचा बरकरार है और स्थल को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इस बीच, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और जाटव विकास मंच ने अधिकारियों से मंदिर का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया है ताकि धार्मिक गतिविधियां फिर से शुरू हो सकें।

मंदिर 1990 से बंद था, क्षेत्र में रहने वाले हिंदू परिवार पलायन कर गए थे

विहिप की मेरठ इकाई के पदाधिकारी सुनील सोलंकी के अनुसार, यह मंदिर 1990 से बंद था, जब इस क्षेत्र में रहने वाले हिंदू परिवार पलायन कर गए थे। सोलंकी ने कहा कि अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपकर मंदिर की सफाई और सौंदर्यीकरण का अनुरोध किया गया है ताकि सुचारू रूप से पूजा-अर्चना हो सके।

मंदिर लगभग 50 साल पुराना है, जिसे मूल रूप से जाटव समुदाय के सदस्यों ने बनवाया था

जाटव विकास मंच के अध्यक्ष कैलाश भागमल गौतम ने कहा कि मंदिर लगभग 50 साल पुराना है, जिसे मूल रूप से जाटव समुदाय के सदस्यों ने बनवाया था। गौतम ने कहा कि 1990 के दंगों के बाद समुदाय ने अपना घर बदल लिया और तब से मंदिर बंद है। उन्होंने कहा कि मंच ने वीएचपी के साथ मिलकर मंदिर में धार्मिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने का औपचारिक अनुरोध किया है।

दबंगों की हैवानियत ने ली किशोर की जान

तहरीर मिलने पर पुलिस अगर समय से कार्रवाई करती तो बच सकती थी उसकी जिंदगी

- थाना क्षेत्र में अपराधियो, अवैध कारोबारियों, गाजा माफिया के हौसले बुलंद, बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी

जन एक्सप्रेस । बस्ती

बस्ती जिला स्थित कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कोइलपुरा गांव में 17 वर्षीय नाबालिग किशोर ने फंदे से लटक कर जान दे दी। इस आत्महत्या के पीछे की परिजनों ने जो वजह बताई वो चौंकान वाली है। नाबालिग किशोर को बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाया गया। फिर उसको नंगा कर जमकर पीटा और मुंह पर पेशाब कर दिया। परिजनों का आरोप है कि इस घिनौनी हरकत का वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी दी गई। इससे आहत होकर नाबालिग किशोर ने आत्महत्या कर लिया। आरोप है कि 20-21 की रात को नाबालिग किशोर आदित्य को गांव के विनय कुमार ने फोन कर बर्थडे पार्टी में बुलाया। जब आदित्य रात में बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया तो वहां पर चार लोग मौजूद थे। इन लोगों ने पहले आदित्य को नंगा करके जमकर मारा पीटा और उसके बाद मुंह में पेशाब कर दिया। इस घटना का चारों ने वीडियो भी बना लिया। वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगे। फिर आदित्य ने वीडियो डिलीट करने की मिन्नत की तो उसको थूक कर चटाया।

दबंगों पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

वीडियो वायरल करने की धमकी देने से परेशान होकर आदित्य ने अपने परिजनों को सारी बात बताई। परिजनों ने कप्तानगंज थाने पर तहरीर दी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने तहरीर ले ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इससे दबंगों के हौंसले और बढ़ गए और लगातार प्रताड़ित करने लगे, जिससे आहत होकर नाबालिग किशोर ने आत्महत्या कर ली। कार्रवाई न होने से नाराज परिजन शव लेकर कप्तानगंज थाना पहुंच गए। घंटों इंतजार के बाद भी जब कार्रवाई का कोई आश्वासन नहीं मिला तो परिजन शव को लेकर एसपी कार्यालय पहुंच गए। इसके बाद हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई। दो सीओ पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गए।

युवक की मां ने लगाए आरोप

युवक संतकबीर नगर के निघरी गांव का रहने वाला था जो अपने मामा के घर बस्ती में रहता था। मृतक की मां का आरोप है कि पहले उनके बेटे को नंगा करके मारा पीटा गया और उस के मुंह पर पेशाब करके वीडियो बना लिया। मृतक की मां ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने पैसा खा लिया है, जिसकी वजह से कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

भ्रष्टाचार और गोमांस तस्करी को बढ़ावा दे रहे प्रमुख सचिव पशुधन

- वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी ने प्रेसवार्ता कर लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस फॉलोअप
संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां गोवंश संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रमुख सचिव पशुधन के रवीन्द्र नायक गोमांस तस्करों को बढ़ावा देने वालों का साथ दे रहे हैं। यह आरोप वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में प्रेसवार्ता में लगाया।

एसआईटी जांच में गोमांस तस्करी के दोषी का प्रमोशन

हैरानी की बात है कि सीएम के आदेश पर डीआईजी उत्तर प्रदेश की देखरेख में गठित एसआईटी जांच में जिस डॉक्टर को गोमांस तस्करी कराने का दोषी माना गया था। उसी पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय चतुर्वेदी को बतौर इनाम प्रमोशन दिया गया। प्रमोशन की प्रक्रिया में बाधा बन रहीं एसआईटी जांच को नकारते हुए फिर से उच्च स्तरी अधिकारियों से जांच कराने की बजाय छोटे अधिकारी से जांच कराई और क्लीनचिट दिलाकर प्रमोशन का रास्ता साफ किया।

नाकाबिल से काबिल हो डॉ. नीरज

यूपीएलडीवी के सीईओ डॉ. नीरज गुप्ता का कार्यकाल खत्म होने से पहले लेटर जारी कर उन्हें नाकाबिल माना था और उनका कार्यकाल बढ़ाने से साफ मना कर दिया था। वहीं चंद दिनों ही बिना एक्सटेंशन लेटर जारी किए नीरज गुप्ता का कार्यकाल 6 माह बढ़ा दिया।

फॉरेंसिक लैब की जांच रिपोर्ट को ठहराया गलत

मामले की फिर से जांच के लिए बागपत के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद त्रिपाठी को चुना गया। जिन्होंने फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट को गलत ठहराते हुए दोषी पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय चतुर्वेदी की ओर से बनाए प्रमाण पत्रों को सही बताया और उन्हें क्लीनचिट दे दी।

प्रमुख सचिव पशुधन का एक और कारनामा आया सामने
गोमांस तस्करी कराने के दोषी डॉक्टर को दिलाया प्रमोशन

डेढ़ माह में 6 डॉक्टर किए सस्पेंड

सस्पेंड चल रहे आगरा के पशु चिकित्साधिकारी डा. मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुंदल करने वालों को दंड देते हैं। इस बातकी इससे पुष्टि की जा सकती है कि बीते डेढ़ के अंदर प्रमुख सचिव पशुधन के निर्देश पर पशुधन विभाग के छह डॉक्टर्स को सस्पेंड किया जा चुका है जिनमें वे भी शामिल हैं। इतना ही नहीं मानदेय पर काम करने वाले छोटे कर्मचारियों को भी पैसा रोके रखा है।

सीएम तक नहीं पहुंच रही बात

डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि प्रमुख सचिव पशुधन के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर भेजे गए कागजात कहीं न कहीं बीच में ही रोक लिए जाते हैं या उन्हें दबा दिया जाता है। अगर सीएम योगी आदित्यनाथ तक ये कागजात पहुंच गए होते तो अब तक कार्रवाई तय थी।

आगरा के पशु चिकित्साधिकारी रहे डा. मनोज कुमार ने प्रमुख सचिव पशुधन पर आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और गोमांस तस्करी को बढ़ावा देने वालों को के रवींद्र नायक इनाम भी देते हैं। यूपीएलडीवी के सीईओ डॉ. नीरज कुमार गुप्ता और शामली में तैनात पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय चतुर्वेदी इसके उदाहरण हैं।

बड़े बाबू नहीं दाब सकेंगे फाइल, जनता को मिलेगी राहत

प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में फ़ाइलें और पत्र 1 जनवरी 2025 से डिजिटल हस्तांतरित होंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से इस संबंध में सभी सरकारी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है
- नए साल से इस नई व्यवस्था को पूरी तरह से लागू करना अनिवार्य कर दिया गया है
- इस व्यवस्था के बाद लोगों को सरकारी दफ्तरों का चक्कर भी नहीं लगाना पड़ेगा, घर बैठे अटके काम पूरे हो जाएंगे

सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की लेटलतीफी और फाइल दाब कर बैठने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगने जा रहा है। यूपी के सभी सरकारी कार्यालयों में फ़ाइलें और पत्र 1 जनवरी 2025 से डिजिटल हस्तांतरित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से इस संबंध में सभी सरकारी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है। नए साल से इस नई व्यवस्था को पूरी तरह से लागू करना अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एसपी गोयल की ओर से संबंध में आदेश जारी किया गया है। इस व्यवस्था के बाद प्रदेश में सरकारी विभागों में फाइल एक जगह नहीं रुकेंगी। अब ये धड़ाधड़ आगे बढ़ती जाएंगी। इससे बाद लोगों को सरकारी दफ्तरों का चक्कर भी नहीं लगाना पड़ेगा। घर बैठे अटके काम पूरे हो जाएंगे। नए साल से प्रदेश भर में यह व्यवस्था लागू भी हो सकती है। इसके बाद किसी भी दफ्तर के बाबू फाइल लटका नहीं पाएंगे। कोई बहाना काम नहीं आएगा।

स्थानीय निकायों, निगम, सरकारी शैक्षिक संस्थानों के अलावा स्मार्ट सिटी जैसे ऑफिस पर भी लागू होगा आदेश

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। यह सभी विभागों, स्थानीय निकायों निगम, सरकारी शैक्षिक संस्थानों के अलावा स्मार्ट सिटी जैसे ऑफिस पर भी लागू होगा। कई बिंदुओं पर आदेश जारी किया गया है इसमें ई ऑफिस के महत्व और उससे जुड़े अधिकांश मुद्दों को विस्तार से बताया गया है।

काम में लेटलतीफी की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं

सरकारी विभाग के कार्यालयों में काम में लेटलतीफी की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। दफ्तरों में मौजूद बाबू अफसर न होने या अन्य कारणों से काम लटकाए रहते थे। ऐसे में फरियादी कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते थे। अब योगी सरकार एक जनवरी 2025 से नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। नई व्यवस्था में काम एक जगह रुक नहीं पाएंगे।

रामासुब्रमण्यन बने एनएचआरसी के नए अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. रामासुब्रमण्यन को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही, प्रियांक कानूनगो और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिद्युत रंजन सारंगी को आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीटीआई से बात करते हुए कानूनगो ने पुष्टि की कि उन्हें एनएचआरसी का सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके एनसीपीसीआर अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल के दौरान उन्होंने बच्चों के संरक्षण कानूनों और नीतियों पर फोकस किया था, खासकर उन मामलों में जहां बच्चों का यौन शोषण या उत्पीड़न होता था। उन्होंने कहा, अब एनएचआरसी के सदस्य के रूप में मैं अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की पूरी कोशिश करूंगा। एनएचआरसी प्रमुख का पद न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा के कार्यकाल के समाप्त होने के बाद से खाली था। रामासुब्रमण्यन की नियुक्ति से आयोग को एक नया नेतृत्व मिला है, जो मानवाधिकारों की रक्षा के लिए काम करेगा। रामासुब्रमण्यन का सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में लंबा करियर रहा है। उनके पास न्यायपालिका में गहरा अनुभव है, जो उन्हें एनएचआरसी के अध्यक्ष के रूप में चुनौतीपूर्ण कार्यों को निभाने में मदद कर सकता है। इससे पहले इस तरह की खबरें सामने आई थीं, कि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ को एनएचआरसी का नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

एक्सप्रेस खबरें...

भव्यता के साथ निकाली गयी खंगार क्षत्रिय स्वाभिमान यात्रा

जन एक्सप्रेस/उरई। अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अपना दल एस के प्रदेश महासचिव युवा मंच ओंकार सिंह ठाकुर (विकी भईया) के नेतृत्व में महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती के उपलक्ष्य में खंगार क्षत्रीय स्वाभिमान वाहन यात्रा निकाली गई। यात्रा का मार्ग बंगरा से रामपुरा तक निश्चित किया गया था। जिसमें सैकड़ों 4 पहिया व 2 पहिया वाहनों की संख्या के साथ हजारों समाज बन्धु कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विशेषत- 3 पहिया वाहन ऑटो की सैकड़ों की संख्या आकर्षण का केंद्र रही है। यात्रा बंगरा से प्रारंभ हुई यहां प्रभान सिंह, अवध दीक्षित, अमित, आर्यन, शिव सिंह ने स्वागत किया गया। कैलोर में अरुण, योगेन्द्र एवं माधौगढ में शिवम परिहार, मनीष, अर्पित, पवन गुप्ता मिहोनी में राघव, अभिषेक सूर्य प्रताप और रजपुरा में स्वागत किया गया। यात्रा के अंत में ओंकार ठाकुर ने सभी आगंतुकों एवं प्रधानो व बुजुर्गों का सम्मान कर आभार प्रकट किया।यात्रा में जिलाध्यक्ष अनिल अटरिया, अध्यक्ष राम रूप परिहार, पुनीत, प्रशांत, मनोज, राहुल, उत्तम, अमित, मनोज, नृपत, रवि, मानवेंद्र, अजहर, अरुण, अन्वर, राजा, आशु, कृष्णपाल, बलवीर, दीप, हुकुम गोहन आदि सम्मिलित हुए।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र में युवक ने घर के कमरे में रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला राजेंद्र नगर शंभू महाराज विद्यालय के पास निवासी मोहित वर्मा 30 वर्ष अपनी पत्नी रिचा वर्मा के साथ रविवार को किसी काम के सिलसिले में झांसी गया था। इसके बाद उसकी पत्नी वहां कंपनी के किसी कार्यालय में रुक गई और वह घर वापस आ गया था। रविवार की रात को उसने खाना खाया और घर के कमरे में चला गया। जब उसके भाई ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वह घवरा गया और दरवाजा तोड़कर उसे किसी तरह बाहर निकाला। मौजूद लोगों की मदद से भाई उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एआईसीबी के नेत्रहीनों की दूसरे दिन की कार्यशाला हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस/उरई। ऑल इंडिया कनफेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड दिल्ली की संस्था का सोमवार को दो दिवसीय नेत्रहीन दिव्यांगों की कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीण कुमार सिंह समाज कल्याण अधिकारी/ दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के साथ वरिष्ठ लिपिक शैलेश गुप्ता उपस्थित रहे और साथ में संस्था की सचिव प्रोफ़ेसर मंजुला रथ सचिव एआईसीबी दिल्ली एवं दृष्टि संस्था चित्रकूट के महासचिव शंकर लाल गुप्ता अपनी पत्नी वर्षा मैडम के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान पांच राज्यों के नेत्रहीन दिव्यांगों की सहभागिता रही। यह सभी एआईसीबी के सहयोगी संस्थाओं के लोग थे। इस कार्यक्रम में जिले के नेत्रहीन दिव्यांगों के चैप्टर के लोग भी उपस्थित रहे, जो संस्था के द्वारा पुनर्वासित हो चुके हैं। कार्यक्रम में मंजुला रथ के द्वारा दिव्यांगों के इतिहास को विस्तृत रूप से बताया गया। जिसमें दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की पूरी जानकारी उन्होंने दी। सभी सहभागियों ने अपने-अपने अनुभव शेयर किए। सभी आए हुए लोगों को आने जाने का भत्ता दिया गया और शहर के एक होटल में रुकने की व्यवस्था एआईसीबी के द्वारा की गई थी। इस कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट मैनेजर सुधांशु शुक्ला व व्यवस्था एडवोकेसी ऑफिसर सुरेश चतुर्वेदी ने की और साथ में संस्था का फील्ड स्टाफ राम सिंह, अमल तिवारी, राकेश, स्नेह लता, महेश का विशेष सहयोग रहा। सभी आए हुए दिव्यांगों को एलईडी के माध्यम से नेत्रहीनों पर बनी फिल्मों का भी प्रसारण दिखाया और इस पूरे कार्यशाला में विभिन्न देशों के नेत्रहीन ऑनलाइन भी जुड़े रहे।

किसान दिवस पर सम्मानित हुए 58 किसान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को कालूपुर स्थित मन्दाकनी गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा 58 किसानों को उनके सर्वोच्च उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त किसानों को रसायनमुक्त एवं सब्जी की खेती करने के लिए जागरूक किया गया।

मानिकपुर विधायक अविनाशचंद द्विवेदी ने कहा कि स्व चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानों के उत्थान के लिये कई कानून पारित कराये गये एवं उनका जीवन किसानों के लिये संघर्षमय रहा। वर्तमान में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा किसानों की आय में वृद्धि के लिये विभिन्न हितकारी योजना संचालित कराये गये हैं। किसानों के लिये अनुदान पर बीज, खाद, यंत्र आदि समय से उपलब्ध कराया जा रहा है तथा उनको बैंक से ऋण भी दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से परम्परागत खेती ज्वार, बाजरा, कोदो सांवा, मटर आदि फसलों की खेती करने की अपील की है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिये विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।किसान भाई समय से फसल की बुवाई कर अधिक उत्पादन प्राप्त करें, जिससे उनके आय बढ़ सके।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि किसान कृषि कार्य के साथ औद्यानिक खेती, बागवानी, मत्स्य पालन, पशुपालन भी करें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।वैज्ञानिक द्वारा बताये गये नवीनतम तकनीकी अपनाकर कृषि कार्य करने के लिए किसानों से अपील की है। किसानों की समस्याओं के समाधन के लिये जनपद स्तर पर प्रत्येक माह किसानों की बैंठक कर उनके समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि किसान मौसम के अनुकूल खेती करें तथा कम पानी वालें फसलों की बुवाई करें, जिससे कम लागत में अधिक आय प्राप्त हो सके। उन्होंने किसानों से संतुलित पर्यावरण एवं सही सेहत के लिए रसायनमुक्त खेती, प्राकृतिक खेती एवं श्रीअन्न की खेती करने की सलाह दी।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि फसल उत्पाद, पशुपालन, मस्त्य पालन, औद्यानिक खेती के लिये कुल 38 किसान एवं विकासखण्ड स्तर पर 20 किसानों को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानिक किया गया।

कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल, एलडीएम अनुराग शर्मा, वैज्ञानिक राजेन्द्र सिंह नेगी,मनोज शर्मा, उत्तम सिंह आदि ने नवीनतम कृषि तकनीकी के बारे में कृषकों को जानकारी दी। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, चरण सिंह, सत्येन्द्र सिंह,भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय,सहायक निदेशक मत्स्य भानुचंद्रा चित्रकूट,अपर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार, डॉ0 रंजीत सरोज, प्राविधक सहायक सुजीत कुमार,आदित्य भदौरिया,आशुलिपिक विजय बहादुर, वरिष्ठ सहायक अरूण कुमार,राजेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह टीए,अजयपाल आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में शिक्षक समस्याओं पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस । उरई

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जालौन प्राथमिक संवर्ग की बैठक मॉडर्न एकेडमी इण्टर कॉलेज अजनारी रोड उरई में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने की व संचालन जिला महामंत्री इलयास मंसूरी ने किया। बैठक का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। बैठक में संगठनात्मक चर्चा के साथ शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई और समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव दिए गए। प्रदेशीय मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 1 जनवरी से शिक्षकों के जीपीएफ अग्रिम आहरण, विभिन्न प्रकार के अनापत्ति प्रमाणपत्र, प्रोन्नत व चयन वेतनमान की स्वीकृति, समस्त अनुशासनात्मक कार्यवाहियों व उनके विरुद्ध निर्गत कारण बताओ नोटिसों का निस्तारण, ई-सर्विस बुक संशोधन/अपडेशन संबंधी प्रकरणों का निस्तारण मानव ऑनलाइन पर ऑनलाइन मॉड्यूल के

माध्यम से आवेदन करने पर किया जाएगा।इसलिए पदाधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए। जिससे शिक्षकों की समस्या निस्तारण में तकनीकी मदद भी की जा सके।जिला महामंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों की समस्याओं को ब्लॉक इकाई के माध्यम से प्राप्त करना व जिला स्तर पर समयबद्ध निराकरण के लिए संगठन प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ब्लॉक व नगर इकाई की बैठकें निर्धारित समय पर होती रहना चाहिए। जिससे शिक्षकों की समस्याएं समय से प्राप्त होती रहें और संगठन की सक्रियता बनी रहे। कहा कि इस वर्ष प्रदेश इकाई द्वारा सदस्यता रसीदें प्राप्त होने में विलंब हुआ है, इसलिए जैसे ही रसीदें प्राप्त हों तो पदाधिकारियों की शीघ्रता से कम समय में सदस्यता के लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। बैठक में उपस्थित अन्य जिला, ब्लॉक पदाधिकारियों व शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में राकेश कुमार, राजदेवर, रमाकांत त्रिपाठी, सरला देवी, छुन्ना प्रसाद, सत्यपाल, अखिलेश, अमित यादव, अनुराधा चौधरी, राजेन्द्र सेगर, आशीष कुमार, मुहम्मद खालिद आदि मौजूद रहे।

मत पेटिकाओं में कैद हुआ बार एसोसिएशन के प्रत्याशियों का भाग्य

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए सोमवार को जिला कचहरी में मतदान हुआ । कुल 548 में से 505 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही प्रत्याशियों का भाग्य मत-पेटिकाओं में कैद हो गया ।

जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए शुरू हुई प्रक्रिया के तहत बीती 16 व 17 दिसम्बर को नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जिसमें सोमवार को जिला कचहरी में विभिन्न पदों के लिए मतदान कराया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सुरेश तिवारी, सुरेश कुमार, जगत नारायण पांडेय ,अशोक कुमार गुप्ता व रामसजीवन जीवन वर्मा मैदान में हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद

के लिए अशोक कुमार शुक्ला, शिवकुमार सिंह व सचिव पद के लिए पंकज त्रिपाठी और राजकुमार यादव के बीच सीधा मुकाबला है । कोषाध्यक्ष पद पर कामता प्रसाद रैकवार व मनमोहन चतुर्वेदी मैदान में हैं। इसी प्रकार 10 वर्ष से कम वाले कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अनूप कुमार गुप्ता, छोटेलाल राजपूत, पंकज कुमार चतुर्वेदी व रणविजय सिंह पाल चुनाव मैदान में हैं। एडवोकेट कार्उसिल के जिला प्रभारी राम प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह है, हालांकि दो वर्ष से कम वकालत प्रैक्टिस वाले 10 युवा अधिवक्ता मतदान का मौका न मिलने से निराश नजर आए।

रमाकांत बने प्रदेश अध्यक्ष, प्रेम सागर बने राष्ट्रीय महामंत्री

- यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने प्रांतीय अधिवेशन में घोषित किए नाम,सौंपे दायित्व

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) का प्रान्तीय अधिवेशन धर्मनगरी चित्रकूट में सम्पन्न हुआ।

अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरण अभियान को तेजी प्रदान करना, गत वर्ष की कार्य समीक्षा, संगठन विस्तार, एवं आगामी रणनीति तैयार करना रहा।अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में दीन दयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व भाजपा के जिला महामंत्री आलोक कुमार पाण्डेय रहे। अध्यक्षता शिवराज सिंह सिकरवार व संचालन प्रेम सागर राष्ट्रीय महामंत्री ने किया।

मुख्य अतिथि महाजन ने यूटा द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध चलाए जा रहे जन जागरण अभियान की प्रशंसा एवं सराहना की। अपने संदेश में इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और यूटा को इस दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया।

अधिवेशन में समस्त जनपदों द्वारा गत वर्ष में किए गए कार्य की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन को विस्तार देते हुए नवीन पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया।

अधिवेशन में संगठन ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और आगामी योजनाएं तैयार कीं। उपस्थित जनों ने विश्वास व्यक्त किया कि इन योजनाओं के माध्यम से वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक मजबूत लड़ाई लड़ पाएंगे।

अंत में, अधिवेशन के आयोजन में सहयोग करने वाले समस्त पदाधिकारियों और संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें नए दायित्व सौंपकर सम्मानित किया गया। अधिवेशन में प्रदेश भर से आए करीब 200 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया।जिनमें प्रेमसागर दीक्षित राष्ट्रीय महामंत्री,डॉ रमाकांत शुक्ल प्रदेश अध्यक्ष,विजय पटेल प्रदेश संयोजक,हेमंत सिंह प्रदेश महामंत्री,राजेंद्र राजपूत कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष,निरंजन चक्रवर्ती प्रदेश महामंत्री संगठन,जितेंद्र सिंह सेंगर प्रदेश उपाध्यक्ष,कुलदीप कुमार क्रांतिकारी मंडल अध्यक्ष बांदा,देशबंधु रूपउलिहा मंडल महामंत्री,राममिलन यादव मंडल अध्यक्ष झांसी,मनोज पटेल बुंदेलखंड प्रभारी,जिलाध्यक्षों में अरुण प्रजापति हमीरपुर,पवन कुशवाहा झांसी,संदीप परिहार महोबा,चंद्रशेखर सिंह प्रदेश कार्यकारिणी,उत्तराखंड के प्रभारी संजय वत्स,मध्यप्रदेश के प्रभारी प्रेमसागर आदि के नाम घोषित करते हुए नए दायित्व सौंपे गए। आयोजक ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।

होम्योपैथिक शिविर में 227 श्रद्धालुओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

आयुष विभाग के निर्देशानुसार सोमवार को चित्रकूट के भगवान कामतानाथ धाम प्रमुख द्वार आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महंत मदन गोपाल दास द्वारा महात्मा हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान कुल 227 तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। इस मौके पर डा दिलीप सिंह जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी , डा राजेश कुमार व डा मुकेश कुमार पांडेय वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, शिवम शुक्ला डी.पी.एमआयुष, बद्री प्रसाद फार्मासिस्ट व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कानपुर से झांसी की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी अंशु वर्मा 35 वर्ष सोमवार की सुबह राठ रोड़ ओवरब्रिज के नीचे से रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी कानपुर की तरफ से आ रही मालगाड़ी से टकरा गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई, और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी व आरपीएफ पुलिस टीम ने शव को कब्जे लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के पिता श्रीपत वर्मा ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह काम पर जाने की बात कहकर घर से मंडी के लिए निकला था।जीआरपी थानाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक कोटरा थाने के बरसार गांव का निवासी था। जो इंदिरा नगर में किराए के मकान में रहकर गल्ला मंडी में पल्लेदारी का काम करता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के गौर हॉस्पिटल में हुई नवजात की मौत परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस । उरई

नगर कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड़ स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज गेट नंबर दो के सामने गौरी हास्पिटल एक बार फिर चर्चा में आ गया है। जिसमें बताया गया कि सीजर आपरेशन के दो दिन बाद ही प्रसूता और उसके नवजात शिशु की छुट्टी कर देने के बाद नवजात शिशु की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर प्रसूता के पति ने सीएमओ को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

गौरव बाजपेई पुत्र स्व. सतीश चन्द्र निवासी ग्राम चितौरा ने शिकायती पत्र में बताया कि वह विगत 20 दिसम्बर को अपनी पत्नी स्वाती को प्रसव पीड़ा के दौरान शहर कालपी रोड राजकीय मेडिकल कॉलेज गेट नंबर दो के सामने स्थित गौरी हास्पिटल लेकर आया था। आरोप लगाया कि जहां गौरी हास्पिटल की डा. सुधा

गंगवार सचान ने उसकी पत्नी को भर्ती कर लिया और बाद में कहने लगी कि आपरेशन करना पड़ेगा। पीड़ित ने बताया कि आपरेशन के लिये डॉ. सुधा गंगवार सचान ने 30 हजार रुपया जमा करा लिये तथा बाद में 5 हजार रुपया की दवाई मंगवाई। इसके बाद दूसरे दिन उक्त चिकित्सक ने उससे 15 हजार रुपया जमा कराने के लिये कहने लगी, लेकिन जब उसने रुपये देने में असमर्थता जताई तो डाक्टर सुधा गंगवार सचान नाराज हो गयी और आपरेशन के दो दिन बाद 22 दिसंबर को पीड़ित की पत्नी और उसके नवजात शिशु की जांच पड़ताल किये बिना ही उनको घर ले जाने के लिये कह दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह अपनी पत्नी और नवजात बच्चे को घर लेकर चला गया। जहां रात में बच्चे की तबियत बिगड़ गयी और परिवार के लोग किसी तरह नवजात बच्चे को लेकर जालौन के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंच गये। जहां पर डाक्टर ने बताया कि आपके बच्चे को पीलिया है, इसको अस्पताल से घर नहीं लाना था। इसके बाद 23 दिसम्बर को सुबह अपने घर वालों के साथ नवजात बच्चे को लेकर गौरी हास्पिटल गया। जहां उसके बच्चे को म्रत घोषित कर दिया गया। उसने बताया कि गौरी हास्पिटल की डाक्टर सुधा गंगवार सचान ने आपरेशन के दो दिन बाद ही छुट्टी कर दी थी। इतना ही नहीं बल्कि डाक्टर द्वारा नवजात बच्चे का इलाज भी नहीं कराया और न ही उसे पीलिया होने की जानकारी दी। जिससे गौरी हास्पिटल की डाक्टर सुधा गंगवार सचान की लापरवाही के कारण उसके नवजात बच्चे की असमय मृत्यु हो गयी है। उसने सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा से कड़ी कानूनी कार्रवाई करवाये जाने की फरियाद की है। वहीं मामले को लेकर सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले के लेकर उन्होंने तीन सदस्यीय टीम बनाकर जांच सौंप दी है और जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

प्रयागराज महाकुंभ में समयदान और अंशदान पर हुआ विचार

गायत्री परिवार की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था में समयदान और अंशदान को लेकर गायत्री शक्तिपीठ मे प्रमुख कार्यकर्ताओ की बैठक सोमवार को हुई। जिसमें 151कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ, ज्योति कलश यात्रा तथा अखंड ज्योति पत्रिका विस्तार पर भी चर्चा हुई।

बैठक में गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि युग ऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने युग परिवर्तन का उद्घोष 100 साल पहले किया था । अब वह समय आ रहा है। आगामी 2026 अखंड ज्योति तथा वंदनीय माता की जन्म शताब्दी हैं। अब युग सृजन के शुभारम्भ का समय है। 2050 में नवयुग की सदी दिखने लगेगी। हम सभी लोग तैयारी मे जुट जाएं । इन कार्यक्रमों का यही उद्देश्य है।

उपजोन समन्वयक रामशंकर द्विवेदी ने विस्तार से योजना का मार्गदर्शन किया। जिला समन्वयक भवानीदिन यादव ने जिले की समग्र योजना प्रस्तुत की। इस बैठक मे सुधा तिवारी, विजय चंद्र गुप्ता, जितेंद्र सिंह, प्रमोद पटेल, शंकर दयाल त्रिपाठी, जगन्नाथ यादव, कमलेश यादव, दिनेश यादव, बाबूराम यादव, पुष्पा शर्मा, सविता तिवारी,रेखा दीक्षित,कृष्णा गुप्ता, निधि पाण्डेय ,सुधीर द्विवेदी, राजकुमार ओझा आदि मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आशा सम्मेलन सम्पन्न

गर्भवती महिलाओं की देखभाल करना आशाओं की जिम्मेदारी - डीएम

राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर में हुआ आशा बहू सम्मेलन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आशा सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर में सोमवार को सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने जिलाधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का फिडबैक भी किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से यह पता चल पाता है कि किन योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है ,इसे वर्तमान में जिलाधिकारी कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित आशाओं से कहा कि आप लोग गांव में रहती हैं। क्षेत्र में भ्रमणशील होकर कार्य करें। कहा कि आप लोगों का वेतन कम है । वह विधानसभा के सत्र में वेतन वृद्धि से संबंधित प्रश्न उठाएंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व जिलाधिकारी से कहा कि एयरपोर्ट के नीचे की ग्राम पंचायत में प्रसव से संबंधित समस्या रहती है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ददरी में भी ऐसा देखने को मिलता है , इस संबंध में व्यवस्थाएं कराए।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन एवं भारत सरकार के समन्वय द्वारा चलाए जा रहा है। सभी आशाओं का दायित्व है कि गर्भवती महिलाओं की देखभाल करें। उन्होंने कहा कि कुछ

आशाएं अपने कार्य को गंभीरता से नहीं लेती हैं । जबकि गर्भवती महिलाओं की तीन चार बार जांच होनी चाहिए ,यह नहीं हो पा रही है। कहा कि 50 प्रतिशत महिलाओं का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पता है, जो खराब स्थिति दर्शाती है । उन्होंने कहा कि भारत सरकार आप लोगों को पैसा देती है, इसलिए आप लोग को शत प्रतिशत काम करना चाहिए । उन्होंने कहा कि सही देखभाल न होने से बच्चा का वजन कम होता है एवं कुपोषित हो जाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए । महिलाओं का प्रसव जिला अस्पताल में होना चाहिए। जिससे भारत सरकार द्वारा उनका पैसा दिया जा सके,अगर वह बाहर जाती है तो उनसे अतिरिक्त 15-20 हजार अस्पताल में देना पड़ता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को रेफर ना करें, कहा कि जो बच्चा पैदा होता है उसका वैक्सीनेशन महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे छूट जाते हैं ,वह तमाम तरह की बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। कुछ आशा कार्य नहीं करती हैं जिससे कि जनपद में भी रैंकिंग खराब होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों की जांच के साथ खिलवाड़ न करें इसमें आप लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि जो आशाएं मानक के अनुरूप कार्य किया है उनको सम्मानित किया जा रहा है, कहा कि आप लोग उत्साह के साथ कार्य करें । कहा कि इसकी फीडबैक भी लिया जाता है आप लोग नौकरी न समझ कर नैतिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि आशा ही जीवन है, कहां कि स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आप लोग गर्भवती महिलाओं और बच्चों का सेवा का सराहनीय कार्य कर रही हैं। चिकित्साधिकारी तनुषा टीआर ने आशाओं को प्रथम इलाज के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि किसी को चोट लग जाती है तो उसे तत्काल साफ कपड़ों से बाधें, अगर रक्त से कपड़ा डूब जाता है तो तुरंत उसे दोबारा साफ कपड़े से बांधा जाता है। इसके पश्चात डॉक्टर के पास लेकर जाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

संसद हाथापाई मामला: हमारी ओर से नहीं हुई...

केंद्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों के बीच हुई झड़प में उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई। सीआईएसएफ संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है। सीआईएसएफ के उप... पढ़ें पेज 12 पर...

किसानों के लिए 2014 से प्रारंभ हुए प्रयास को मॉडल के रूप में ले रही दुनिया : सीएम योगी

पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती 'किसान सम्मान दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, एफपीओ, कृषि वैज्ञानिकों को किया सम्मानित, किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी
- चौधरी साहब की बातों को अंगीकार कर रही सरकार, भारत को समृद्ध बनाने के लिए अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना पड़ेगा: सीएम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस उत्तर प्रदेश में 2002 से किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। चौधरी साहब कहा करते थे कि किसान गरीब होगा तो भारत अमीर नहीं हो सकता। भारत को समृद्ध बनाने के लिए अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना पड़ेगा। इसे ध्यान में रखकर पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों के लिए 2014 से जो प्रयास प्रारंभ हुआ, दुनिया उसे मॉडल के रूप में ले रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती किसान सम्मान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत 11कृषकों को ट्रैक्टर की चाबी दी और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने साढ़े सात वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी। 14 लाख निजी नलकूपों को प्रदेश सरकार द्वारा फ्री में विद्युत उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके एवज में दो से ढाई हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष सरकार अपने पास से पैसा दे रही है। पहले से लगे ट्यूबवेल को सोलर पैनल से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकें, इसके लिए भी केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से कई पहल की गई है। सीएम ने कहा कि हमें लागत को कम करने के लिए विषमुक्त खेती की तरफ जाने की आवश्यकता है। धरती को मां कहते हैं, लेकिन इसकी सेहत का ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। हमें इसके लिए तकनीक अपनानी चाहिए, प्रशिक्षण व जानकारी लेनी चाहिए।

किसानों के मुद्दे पर चौधरी साहब का कांग्रेस से हुआ था मतभेद

सीएम ने कहा कि आजादी के बाद किसानों के मुद्दों को लेकर चौधरी चरण सिंह जी का कांग्रेस के साथ मतभेद हुआ था, लेकिन पीएम मोदी ने पहली बार किसानों को भारत के राजनीतिक एजेंडे व सरकार की प्राथमिकताा बनाने का कार्य किया।स्वॉयल हेल्थ कॉर्ड, उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने, खेती को तकनीक से जोड़ने, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से किसानों की उन्नति के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

22 वर्ष में 95 हजार करोड़, साढ़े सात वर्ष में 2.61 लाख करोड़ हुआ गन्ना भुगतान

सीएम ने कहा कि 2014 में पीएम ने कहा था कि हमें किसानों की आमदनी को दोगुना करना है। प्रदेश में 1996 से 2017 तक 22 वर्ष में कुल 95 हजार करोड़ रुपये गन्ना किसानों के खाते में गया था, लेकिन 2017 से अब तक 2 लाख 61 हजार करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा गया है। पीएम मोदी का जोर है कि लागत को कम करना व उत्पादन को बढ़ाना है और इसी के माध्यम से किसान को समृद्ध व खुशहाल कर सकते हैं।

सीएम ने की किसानों की तारीफ, बोले- प्रेरणादायी है इनका पुरुषार्थ

सीएम ने सम्मानित होने वाले किसानों के कार्यों की तारीफ की। बोले-इन किसानों का पुरुषार्थ प्रेरणादायी है। खेती घाटे का सौदा नहीं है, बल्कि ईमानदारी से कार्य करने पर इसके सुखद परिणाम आएंगे। सीएम ने एक हेक्टेयर में उच्चतम फसल उगाने वाले सफल किसानों की कहानी बताई। गोरखपुर के किसान श्याम दुलारे यादव ने एक हेक्टेयर खेती में 79 कुंतल गेहूं, रायबरेली के फूलचंद ने 44.12 कुंतल का उत्पादन किया है। जालौन के हेमंत कुमार ने 45 कुंतल मटर, सिंगार सिंह पीलीभीत ने 28.40 कुंतल, राजीव कुमार औरैया ने 44.40 कुंतल सरसो, नंदलाल पीलीभीत ने 90.20 कुंतल धान, श्रीरामबचन बहराइच ने एक हेक्टेयर में 80.64 कुंतल मक्का, श्रीरामलगन आजमगढ ने 28.40 कुंतल उड़द, मथुरा के महेश चंद ने 32.20 कुंतल उत्पादन किया है। चरण सिंह फिरोजाबाद ने 13 कुंतल तिल, काशी प्रसाद जालौन ने 13 कुंतल का उत्पादन किया है। उर्मिला देवी हमीरपुर ने एक हेक्टेयर में 42.80 कुंतल ज्वार, दीवान सिंह फिरोजाबाद ने 46.80 कुंतल बाजरा, गोरखपुर के अनिल कुमार ने 20 कुंतल कोदो, गोरखपुर के सुभाष ने 30.50 कुंतल रागी, गोरखपुर के वीरेंद्र सिंह ने 24.10 कुंतल सावा का उत्पादन किया है। सीएम ने उद्यमिता की तरफ कदम बढ़ाने वाले किसानों को बधाई दी और कृषि विभाग से कहा कि इनकी पद्धति को कृषि विज्ञान केंद्रों तक पहुंचाइए। इनके कार्यों को जानने का अवसर अन्य किसानों को मिलना चाहिए।

किसानों व अधिकारियों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री ने गेहूं में श्रेष्ठ उत्पादन करने वाले श्याम दुलारे यादव (गोरखपुर), धान के लिए नंदलाल (पीलीभीत), मक्का उत्पादन में वचन लाल (बहराइच), सरसो व राई के लिए राजीव कुमार (औरैया) को शॉल, प्रशस्ति पत्र व एक लाख रुपये देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट महिला श्रेणी में मधुमक्खी पालन के लिए राजकुमारी (लखनऊ), प्राकृतिक खेती में योगेंद्र कुमार सिंह (मीरजापुर), एफपीओ में उद्यमी महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (बहराइच), औद्यानिक खेती के लिए धर्मेंद्र कुमार सिंह (गोरखपुर), कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक हमीरपुर के डॉ. प्रशांत कुमार आदि को सम्मानित किया।

प्रदेश में लगभग सवा लाख एकड़ क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती हो रही है। इसे बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुरक्षित कर पाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार, जय देवी, देवेंद्र निम, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

हीटर और ब्लोअर का आनंद लेते धरे गए 58 बिजली चोर

कड़ाके की ठंड में सुबह 5 :00 बजे पहुंचे बिजली कर्मी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ के सर्वाधिक बिजली चोरी वाले इलाकों में कड़ाके की ठंड में हीटर एवं ब्लोअर का आनंद लेने वाले 58 बिजली चोर धरे गये। इन सभी के खिलाफ अलग-अलग टीमों ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। टीम के सदस्यों ने बताया कि जिन घरों में बिजली चोरी को पकड़ा गया, वहां पर ज्यादातर चोरी की बिजली से हीटर व ब्लोअर चल रहे थे। लखनऊ मध्य जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया कि सोमवार सुबह पांच से सात बजे के बीच बिजली चोरों के खिलाफ छापा अभियान चलाया। इनमें 272 उपभोक्ताओं के घरों की जांच की गई।

इन जगहों पर पड़ा छापा

यह छापा जगत नरायन रोड, आगामीर ड्योढ़ी, दुर्गा देवी मार्ग, मोहिनीपुरवा, मकबूलगंज, बिरहाना, कैसरबाग, यासीनगंज, अंबरगंज, ओल्ड बालागंज, सराय माली खां, तोप दरवाजा, कंघी टोला, राजाजीपुरम सी एवं डी ब्लॉक, पांडेय तालाब, बावली चौकी, बिहारी खेड़ा, नंदाखेड़ा, सहादतगंज, शंकरपुरी, फूलबाग, शिवाजी मार्ग, सरसावां, हनुमंत सिटी एवं ग्रीन सिटी आदि में इलाकों में पड़ा।

घरों में अफतातफरी मच गई

अलग-अलग टीम जब इन मोहल्लों में पहुंची तो बिजली चोरी करने वाले घरों में अफतातफरी मच गई। लोग रजाई फेंक कर कटिया हटाने में जुट गये। ऐसे लोगों की पहचान होने के बाद बिजली चोरी की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

उत्तर प्रदेश के उत्पादित आलू को अन्य प्रदेशों में विपणन हेतु आलू बायर-सेलर मीट का भुवनेश्वर में आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार किसानों की आमदमी को बढ़ाने के दृष्टिगत विभिन्न प्रदेशों में आलू बायर-सेलर मीट का आयोजन कर विपणन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आलू वायर-सेलर मीट का आयोजन 19 दिसम्बर को किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक तथा उड़ीसा के व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। प्रबन्ध निदेशक, हाफेड अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के कुशल मार्गदर्शन में आलू बायर-सेलर मीट का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। प्रदेश के आलू उत्पादकों तथा भुवनेश्वर के क्रेताओं के मध्य लगभग 8,800 मीट्रिक टन आलू का अनुबन्ध किया गया। वर्तमान में उडीसा सरकार द्वारा प्रदेश में आलू की काफी कमी का उल्लेख किया गया तथा उत्तर प्रदेश से गये आलू उत्पादक से अच्छी मात्रा में आलू क्रय करने की रूचि व्यक्त की गई।

शाइन सिटी के डायरेक्टर समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज, जमीन दिलाने का झांसा देकर लाखों ठगे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में गोमती नगर थाना पुलिस ने डायरेक्टर समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की है। जालौन के चौधरियाना निवासी शरद कुमार पिपरैचा से शाइन सिटी के डायरेक्टर पर जमीन के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप है। शरद के मुताबिक छह साल पहले उन्हें लखनऊ में मकान खरीदना था। इस पर उनके आशियाना निवासी परिचित राकेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि उनकी शाइन सिटी कंपनी के डायरेक्टर राशिद नसीम व कर्मचारियों से अच्छे संबंध हैं। वह उन्हें मकान के लिए अच्छी जमीन दिला सकते हैं।

पीड़ित ने भुगतान कर दिया

झांसे में आने पर शरद परिचित के साथ विपुलखंड स्थित कंपनी के दफ्तर पहुंचे। यहां उनकी मुलाकात राशिद से हुई। उसने व कर्मचारी राहुल ने शरद को मोहनलालगंज के गांव हलुवापुर में जमीन दिखाई। सौदा लाखों में तय हुआ, जिसका भुगतान पीड़ित ने कर दिया।

शरद ने दबाव बनाया तो राहुल ने पीट दिया

शरद जब दाखिल खारिज के लिए आवेदन करने मोहनलालगंज तहसील पहुंचे तो पता चला कि कंपनी ने जो जमीन बेची है कोर्ट उस पर पहले ही रोक लगा चुकी है। पीड़ित ने जब कर्मचारी राहुल शर्मा से बात की तो उसने खुद से दो माह में दालिख खारिज कराने का आश्वासन देते हुए 10 हजार ऐंठ लिए। समय बीतने पर दाखिल खारिज नहीं होने पर शरद ने दबाव बनाया तो राहुल ने उन्हें पीट दिया।

लोगों से भी लाखों की ठगी

पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हीं की तरह अन्य लोगों से भी लाखों की ठगी की है। शरद का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने गोमतीनगर पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने कोर्ट की शरण ली। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक डायरेक्टर राशिद नसीम, राकेश और राहुल पर केस दर्ज किया गया है।

कार्यकर्ता की मौत मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दर्ज कराया बयान, प्रदर्शन के दौरान हुई थी मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी विधानसभा के घेराव के दौरान एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हुई मौत मामले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को लखनऊ के हुसैनगंज थाने में पहुंचे और अपना बयान दर्ज करवाया। बीते मंगलवार को कांग्रेस ने यूपी विधानसभा के घेराव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोरखपुर के एक युवा कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत हो गई थी। मामले में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष ने बयान दर्ज करवाया। इस मौके पर उनके साथ सांसद किशोरी लाल शर्मा, सांसद राकेश राठौर, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, निवर्तमान प्रदेश महासचिव प्रभारी संगठन अनिल यादव भी कोतवाली पहुंचे। इसके पहले शुक्रवार को पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वादी और प्रभात के चाचा मनीष पांडेय भी मौजूद रहे। पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय में सील किए गए कमरा नंबर 30 को खोला और कर्मचारियों से पूछताछ की। दफ्तर के कर्मचारियों ने बताया कि प्रभात को परेशानी होने पर कमरे में गद्दे पर लिटाया गया था। पुलिस ने सभी के बयान दर्ज किए। मामले की जांच एसआईटी कर रही है। शुक्रवार को पुलिस ने मनीष से प्रभात का फोन अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस प्रभात के मोबाइल फोन का डाटा खंगाल रही है। मैसेज और चैट की मदद से यह पता लगाया जा रहा है कि वह किसके कहने पर कांग्रेस दफ्तर गए थे। अभी तक की पड़ताल में पुलिस प्रदर्शन मे बुलाने वाले के बारे में पता नहीं लगा सकी है।

यह है मामला

प्रदर्शन में आए प्रभात बुधवार शाम को कांग्रेस दफ्तर में बेहोश मिले थे। सिविल अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। प्रभात के चाचा गोमतीनगर के विज्ञान खंड निवासी मनीष ने हुसैनगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभात एमिटी यूनिवर्सिटी के सामने पीजी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

एक्सप्रेस खबरें...

सामाजिक एकता में अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान विषयक संगोष्ठी आज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान एवं भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर युवा साहित्य प्रतिभा सम्मान के तहत युवा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन कल 24 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से तथा 'सामाजिक एकता में अटल बिहारी बाजपेयी का योगदान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन सायं 03 बजे से न्यू हैदराबाद स्थित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के आडिटोरियम में किया जाएगा।

'कृषकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना' हेतु 136.45 लाख स्वीकृत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने दुग्ध विकास के अंतर्गत आच्छादित संस्थाओं के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षण दिए जाने हेतु कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक करोड़ छत्तीस लाख पैतालीस हजार मात्र की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की है। यह धनराशि 31 जनपदों के लिए जिला योजना एससीपी के तहत स्वीकृत की गई है। दुग्ध विकास विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। योजना के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन एवं स्वीकृत धनराशि के नियामानुसार व्यय के संबंध में जनपद मैनपुरी, आगरा, मेरठ, झांसी, जालौन उरई हमीरपुर, बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुरखीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज. प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, गोण्डा एवं बहराइच के दुग्धशाला विकास अधिकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी आहरण वितरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अनावासीय भवनों हेतु 1634.56 लाख स्वीकृत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत प्रदेश के 33 जनपदों में 96 पशुचिकित्सालयों के अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में सोलह करोड़ चौंतीस लाख छप्पन हजार मात्र की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। इन भवनों का निर्माण जनपद अमरोहा, अयोध्या, बागपत, बलरामपुर, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, चन्दौली, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, कानपुर नगर, कुशीनगर, संतकबीरनगर, शामली, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर तथा उन्नाव में किया जायेगा।

त्रिपुरा में मंत्री आशीष पटेल और कपिल देव अग्रवाल ने किया रोड-शो, दिया महाकुंभ का निमंत्रण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार द्वारा प्रयागराज महाकुंभ 2025 के प्रचार अभियान के तहत त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में भव्य रोड-शो का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और सांस्कृतिक समूहों ने भाग लिया। यह रोड शो भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और महाकुंभ के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावशाली माध्यम बना। उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और महाकुंभ 2025 के महत्व एवं तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।मंत्री आशीष पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। यह आयोजन न केवल धर्म और संस्कृति को पुनर्स्थापित करता है, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस आयोजन को दिव्य, भव्य और अद्वितीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने महाकुंभ को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता का भी द्योतक है।

नाली निर्माण में ग्राम प्रधान घटिया मटेरियल के साथ लगवा रहे पीला ईंटा

- अच्छे मटेरियल का स्टीमेट, घटिया मटेरियल व पीला ईंटा का प्रयोग कर लाखों रुपए गोलमोल कर, कर रहें बंदरबांट
- जन एक्सप्रेस की टीम ने जब इस प्रकरण को अधिकारियों के संज्ञान में लाया तो, आनन-फानन मौके से हटाए गए पीले ईंटें

जन एक्सप्रेस। अभिमन्यु कुमार रावत

लखनऊ। सरकार चाहें जितने भी प्रयास कर लें की ग्रामीण क्षेत्र में भेजे गए विकास कार्य के पैसों का ग़लत इस्तेमाल ना हो, फीर भी ग्राम प्रधान क्षेत्रीय अधिकारियों से सांठगांठ कर कोई ना कोई तरीका अपना ही लेते हैं। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत प्यारेपुर का मजरा डिघिया गांव का खेरवा जिसे कालोनी के नाम से जाना जाता है जहां संतोष बाबा के घर से तुलसी यादव के घर तक ग्राम प्रधान श्रीमती निर्मला देवी व उनके पति संजय यादव की देख-रेख में नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस नाली निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल के साथ-साथ पीला ईंटा का भी उपयोग किया जा रहा है, सूत्र अच्छे मटेरियल का स्टीमेट घटिया मटेरियल से बन रही नाली ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी, पर इन सब से इन लोगों का कोई मतलब नहीं है, इन्हें तो बस सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य के लिए भेजे गए पैसों का गोलमोल कर बंदरबांट कर अपनी जेब भरना है। जब जन एक्सप्रेस की टीम ने अधिकारियों से जानकारी कर प्रकरण अधिकारियों के सामने लाया तो अधिकारियों ने प्रकरण में कार्यवाही की बात कहीं। ग्राम प्रधान ने आनन-फानन मौके पर रखे पीले ईंटें को हटवाकर दूसरे ईंटे मंगवाएं, इस कृत्य से यह समझा जा सकता है कि किस तरह से ग्राम प्रधान की प्रधानी भ्रष्टाचार में लिप्त है।

क्या कहते हैं संबंधित अधिकारी

- मेरी जानकारी में नहीं है मैं खुद जाकर चेक करती हूं - सचिव प्रियंका गुप्ता
- दिखवा कर अभी रुकवाता हूं - बीडीओ सरोजनी नगर

उत्तर प्रदेश के उत्पादित आलू को अन्य प्रदेशों में विपणन हेतु आलू बायर-सेलर मीट का भुवनेश्वर में आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार किसानों की आमदमी को बढ़ाने के दृष्टिगत विभिन्न प्रदेशों में आलू बायर-सेलर मीट का आयोजन कर विपणन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आलू वायर-सेलर मीट का आयोजन 19 दिसम्बर को किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक तथा उड़ीसा के व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। प्रबन्ध निदेशक, हाफेड अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के कुशल मार्गदर्शन में आलू बायर-सेलर मीट का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। प्रदेश के आलू उत्पादकों तथा भुवनेश्वर के क्रेताओं के मध्य लगभग 8,800 मीट्रिक टन आलू का अनुबन्ध किया गया। वर्तमान में उडीसा सरकार द्वारा प्रदेश में आलू की काफी कमी का उल्लेख किया गया तथा उत्तर प्रदेश से गये आलू उत्पादक से अच्छी मात्रा में आलू क्रय करने की रूचि व्यक्त की गई। इस आयोजन के फलस्वरूप प्रदेश के आलू उत्पादक का उडीसा के क्रेताओं से अच्छा तालमेल हो गया है, जिससे वर्तमान वर्ष में तथा भविष्य में भी अच्छी मात्रा में प्रदेश में उत्पादित आलू को उड़ीसा के बाजारों में बिक्री हेतु भेजा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि देश में कुल उत्पादन का 30-35 प्रतिशत आलू का उत्पादन उ0प्र0 में होता है। प्रदेश में लगभग 240 लाख टन आलू का उत्पादन होता है। विगत वर्षों में हाफेड द्वारा अन्य प्रदेशों में आलू बायर-सेलर मीट का आयोजन किया गया था, जिसके फलस्वरूप आलू उत्पादकों को वर्तमान वर्षों में काफी अच्छी दरें प्राप्त हो रही है।आलू बायर-सेलर मीट में उडीसा सरकार की ओर से निदेशक उद्यान निखिल पवन कल्यान, महाप्रबन्धक एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड श्रीमती दमयन्ती तथा सहायक निदेशक उद्यान सहित उत्तर प्रदेश के प्रगतिशील आलू उत्पादक एवं उड़ीसा के व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । अमेठी

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत व पूर्व जिलाधिकारी अमेठी सेवानिवृत्ति आईएएस राम मनोहर मिश्र की उपस्थिति में कार्यशाला संपन्न हुई। जिला स्तरीय कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग,जल निगम,पंचायती राज,स्वास्थ्य विभाग,विद्युत,कृषि, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में किए गए बेहतर कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाधिकारी राम मनोहर मिश्र ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर वर्तमान सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह का आयोजन किया

जा रहा है।सुशासन का अर्थ है,पारदर्शी,उत्तरदाई न्याय संगत शासन।उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के काल में भी सुशासन की व्यवस्था थी।सुशासन में किसी भी व्यक्ति को शारीरिक कष्ट,मानसिक कष्ट व आर्थिक कष्ट ना हो,सभी लोग स्वस्थ रहें इसी को सुशासन कहा जाता है।वर्तमान सरकार इसी सपने को सार्थक करने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं जन सामान्य के लिए संचालित की हैं।हम लोगों का उत्तरदायित्व है कि उन योजनाओं को पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से उन पात्र लोगों तक पहुंचाएं जो सही में इसके हकदार हैं।उन्होंने सुशासन को लेकर कहा कि नागरिकों के अधिकारों और उनके कर्तव्यों के बारे में उनको जागरूक करना भी सुशासन का ही पार्ट है।तहसील दिवस,जनता दर्शन,थाना दिवस, आइजीआरएस पोर्टल तथा अन्य विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली जन सामान्य की शिकायतों को सिर्फ सुन लेना ही नहीं,बल्कि उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना भी सुशासन है। सभी अधिकारी पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करें।सरकार के डिजिटलाइजेशन के कार्य से हम सब घर बैठे अपने कई कार्य कर सकते हैं।सूचना का अधिकार के तहत हम किसी भी कार्यालय से सूचना प्राप्त कर सकते हैं।इससे पारदर्शिता तो आई ही है साथ में भ्रष्टाचार पर भी काफी हद तक विराम लगा है।स्वच्छ भारत मिशन सरकार द्वारा चलाया गया इस अभियान को लेकर लोगों में काफी जागरूकता आई है।लोग इधर-उधर कूड़ा कचरा ना फेंक कर डस्टबिन में डाल रहे हैं।और अपने आसपास साफ सफाई भी रख रहे हैं।

कार्यशाला में जिलाधिकारी निशा अनंत ने कहा कि हम सभी लोग शासन की योजनाओं को जनसामान्य तक पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के साथ ही उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें।तथा अपने दायित्वों व कर्तव्यों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें।यही सुशासन है। कार्यशाला के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,बीएसए संजय तिवारी, डीपीआरओ मनोज त्यागी,ईडीएम अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान सम्मान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में सोमवार को भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस,मिलट्स कार्यशाला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी,जिलाधिकारी निशा अनंत व पूर्व जिलाधिकारी अमेठी राम मनोहर मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया।साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर किसान गोष्ठी में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं डीएम ने जनपद के 36 प्रगतिशील किसानों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।जिनमें 12 कृषि विभाग के, 8 मत्स्य विभाग के, 8 किसान सम्मान निधि के एवं 8 पशुपालन विभाग के शामिल हैं।मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक कार्यक्रम संचालित किए हैं। और किसानों की आर्थिक आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं।उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी कैसे दोगुनी हो इसके लिए बहुत सारे कदम उठाए गए हैं।किसान मेले में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी किसानों को कृषि के साथ-साथ बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन कर अपनी आय में वृद्धि करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों कृषि,उद्यान,पशुपालन मत्स्य,समाज कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी,शिक्षा, स्वास्थ्य आदि द्वारा अपने विभाग में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए।किसान मेले में कृषि विभाग में संचालित उत्तर प्रदेश श्रीअन्न मिलट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी एवं मिलट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा स्टाल लगाकर मिलट्स श्रीअन्न से संबंधित पकवान मेले में उपस्थित किसान बंधुओ के समक्ष प्रस्तुत किया गया।इसके साथ ही किसान मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी,जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सोम प्रकाश तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनपद के किसान उपस्थित रहे।

बदमाशों ने युवक पर चलाई ताबड़तोड़ गोलियां, हालत नाजुक

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के महम्मदपुर गांव में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।रविवार देर शाम जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के महम्मदपुर गांव निवासी अनीत प्रताप सिंह दरवाजे पर खड़ा होकर मोबाइल पर बात कर रहा था।तभी अचानक एक कार में सवार बदमाश वहां पहुंचे।और उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में अनीत के हाथ और पैर में गोली लगी।गंभीर रूप से घायल अनीत को परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया।जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। और जांच शुरू कर दी।शुरुआती जांच में यह बात सामने आई कि घायल युवक अनीत प्रताप सिंह को गोली उसके ही दोस्तों ने मारी है। मुसाफिरखाना सीओ के मुताबिक परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। गोलीकांड के बाद महम्मदपुर गांव में दहशत का माहौल है।स्थानीय लोग सहमे हुए हैं।और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाएगी।सूत्रों के मुताबिक घायल अनीत प्रताप सिंह का इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा है।

राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक/बालिका टेबल टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिला खेल कार्यालय, पं0 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, रायबरेली 20 से 22 दिसम्बर 2024 तक राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक/बालिका टेबुल टेनिस की चल रही, जिसमे कि प्रदेश के सभी मण्डलों से आये हुऐ बालक / बालिका वर्ग इस प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल का परिणाम के बारे में बताया है कि इस खेल प्रतियोगिता में मण्डीय टीम में प्रयागराज प्रथम एवं लखनऊ द्वितीय तथा तृतीय कानपुर बालक वर्ग में रही

बालिका वर्ग में मण्डलीय टीम में लखनऊ प्रथम, प्रयागराज द्वितीय, एवं कानपुर तृतीय रही। फाइनल मैच का परिणाम इस प्रकार रहा एकलवर्ग बालक वर्ग

प्रथम-मंडल आर्यन कुमार प्रयागराज द्वितीय-मण्डललक्ष्य कुमार लखनऊतृतीयमण्डलसूर्या गोयल लखनऊयुगलवार्ग बालक वर्गप्रथमरितेशवरिशभआगराहॉस्टलद्वितीयसूर्या व लक्ष्य लखनऊ तृतीयआर्यनव प्रत्यक्ष प्रयागराज एकलवर्ग बालिकावग 'प्रथम अनोखी केशरी वाराणसी द्वितीय शालिनी देवी प्रयागराज तृतीय शौम्या वाराणसी युगलवार्गबालिकावर्गप्रथमशौम्या व अनोखी वाराणसीद्वितीय इशिता रावत व शालिनी देवी प्रयागराजतृतीय स्वाती व वर्तिका लखनऊक्रीडाधिकारी ने बताया कि इस प्रतियागिता के निर्णायक रहे 1-आरिफ नियाजअन्तर्राष्ट्रीय अम्पायर सुल्तानपुर 2-निशा पटेल वाराणसी 3-आर्दश वाराणसी 4-बालकृष्ण मिर्जापुर 5-प्रशान्त मिश्रा लखीमपुर खीरी 6-प्रभात मिश्रा - लखीमपुर खीरी 7-बुसरा-सुल्तानपुर 8-पूजा- सुल्तानपुर 9-अर्पिता-वाराणसी आदि रहे प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि निर्मीय मित्रा अवैतनिक सचिव,

उ0प्र0, टेबिल टेनिस संघ लखनऊ द्वारा किया गया प्रतियोगिता के दौरान अत्याधिक गणमान्य लोग उपस्थित होकर मैच का आन्नद लिया। सुनील जोशी, पूर्व सेवानिवृत्त प्रभारी क्षेत्रीय कीडाधिकारी, आगरा सुश्री पूनमलताराज कीडाधिकारी प्रतापगढ़, अर्जवर खेल विभाग उ0प्र0, लखनऊ, आरिफ नियाज अन्तर्राष्ट्रीय अम्पायर सुल्तानपुर, राजेश सिंह, सचिव टेबिल टेनिस संघ रायबरेली, अश्वनी त्यागी, उपकीडाधिकारी, शामली, लक्ष्मी कान्त शुक्ला जिला ओलम्पिक संघ, रायबरेली, अजय कुमार चन्देल, जिला कीडा सचिव, जिला विद्यालय रायबरेली राजीव अग्रवाल, जिला बैडमिन्टन सचिवरायबरेली प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रतियोगिता का सम्पूर्ण संचालन धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तक, कीडाधिकारी, जिला खेल कार्यालय, रायबरेली के द्वारा खिलाड़ियों को खेल के प्रति उत्साह बढ़ाया एवं बढ़िया खेल प्रर्दशन करने हेतु प्रेरित किया इस भव्य प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु श्री मुकेश कुमार उपकीडाधिकारी बाबूलाल मन्जू नरेश कुमार निषादपिन्कू कुमार, अश्वनी चन्द्रा शोएब खान किरन कुमारी, लीना सिंह कोच द्वारा सहयोग प्रदान किया गया साथ विभाग की ओर से दिये गये दिशा-निर्देशो तथा उच्चाधिकारियों के अनुपालन में प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया प्रतियोगिता के अवसर पर वरिष्ठ खिलाडी गण उपस्थित रहे प्रतियोगिता और अन्त में कीडाधिकारी रायबरेली ने प्रतियोगिता में आये हुऐसमस्त खिलाडियों एवं आगन्तुको दर्शकों का आभार प्रकट किया।

चौ0 चरण सिंह राजनेता के साथ कुशल प्रशासक थे-इं0 वीरेन्द्र यादव

सपा कार्यालय में चौ. चरण सिंह की जयन्ती किसान दिवस के रूप में मनायी गयी

जन एक्सप्रेस । अमेठी

रायबरेली समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न किसानो के मसीहा चौ0 चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि चौ0 चरण सिंह ने जीवन भर किसानों की खुशहाली के लिए काम किया। चौधरी साहब का मानना था देश की खुशहाली का रास्ता खेत खलिहानों से होकर गुजरता है देश के अन्तिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान तभी आयेगी जब देश में प्रधानमंत्री की कुर्सी पर किसान का बेटा बैठेगा। चौधरी साहब उ0प्र0 के मुख्यमंत्री देश के गृहमंत्री व प्रधानमंत्री तक के पद पर रह कर देश की सेवा की वे एक सफल राजनेता के साथ कुशल प्रशासक भी थे। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ

समाजवादी नेता ओ0पी0 यादव ने कहा कि चौधरी साहब की नीतियों, जय प्रकाश नारायण डा0 लोहिया बाबा साहब, भीम राव अम्बेडकर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के विचारों को पी0डी0ए0 के सूत्र में पिरोकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगे बढ़ रहे है। इस अवसर पर सपा के पूर्व अध्यक्ष आर0पी0 यादव, उपाध्यक्ष, मो0 हसीन, राजेश मौर्य, समाजवादी पिछड़ा वर्ग के प्रांतीय सचिव, दिनेश यादव, व्यापार सभा के अध्यक्ष संदीप शुक्ला, छात्र सभा के अध्यक्ष शिवम् लोहिया, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष अजय यादव, सचिव शिव नरायन सोनकर, जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र यादव, सुरजीत यादव, अनुज बरवारी मो0 मुशीर, जिला सचिव डा0 अर्जुन यादव, बलराज राना जसवन्त प्रधान, अजय धुरंधर लाल मोहम्मद आदि लोगों ने चौधरी साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गोष्ठी का संचालन महामंत्री अरशद खान नें किया।

मानव समाज के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण: सत्रोहन सोनकर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

शिक्षा व्यापक रूप से मानव समाज के विकास और प्रगति का महत्वपूर्ण कारक है, जो कि मानव समाज के विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है शिक्षा न केवल ज्ञानार्जन का साधन है बल्कि यह समाज के न्याय समानता और विश्वसम्मतता को प्राप्त करने का माध्यम भी है। शिक्षित लोग समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हैं और सामरिकता संप्रेम एवं सद्भाव की स्थापना करते हैंउक्त उद्गार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने डिवाइन प्रोविडेंस स्कूल में आयोजित खीस्त जयन्ती समारोह के दौरान कही कार्यक्रम की शुरूआत फादर एडवर्ड गोवियस द्वारा प्रस्तावना तथा प्रार्थना के साथ हुआ, कार्यक्रम में सेन्ट पीटर्स स्कूल के प्रधानाचार्य फादर रेजिनाल्ड डिसूजा भी उपस्थित रहे डिवाइन स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष शत्रोहन को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

डीएम ने किसान सम्मान दिवस/किसान मेला एवं जैविक बाजार व मिलेट्स गैलरी का फीता काटकर कर किया उदघाटन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर कृषि भवन, बस्तेपुर रोड, गोरा बाजार, रायबरेली में आयोजित किसान सम्मान दिवस/जैविक मेले एवं जैविक बाजार व मिलेट्स गैलरी का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ कर अवलोकन किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि जैविक बाजार स्थापित करने का उद्देश्य यह है कि जनपद के गंगा नदी के किनारे पाँच विकास खण्डों में नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत गठित जैविक क्लस्टरों के कृषकों द्वारा उत्पादित जैविक अनाज, जैविक दालें, जैविक फल एवं सब्जियों तथा अन्य जैविक उत्पाद जनपद वासियों को सुलभ हों, प्रयास यह किया जा रहा है कि जैविक खेती करने वाले किसानों को उनके उत्पाद का वाजिब कीमत मिल सके और उपभोक्ताओं को भी प्रमाणित जैविक उत्पाद मुनासिब दाम पर मिल सके। इसी दौरान जिलाधिकारी ने कृषि भवन में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का

अवलोकन कर कार्यो की जानकारी ली इसके पश्चात जिलाधिकारी ने आयोजित किसान सम्मान दिवस का दीप प्रज्ज्वलित कर व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के आयोजित किसान मेले में कृषि व कृषकों से सम्बन्धित सरकार की जितनी भी योजनाएं संचालित है, उनका प्रदर्शन किया गया है। जिससे किसान उसका अवलोकन कर लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि कृषि योजनाओं, उत्पादों और कृषि, यंत्रों के प्रयोग के प्रति कृषकों को जागरूक करें। कृषि यंत्रों, बीजो, उत्पादों, जैविक खादों के बारे में जितना अधिक लोगों को जानकारी प्राप्त होगी वे उसका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाधय ने कहा कि सरकार की कृषकों के लिये आ रही योजनाओं का लाभ लेकर नई नई तकनीकी को सिखकर किसान अपने उत्पादन को बढ़ाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं, इसीलिए किसान मेले में आये सभी कृषकगण किसान मेला का अवलोकन कर जागरूक हों तथा उसका लाभ उठाये उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा स्व0 चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय के साथ उनके द्वारा किये गये कार्यो पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कृषि विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद के तीन किसानो को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चना में अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले किसान को प्रदेश में प्रथम व तृतीय पुरस्कार तथा धान में द्वितीय पुरस्कार दिया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषि विभाग के 4 प्रथम व 4 द्वितीय, उद्यान विभाग से 3 प्रथम व 3 द्वितीय, पशुपालन विभाग से 3 प्रथम व 3 द्वितीय एवं मत्स्य विभाग से 3 प्रथम व 3 द्वितीय कुल 26 कृषकों को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद स्तर पर डिजिटल कॉप सर्वे योजनान्तर्गत खरीफ 2024 में जनपद स्तर एवं तहसील स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक, राजस्व एवं पंचायत विभाग के 31 कर्मचारियों को जनपद में प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा तहसील स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र अंगवस्त्र एवं नकद धनराशि देकर सम्मानित किया।

गृहमंत्री द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान देश के इतिहास में दर्ज हुआ: पंकज तिवारी

जन एक्सप्रेस । 000

रायबरेली जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तिलक भवन में एक प्रेस वार्ता के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा की 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सत्तारूड भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है भाजपा हमेशा के लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ता इस बार तो हद ही पार कर दी संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी अडानी मनीपुर संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई समता समानता और न्याय के डॉक्टर अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई सत्ता पक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की यही नहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी उन्होंने बताया अमित शाह ने कहा कि अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल जाता आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया और

बैसाखी की सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया लेकिन बीजेपी यह खीझ अब संविधान निर्माता पर निकल रही है बाबा साहब का अपमान किया गया है लेकिन दुख की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने की बजाय आरोप प्रत्यारोप की राजनीति को तेज कर दिया कांग्रेस समेत नेता प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह से इस्तीफा की मांग की है लेकिन मोदी सरकार डॉक्टर अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्का मुक्की की गई पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया बीजेपी ने षड्यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई बीजेपी और उसकी मात्र संख्या हमेशा से डॉक्टर अंबेडकर और संविधान विरोधी रही है इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया बल्कि इससे पहले डॉक्टर अंबेडकर को चुनाव हरवाया था कांग्रेस डॉक्टर अंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफा की मांग पर अटल है जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर लालगंज नगर पंचायतअध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता राकेश सिंह राना वीरेंद्र यादव लीगल सेल के अध्यक्ष अमरीश बाजपेई महताब आलम प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सीडीओ ने खुरपका–मुंहपका टीकाकरण अभियान के पांचवें चरण का किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण (एन0ए0डी0-सी0पी0) योजनान्तर्गत गोवंशीय एवं महिषवंशीयमेंएफ0एम0डी0-सी0पी0 खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान के पांचवें चरण का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा विकास भवन रायबरेली में मोबाइल वेटरनरी यूनिट चिकित्सा वाहन एवं सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया है। उन्होंने बताया कि गोवंशीय एवं महिष वंशीय पशुओंमेंखुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण व बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए 45 दिवसीय सघन टीकाकरण अभियान 23 दिसम्बर 2024 से 05 फरवरी 2025 तक जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों सहित शहरी नगर पंचायतों में विकास खण्ड स्तरीय उप मुख्य/पशु चिकित्सा अधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीकाकरण टीमों द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम में चार माह से छोटे पशुओं और आठ माह के गर्भित पशुओं को खुरपका मुंहपका रोग का टीका नहीं लगाया जाएगा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि यह बीमारी जुगाली करने वाले पशुओं के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है। यह अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणु जनित रोग है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में पशुओं को तेज बुखार तथा मुंह मसूड़े, जीभ के ऊपर, नीचे ओठ के अंदर का भाग, खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं, जिनमें संक्रमण बढ़ने से धीरे-धीरे यह दाने आपस में मिलकर बड़ा छाला बनाते हैं, जिससे पशु जुगाली करना बंद कर देता है तथा रस्सी की तरह लार टपकने लगती है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण ही बचाव का प्रमुख उपाय है तथा बीमारी ग्रस्त पशुओं के घाव एंटीसेप्टिक विलयन से धोने एवं साफ-सफाई रखने पर लाभ मिलता हैराष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एन0ए0डी0सी0पी0) के तहत टीकाकरण से पूर्व पशुओं की ईयर टैगिंग किया जाएगा। पशुपालकों का नाम, आधार कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर आदि अंकित कर, हर दिन टीकाकरण की रिपोर्ट भेजी जाएगी। वर्तमान में जनपद रायबरेली में लगभग 8 लाख गोवंशीय एवं महिष वंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जायेगा।

अटल बिहारी वाजपेयी नाइट विस्तार केंद्र...
सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिले संजय सिंह गंगवार...

▶ शेष पेज 10 पर...

मेयर मैडम ने 125 साल पुराने शिव मंदिर को खुलवाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर शहर की मेयर साहेबा प्रमिला पांडे इस वक्त एक्शन मोड में नजर आ रही है। सोमवार को मुस्लिम बाहुल्य कर्नलगंज की सकरी गली में लगभग 125 वर्ष पुराने शिव मंदिर को खुलवाने के लिए पहुंची। मंदिर के गेट पर ताला लगा था जिसे ईद से तोड़ा गया। लोग अंदर पहुंचे तो देखा कि मूर्तियां टूटी हुई पड़ी थी।

शिवलिंग गायब हो चुका है। मंदिर का ताला खोलने के बाद आसपास के तमाम लोग दर्शन के लिए पहुंचे। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि अब इस मंदिर में रोज पूजा होगी। यह करीब 32 सालों से बंद पड़ा था।

आपको बताते चलें इससे पहले शनिवार को पुलिस फोर्स की मौजूदगी में महापौर ने बेकनगंज में बंद पड़े पांच मंदिरों को कब्जा मुक्त कराया था। उन्होंने कब्जा करने वालों से कहा था कि कब्जा खाली कर दो वरना मत कहना की अम्मा ने नहीं बताया था।

32 वर्ष पहले मंदिर में हुई थी तोड़ फोड़ तब से बंद पड़ा मंदिर

बीते दिन सोमवार को मेयर प्रमिला पांडे फोर्स के साथ करनैलगंज शिशु मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने ताला तुड़वाकर शिव मंदिर को खुलवाया। अंदर जाकर हालत देखी तो हैरान रह गई। मंदिर के अंदर मौजूद सभी मूर्तियां खंडित अवस्था में थी। यहां लक्ष्मी गणेश विष्णु जी की मूर्ति के सर गायक थे। नंदी बाबा की प्रतिमा गायक थी। इसके अलावा अन्य मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया था। लोगों ने बताया कि करीब 32 वर्ष के बाद इस मंदिर को दोबारा खोला गया है। 1992 में अयोध्या में बाबरी विध्वंस के बाद सांप्रदायिक दंगे हुए तभी यह मंदिर बंद कर दिया गया था।

सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार नगर निगम कराएगा

मेयर प्रमिला पांडे ने बताया कि मंदिर के अंदर शिवलिंग के डिजाइन जमीन पर मिली है लेकिन शिवलिंग पूरी तरह नदारत था। अब इस मंदिर को खोलकर विधिवत पूजा अर्चन कराया जाएगा। नगर निगम से इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

मंदिर खुलने के बाद क्षेत्रीय लोगों व महिलाओं ने माथा ठेका

कर्नलगंज में बंद पड़े मंदिर के खुलने के बाद क्षेत्रीय लोगों एवं महिलाओं का दर्शन करने के लिए ताता लग गया। कर्नलगंज में शिव मंदिर जहां पर मौजूद है वहां पुरी तरह मुस्लिम आबादी है। मंदिर खुलने से हिंदू लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मंदिर खुलते ही बड़ी संख्या में हिंदू परिवार के लोग मंदिर के दर्शन करने के लिए पहुंचे। महिलाओं ने माथा टेका कहा कि अब रोज मंदिर में पूजा करने आएंगे।

सवाल यह कि अब तक क्यों नहीं खुला मंदिर ?

समझने वाली बात यह है कि बीते 32 वर्षों से भगवान भोलेनाथ का यह स्थान बंद पड़ा हुआ था। लेकिन इससे पहले ना तो जिला प्रशासन के लोग इस मंदिर को खुलवाने पहुंचे और ना ही जिले का कोई भी अधिकारी इस मंदिर झांकने तक पहुंचा था। मेयर साहेबा की इस पहल से कानपुर वासियों में खुशी की लहर है।

आईआईटी कानपुर के 1109 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आईआईटी कानपुर के 2024-25 बच के लिए केंपस प्लेसमेंट का पहला चरण समाप्त हो चुका है। यह चरण 1 से 15 दिसंबर तक चला। पहले चरण के प्लेसमेंट अभियान में विभिन्न उद्योग में 1109 ऑफर दिए गए। इनमें से 1035 अपार छात्रों द्वारा स्वीकार कर दिए गए। इस उपलब्धि में केंपस प्लेसमेंट और फ्री प्लेसमेंट ऑफर पीपीओ दोनों शामिल हैं। इस वर्ष के पहले चरण के प्लेसमेंट की बात करें तो 28 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में प्लेसमेंट मिला है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 27त्न की वृद्धि हुई है। इस चरण में कोर उद्योगों में प्लेसमेंट की वृद्धि देखने को मिली है। पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग से उल्लेखनीय योगदान दिया। जिसमें बीपीसीएल इस श्रेणी में शीर्ष भारती करता के रूप में उभरा है।

250 से अधिक कंपनियां हुई शामिल

आईटी कानपुर में प्लेसमेंट सत्र के पहले चरण के दौरान 250 से अधिक कंपनियों ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया है। इसमें बीपीसीएल, एनपीसीआई, डेटा ब्रिक्स, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, औरासेल, इंटेल, क्वालकॉम, टैक्सास इंस्ट्रूमेंट, इनकॉरपोरेटेड, मीशो, शिपको रेट, रिलायंस, मेरिल लाइफ, ड्यूश बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, अमेरिकन एक्सप्रेस, एसएलबी, मिक्रान, कार 24, और डिफेक्ट्स आदि कंपनियां शामिल थी।

नौकरी प्राप्त करने वाले छात्रों को डायरेक्टर ने दी बधाई

आईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मणीनदर अग्रवाल, ने कहा कि आईआईटी कानपुर को प्लेसमेंट सत्र के पहले चरण के दौरान अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है। अंतर्राष्ट्रीय अवसरों सहित बड़ी संख्या में ऑफर हमारे छात्रों के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को दर्शाते हैं। मैं प्लेसमेंट सत्र के पहले चरण में नौकरी प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई देता हूं और प्लेसमेंट के दूसरे चरण की तैयारी कर रहे छात्रों को शुभकामनाएं देता हूं।

गोविंदपुरी स्टेशन के नए बोल्डर रहित ट्रैक पर चली ट्रेनें, लिया गया ट्रायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गोविंदपुरी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बना बोल्डर (गिट्टी) रहित ट्रैक सोमवार से चालू हो गया। सुबह मालगाड़ी को कॉशन लेकर निकाला गया। दोपहर और शाम के समय तीन लंबी दूरी की ट्रेनें झांसी और दिल्ली की ओर रवाना हुईं। इस दौरान ट्रेनों की गति करीब 30 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। स्टेशन पर पिछले करीब सवा महीने से प्लेटफार्म नंबर एक के ट्रैक पर कार्य चल रहा था। यहां पर बने बोल्डर ट्रैक को हटाकर सीमेंटेड किया गया। इसका उपयोग वॉशिंग एप्रेन की तरह किया जा सकेगा। ट्रैक को साफ करना आसान रहेगा। ट्रेनों की धुलाई और सफाई ट्रैक पर ही हो सकेगी। ट्रैक के किनारे पर पानी की लाइन भी डाली गई। इसका उपयोग ट्रेनों में पानी भरने के लिए होगा।

सोमवार की सुबह झांसी की ओर से जूही यार्ड की ओर जा रही मालगाड़ी प्लेटफार्म नंबर एक से गुजरी। रेलवे के तकनीकी स्टाफ ने इसका जायजा लिया। दोपहर और शाम को तीन ट्रेनें गईं। बता दें कि महाकुंभ के दौरान काफी संख्या में ट्रेनें गोविंदपुरी स्टेशन से होकर जाएंगी। इसकी वजह से स्टेशन पर चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अभी ट्रैक की निगरानी जारी रहेगी। ट्रेनें कॉशन लेकर ही निकाली जाएंगी।

गोविंद नगर पुल से किशोरी ने कूदने का किया प्रयास, ट्रैफिक पुलिस के सिपाही ने बचाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सोमवार को कानपुर शहर में एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। एक किशोरी गोविंद नगर पुल से छलांग लगाकर जान देने का प्रयास किया। लेकिन ट्रैफिक पुलिस के सिपाही और राज्यों ने उसे ऐसा करने से रोक लिया। किशोरी बुरी तरह से रो रही थी। उसे गोविंद नगर थाने ले जाया गया। वहां पर उसने अपने पिता और अपना नाम तो बताया मगर कुछ और बताने को तैयार रही थी। दोपहर तक पुलिस उसके घर का पता मोबाइल नंबर और घटना का कारण जानने के लिए किशोरी से पूछताछ करती रही।

घटनाक्रम के मुताबिक सोमवार दोपहर लगभग 1:00 बजे एक किशोरी ने गोविंद नगर पुल पर चलकर नीचे कूदने का प्रयास किया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने आनन-फानन में उसे कूदने से रोक लिया। पल के नीचे ही ट्रैफिक पुलिस सिपाही ड्यूटी पर तैनात था। वह भी तत्काल मौके पर पहुंच गए किशोरी बुरी तरह से रो रही थी। रोती हुई किशोरी लोगों से हाथ छुड़ाने का प्रयास कर रही थी। वह कह रही थी कि मुझे छोड़ दो जाने दो। वह लोगों से लगातार हाथ छुड़ाने का प्रयास कर रही थी। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि किशोरी को गोविंद नगर थाने ले जाया गया। जहां पर उससे पूछताछ में अपना नाम अंजली रामानी बताया। अंजलि 17 साल की है उसके पिता का नाम आशीष प्रसाद है। एडीसीपी के मुताबिक जब किशोरी से उसके घर का पता और परिवार वालों का मोबाइल नंबर पूछा गया तो उसने बताने से इनकार कर दिया। फिलहाल अभी तक किशोरी के आत्महत्या करने के पीछे की वजह का पता नहीं चल सका है।

श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बुंदेलखंड क्षेत्र भाजपा कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की। बैठक में भाजपा के सभी पदाधिकारी, मॉनिटरिंग टीम के सदस्य, और क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रकाश पाल ने बताया कि 25 दिसंबर को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस वर्ष यह आयोजन विशेष होगा, क्योंकि इसे अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

दिल्ली कार्यक्रम

25 दिसंबर को दिल्ली में अटल जी के समाधि स्थल पर प्रातः 8:30 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और केंद्रीय मंत्रीमंडल के अन्य सदस्य श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देशभर में बूथ स्तर तक किया जाएगा।

बूथ स्तर पर आयोजन

सभी बूथों पर अटल बिहारी वाजपेयी जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुष्पांजलि दी जाएगी। बूथ स्तर पर सुशासन दिवस का लाइव प्रसारण कार्यकर्ता अपने परिवार सहित देखेंगे। केंद्रीय टीम द्वारा चयनित दो कविताओं का वाचन युवा प्रतिभागी करेंगे। बूथ पर अटल जी के योगदान पर चर्चा और उनके साथ काम कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

मंडल स्तर पर आयोजन

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों पर सुशासन यात्रा निकाली जाएगी।

यात्रा के बाद चौपाल लगाकर अटल जी और मोदी सरकार की किसान व विकास योजनाओं पर चर्चा होगी।

जिला स्तर पर प्रदर्शनी

अटल जी के जीवन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन जिले के मंत्री, सांसद, और वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी एक सप्ताह तक जारी रहेगी, जिसमें सभी वर्गों को आमंत्रित किया जाएगा। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी श्री अनूप अवस्थी ने बताया कि अटल जन्म शताब्दी समारोह 2024-25 को व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता और क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, पवन प्रताप सिंह, सोशल मीडिया के क्षेत्रीय संयोजक हर्ष द्विवेदी, आलोक शुक्ला, पवन पांडे ऋषभ शुक्ला, जितेंद्र सचान, राम सिंह चंदेल, अर्शी सुल्ताना, रश्मि श्रीवास्तव, आदित्य शुक्ला, आशुतोष दीक्षित सहित क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं मॉनिटरिंग टीम के सदस्य मौजूद रहे।

केस्को कर्मी को डिजिटल अरेस्ट कर 1.25 लाख ठगे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साइबर ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बता चकेरी में रहने वाले केस्को कर्मी को डिजिटल अरेस्ट कर 1.25 लाख रुपये की ठगी कर ली। चकेरी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दहेली सुजानपुर सिद्धार्थनगर निवासी रूप नारायण ने बताया कि 19 दिसंबर को उन्हें कई नबंरों से व्हॉट्सप और मोबाइल पर फोन आए। इसमें फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। कहा कि आपका घूसखोरी का वीडियो वायरल हो रहा है। आपकी नौकरी चली जाएगी। बचना है तो बताए गए नंबर पर 43 हजार रुपये डाल दो। उन्होंने घबरा कर फोन पे के जरिए, ठग के बताए खाता नंबर पर रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी ठगों ने कई बार फोन करके उनसे करीब 1.25 लाख रुपये ठग लिए। लगातार रुपयों की मांग करने पर उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा कानपुर नगर के तत्वाधान में महर्षि दयानंद के अद्वितीय शिष्य, शुद्धि आंदोलन के अग्रणी नेता, गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के उन्नायक और समाज के गौरव अमर बलिदानी स्वामी श्रद्धानंद जी का 98वा बलिदान दिवस सोमवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो आर्य कन्या इंटर कॉलेज गोविंद नगर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में नगर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं -छात्र तथा सभी आर्य समाजो के पदाधिकारी शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए सभा प्रधान चन्द्र कान्ता गेरा ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी मानवता के प्रकाश स्तंभ ,एक निर्भीक सन्यासी थे।उन्होंने आर्य शिक्षा पद्धति पुनः स्थापित कर मैकाले की शिक्षा- नीति का करारा जबाव दिया।चाँदनी चौक में संगीनों के सामने सीना खोलकर अंग्रेजी पुलिस को गोली चलाने के लिए ललकारा था।स्वामी श्रद्वानंद ने भारत को लोक अदालतों का विचार दिया।स्वामी श्रद्धानंद जी भारत में शुद्धि आंदोलन चलाने वाले पहले महान व्यक्तित्व थे। जनसभा के पश्चात कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही। जिसमें आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं स्वामी श्रद्धानंद एवं महर्षि दयानंद का रूप धारण कर भगवा वस्त्र में दो घोड़ियों पर सवार होकर आर्य समाज की पताका लिए सबसे आग चल रही थी। इसके पीछे एक बालिका भारत माता बनकर बग्घी पर सवार रही। आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बैंड पर सुंदर धुन निकाल सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महर्षि दयानंद विद्यालय दीपपुर, आदर्श नेताजी सुभाष विद्यालय कृष्णानगर, कामद सरस्वती इंटर कॉलेज विश्व बैंक बर्रा, विश्व भारती ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज गोविंद नगर, सरस्वती शिशु विधा मंदिर आदि विद्यालयों के बच्चों एवं सनातन संगम गोबिन्द नगर ने शोभायात्रा में सहभागिता की। बच्चे वेद की ज्योति जलती रहे, स्वामी श्रद्धानंद अमर रहे, आर्य समाज की जय आदि के नारे लगा रहे थे।

आर्य कन्या की छात्राओं ने पूरी शोभायात्रा में विश्व पर्यावरण की शुद्धि का मुख्य कार्य यज्ञ संपारित किया। स्त्री आर्य समाज गोविंद नगर की महिलाएं शोभायात्रा में ऋषि गाथा के भजन गाते हुए चल रही थी। युवा मोटरसाइकिलो पर ओम ध्वज लेकर सवार थे।

जगह जगह व्यापारियों एवं जनता ने शोभा यात्रा का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। संचालन आनन्द आर्य ने किया। शोभा यात्रा व जनसभा में प्रमुख रूप से सन्तोष वेदालंकार,प्रधान चन्द्र कान्ता गेरा,आनन्द आर्य, अशोक आनन्द, सुरेन्द्र गेरा, प्रकाश वीर आर्य, डा.वीना आर्य, सुभाष आर्य, पार्षद नवीन पंडित, डा.उमेश पालीवाल, प.राम कुमार पाठक, श्रुतकीर्ति वेदरत्न, उदयवीर सिंह, वीरा चोपडा, आदि रहे।

भाइयों ने मकान का झांसा देकर हड़पे 8 लाख

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रेल बाजार थाना क्षेत्र में एक मकान बेचने का झांसा देकर सगे भाइयों ने?8 लाख रुपए हड़प लिए। मामले में पुलिस पीड़ित की एक भी बात सुनने को तैयार नहीं है। मामले में पीड़ित ने डीपी पूर्वी किया पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। डीपी के आदेश के बाद रेल बाजार थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक सजात गंज के रहने वाले पीड़ित मोहम्मद अजहर के मुताबिक किदवई नगर निवासी आरोपी सगे भाई आरिफ निजाम और आसिफ निजाम से उसकी पुरानी जान पहचान है। उन्होंने शुजातगंज स्थित 132 वर्ग गज के मकान की बिक्री की बात कही। भाइयों ने कहा कि उन्हें रूपों की जरूरत है। इसी कारण मकान का सौदा कर रहे हैं। मकान की कीमत 60 लाख रुपए आंकड़े के साथ ही सौदा तय हुआ। इस आवाज में उन्होंने कुछ सरकारी औपचारिकताओं, नामांतरण व कुछ रह रहे किराएदार को खाली करने आदि के लिए वर्ष 2020 में 8 लाख रुपए दिए थे। जिनका एग्रीमेंट भी हुआ था। काफी समय बीतने के बाद उन्होंने मकान का बैनामा नहीं किया। फिर दबाव बनाने पर टाल मटोल करते रहे। पीड़ित ने बताया कि इसके कुछ समय बाद पता चला कि दोनों आरोपी भाइयों ने वह मकान किसी अन्य व्यक्ति को बेंच दिया है। यह बात जब उनसे पूछी तो उन्होंने गालियां देकर धमकाना शुरू कर दिया। कहां की अगर रकम वापस मांगी तो तुम्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा। फिलहाल मामले में रेल बाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित से दस्तावेज लाने के लिए कहा है।

ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज के छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर के छात्र-छात्राओं ने सिख वेलफेयर सोसाइटी द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादों की शहादत की स्मृति में जीटी रोड से लेकर बालाजी चौराहे तक मानव श्रंखला का निर्माण किया।

इस अवसर पर नर सेवा नारायण सेवा न्यास के अध्यक्ष मा.अवध बिहारी मिश्रा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने धर्म-संस्कृति एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने पुत्रों का बलिदान दिया। गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को नमन करते हुए यह आयोजन शहर के विभिन्न 300 से अधिक स्थानों पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सन् 2011 में सिख वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संकल्प लिया गया था कि इस दिवस को %वीर बाल दिवस% के रूप में मनाया जाए। उनके इस संकल्प को पूरे प्रदेश और संपूर्ण देश में सम्मान मिला। इस प्रकार से शहादत वाले दिन 26 दिसंबर को केंद्र सरकार द्वारा %वीर बाल दिवस% के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गई। पूरे विश्व में इस हफ्ते चार साहबजादों के बलिदान को समर्पित अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। अभी थोड़े दिन पहले ही उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी उत्तर प्रदेश के वाइस चेयरमैन गुरविंदर सिंह छाबड़ा ने मुख्यमंत्री से भेंट की तथा इन चार साहबजादों के बलिदान को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए जाने का आग्रह किया ताकि छात्र-छात्राएं उनके बलिदान से प्रेरणा ले सकें। इसके साथ ही अपने गौरवपूर्ण इतिहास से परिचित हो सकें। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने आश्वासन भी दिया है। आज विश्व में जिस प्रकार का वातावरण बन गया है, उसमें इस प्रकार के कार्यक्रम, जो स्वाभिमान को जगा सकें, आयोजित किए जाने आवश्यक हैं। जिससे संपूर्ण विश्व में सुख एवं शांति की स्थापना हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राममिलन सिंह, डॉ. गिरीश कुमार मिश्र, सिख वेलफेयर सोसाइटी की ओर से गुरविंदर सिंह छाबड़ा विक्की, डॉ. मनप्रीत सिंह, चरनजीत सिंह छाबड़ा, अजय बाजपेई, के.सी. लाला, जगमोहन सिंह परिहार, ओम नारायण त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, डॉ. हेमंत मोहन, संजय सिंह शिक्षकगण व अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य उपस्थित रहे।

सर्दी में शराब-सिगरेट के ओवरडोज से दिमाग खो रहा होश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शराब और सिगरेट का ब्रेन अटैक से सीधा संबंध है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के न्यूरो साइंसेस विभाग में आए ब्रेन अटैक के 250 रोगियों के ब्योरे का अध्ययन किया गया तो पता चला कि इनमें 117 रोगी ऐसे थे जो शराब या सिगरेट पीते थे। 41 दोनों का सेवन करते थे। इन रोगियों में कई ऐसे थे जिनको डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की भी समस्या थी। न्यूरो साइंसेस विभाग में दो साल में ठंड के दौरान आए 30 से 55 साल आयु वर्ग के रोगियों की लाइफ स्टाइल और खानपान के ब्योरे का अध्ययन किया गया है। अध्ययन में पता चला कि ठंड दूर करने के लिए लोग शराब दोगुना और सिगरेट तीन गुना पीने लगते हैं। 250 में 52 रोगी ऐसे थे जो शराब पीते थे और 65 रोगी सिगरेट का सेवन करते थे। 98 रोगियों को डायबिटीज, 125 को ब्लड प्रेशर की समस्या थी। 72 को दोनों दिक्कतें थीं। न्यूरो साइंसेस विभाग के प्रमुख डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि रोगियों के अध्ययन में ब्रेन अटैक के चार कारण मुख्य निकले।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी का किया विरोध

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी पर की गई आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर चल रहे आंदोलन की कड़ी को आगे बढाते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर पूरे देश में राष्ट्रव्यापी हो रहे बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च के अंतर्गत शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर कल दिनांक 24 दिसंबर 2024 को सुदर्शन नगर, चुन्नीगंज (घंटे वाले मंदिर के सामने से) डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ होगा। जिसमें सामाजिक समरसता और न्याय की लड़ाई लड़ने वाले तमाम संगठन के लोगों को आमंत्रित किया गया है और जिसके अंतर्गत आज शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर ने शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी तथा सभी संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक कर सभी को जिम्मेदारी दी गई है प्रत्येक वार्ड से लोग पहुंचेंगे एवं आने वाले दिनों में प्रत्येक दलित बस्तियों में बाबा साहब सम्मान जनसभा व पंचायत का आयोजन किया जाएगा तथा वार्ड स्तर पर जुलूस निकाले जाएंगे इसके उपरांत शहर स्तर का एक बहुत बड़ा बाबा साहब सम्मान समर्पित करते हुए दलित स्वाभिमान सम्मेलन किए जायेगा और इसको केंद्र सरकार की दूषित मानसिकता और संविधान को समाप्त करने की साजिश के विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से दिलीप शुक्ला मनीष बाजपेई एडवोकेट लल्लन अवस्थी दिलशाद अहमद उपेंद्र अवस्थी एडवोकेट अफजाल अहमद चंद मोहम्मद जावेद रामजी दुबे एडवोकेट विशाल सोनकर आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत-नैली, विकास खंड-अकबरपुर, जनपद-अम्बेडकर नगर

पत्रांक : मेमो/पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक : 22.12.2024

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत नैली, विकास खंड अकबरपुर में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 24-25 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 24-12-2024 से 27-12-2024 तक प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक **27-12-24 को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं :-

क्र.	परियोजना का नाम	अनुमानित लागत	सामग्री का ब्यौरा
1.	ग्राम पंचायत में राम नवल पाल के घर से राजपाल के घर तक मिट्टी एवं खड़ंजा निर्माण कार्य।	3 लाख	मिट्टी, गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री
2.	हरिराम के घर से रतीलाल के घर से होते हुए इंद्रेश के घर तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य।	2 लाख 50 हजार	गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री

नियम व शर्तों का विवरण :-

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3- फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6- प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

आकाश वर्मा
ग्राम प्रधान

अमरजीत शर्मा
ग्राम पंचायत सचिव

▸ पढ़ें पेज 12 पर...

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

मनु की रचना नहीं उनकी स्मृति में लिखी गई कृति है मनुस्मृति

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने जाति के जन्म और विकास पर गहन विवेचन विश्लेषण किया था। उन्होंने कोलम्बिया विश्वविद्यालय न्यूयार्क में 9 मई 1916 के दिन एक लिखित भाषण दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने 1993 में 'डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर लेख व भाषण' (खंड 1) प्रकाशित किया था। इस पुस्तक में न्यूयार्क वाला भाषण संकलित है। सम्पादक मण्डल ने भूमिका (पृष्ठ 14) में 'भारत में जातियाँ' शीर्षक देकर लिखा है, डॉ. अम्बेडकर के अनुसार भारतीय प्रायद्वीप के एक छोर से दूसरे छोर तक लोगों को सांस्कृतिक एकता ही एक सूत्र में बाँधती है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी मनुस्मृति लेकर सदन में गए। मनुस्मृति के हवाले से तमाम छोटी बातें की। वे इतिहास बोध से नहीं जुड़ते। आखिरकार इन मनु का परिचय क्या है? ऋग्वेद वाले मनु या शतपथ ब्राह्मण वाले मनु? हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के या मनु का। मानव का अर्थ भी यही है-मनोः अपत्याम मानवः। संस्कृत विद्वान डॉ. सूर्यकान्त बाली ने ऐसे तमाम उद्धरण देकर मनुज को मनु की सन्तान बताया है। मनुज, मनुष्य या मानव मनु के विस्तार हैं। कालगणना की बड़ी इकाई है मन्वन्तर। इसके पहले छोटी इकाई है युग। सत्युग, त्रेता, द्वापर और कलयुग चार युगों को जोड़कर महायुग बनता है। 31 महायुग का जोड़ मन्वन्तर है। हरेक मन्वन्तर में एक मनु हैं। मन्वन्तर दो मनुओं के बीच का अन्तर काल है। अब तक अनेक मनु हो चुके हैं। एक मनु ऋग्वेद में हैं। ऋग्वेद के ऋषि ने मनु को पिता कहा है। हरेक मंगल कार्य में आगे-आगे चलते हैं। शतपथ ब्राह्मण में वर्णित मनु जलप्रलय में वे मछली की सहायता से अकेले ही बच निकले थे। मनु ने ही सृष्टि बीजों की रक्षा की थी। अथर्ववेद वाले मनु भी ऐसे ही हैं और मत्स्य पुराण वाले मनु भी। जयशंकर प्रसाद की 'कामायनी' में भी इन्हीं मनु का वर्णन है। भारतीय काव्य, पुराण और वैदिक मन्त्रों में विस्तृत मनु हमारी राष्ट्रीय स्मृति के रहस्यपूर्ण प्रतीक हैं। मनु की स्मृति में लगभग 2000 वर्ष पहले एक ग्रन्थ रचा गया मनुस्मृति। मनुस्मृति की भाषा वैदिक संस्कृत छन्दस में नहीं है। मनुस्मृति के श्लोक व्याकरण के अनुशासन में हैं। व्याकरण का अनुशासन पाणिनि ने तय किया। मनुस्मृति की संस्कृत ऋग्वेद-अथर्ववेद के बाद की है। श्लोकों की रचना में भाषा का आधुनिक प्रवाह है। 2000 वर्ष पहले का इतिहास बहुत प्राचीन नहीं है। इसके 500 बरस पहले बुद्ध हैं। मनुस्मृति मनु की रचना नहीं है। यह मनु की स्मृति में लिखी गई किसी अन्य विद्वान की कृति है। वैसी ही जैसी गांधीजी की स्मृति में लिखी कोई पुस्तक है। गांधी का लिखा साहित्य उपलब्ध है इसलिए हम गांधीजी की स्मृति में लिखे गए ग्रन्थों व गांधी द्वारा लिखे गए साहित्य में फर्क कर लेते हैं। मनु ने स्वयं कोई पुस्तक लिखी नहीं। ऋग्वेद में मनु सम्बन्धी विवरण ऋषियों के हैं। शतपथ ब्राह्मण या पुराणों के मनु विषयक उल्लेख अन्य रचनाकारों के हैं। जल प्रलय कवि कल्पना या छोटी घटना नहीं थी। इसका उल्लेख बाईबिल में है, कुरान में भी है। चीन की कथाओं में है। यूनान के भी कथा सूत्रों में है। जल प्रलय में अकेले बचे मनु ने कोई ग्रन्थ लिखा नहीं। वे मनुस्मृति के लेखक नहीं हैं। मनुस्मृति के कतिपय अंश वर्ण विभेदक हैं। इसी आधार पर मनुस्मृति की निन्दा होती है। इसी किताब को लेकर मनु को गालियाँ दी जाती हैं। मनु पर जाति व्यवस्था को जन्म देने के आरोप लगाए जाते हैं। बेचारे मनु इस आरोप का उत्तर या स्पष्टीकरण देने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वे तब भी उपलब्ध नहीं थे, जब मनुस्मृति की रचना हुई। इस विषय पर कुछ भी बोलने वाले मनुवादी कहे जाते हैं। मैं प्रतीक्षा में हूँ कि मुझे मनुवादी वगैरह कहा जाय। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई भी एक व्यक्ति वृहत्तर भारतीय समाज को जाति-पांति में विभाजित करने की शक्ति से लैस हो सकता है? क्या समाज उसके आदेशानुसार जातियों में बँट जाने को तैयार था? क्या उसके आदेशों के सामने पूरा समाज विवश था? वह मनु हों या कोई भी शक्तिशाली सम्राट? क्या एक व्यक्ति ऐसा कार्य करने में सक्षम हो सकता था? क्या शक्तिसम्पन्न तानाशाह, राजा या बादशाह ऐसी व्यवस्था लागू करने में सक्षम हैं? ऐसे प्रश्नों का उत्तर है, नहीं।

एक्सप्रेस आलेख

यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

उपभोक्ताओं को मिले त्वरित न्याय

योगेश कुमार गोयल

पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें।

देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के

उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है।

बार 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया। ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	नवमी 19:51 तक
नक्षत्रः	हस्त 12:11 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	मंगलवार
योगः	शोभना, 20:50
सूर्योदयः	07:10
सूर्यास्तः	17:24
चंद्रमाः	कन्या राशि में
राहुकालः	14:50-16:07
विक्रमी संवत्ः	2081
शक सम्वतः	1946
मासः	पौष
शुभ मुहूर्तः	11:56-12:37

जन एक्सप्रेस

मैदान दिया उतार !

है सियासी मायने ।
मैदान दिया उतार ।।
चढ़ा राजनीतक पारा ।
और कई कतार ।।
लाभ लेने खातिर ।
जोर है लगाया ।।
कर देना वो चुकता ।
जो है अभी बकाया ।।
गुणा गणित करके ।
कर लिया तैयार ।।
टिक जाएंगे लंबा ?
या होंगे फरार ।।
उठापटक तो चल रही ।
मौके की तलाश ।।
होड़ न होगी खत्म ।
बने रहना खास़ ।।



\- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

महंगाई की मार और चुनावी नेताओं का प्यार। आम आदमी चिल्ला रहा है महंगाई की मार से बिलबिला रहा है अनाज हो गए गरीबों की पहुंच से बाहर गरीब आदमी ने कई दिनों से खाई नहीं दाल राहर। उधर लहसुन बरपा रहा है 150 रुपये पाव में कहर, देखो फिर से आ गई सब्जियों में महंगाई की लहर। सब्जी पहुंची फलों के भाव सेठ दिखा रहा है गरीबों को ताव, जनता हो गई खर्च कर कर के फकीर टूट गई उनकी किस्मत की लकीर। अब फिर चुनाव आकर चले गए हैं नेता फिर से वायदों की खेप देकर रफूचक्कर हो गए हैं कहते हैं हमारा मसीहा आएगा दूध, फल, सब्जी को भी जनता तक आसानी से पहुंचाएगा, यह अनाज के बदले मांगने आए हैं वोट, दे जाएंगे चुनाव में झूठे वादों की चोट।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

जीवन वह नहीं है जिसकी आप चाहत रखते हैं अपितु यह तो वैसा बन जाता है, जैसा आप इसे बनाते हैं

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

ठंड में शरीर को गर्म रखने के लिए डाइट में शामिल करें ये 5 रेसिपी, बीमारियों से भी होगा बचाव

सर्दी के मौसम में सेहतमंद रहना के लिए जरूरी है कि आप अपने खान-पान का खाय ध्यान रखें। दरअसल, सर्दियों में खांसी, जुकाम और बुखार की समस्या के कारण बच्चों से लेकर बड़ें सभी परेशान रहते हैं। ऐसे में ठंड से बचने के लिए जरूरी है कि आप खुद को गर्म कपड़े से ढक कर रखें और खाने पीने में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। इतना ही नहीं सर्दियों के मौसम में अपने शरीर को गर्म रखने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ ऐसी रेसिपिज को भी शामिल कर सकते हैं, जो आपको ठंड से बचाने और आपके शरीर को गर्माहट देने में मदद कर सकते हैं।

रागी दलिया सूपः रागी की तासीर गर्म होती है, इसलिए सर्दियों के मौसम में खाने के लिए ये एक हेल्दी विकल्प है। आप रागी को दलिया के रूप में भी खा सकते हैं। रागी दलिया बनाने के लिए सबसे पहले आप 2 बड़े चम्मच रागी का आटा, 2 कप पानी, स्वादानुसार गुड़ और दूध भी ले सकते हैं। रागी के आटे को थोड़े से पानी के साथ मिलाकर इसे अच्छी तरह फेंटे ताकि इसमें कोई गांठ न रह जाएं। इसके बाद एक बर्तन में पानी उबालें और तैयार पेस्ट उसमें डाल दें और धीमी आंच पर गाढ़ा होने तक पकाएं। जब आपकी दलिया तैयार हो जाए तो इसमें गुड़ और दूध डालकर 1

मिनट और पकने दें।

बोन ब्रोथ सूपः बोन ब्रॉथ में कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करने और मौसमी बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। बोन ब्रॉथ बनाने के लिए आप चिकन या मटन की हड्डियां लेकर अच्छी तरह साफ कर लें। फिर इन्हें 4 कप पानी में 2 लहसुन, 1 इंच अदरक, नमक, काली मिर्च, जीरा, प्याज, टमाटर और अन्य जड़ी-बूटियों को डालकर कम से कम 4 घंटे तक उबालें। फिर इसे छान लें और गर्मागर्म परोसें।

लहसुन वाला दूधः सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए आप अपनी डाइट में लहसुन वाला दूध भी शामिल कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए 1 कप दूध में 1/2 कप पानी और 2 से 3 कुचली हुई लहसुन की कलियों को डाल दें। फिर इसमें आप स्वादानुसार गुड़ या शहद और हल्दी भी डालकर अच्छी तरह उबालें और गर्मागर्म पिएं।

हर्बल कषायमः हर्बल कषायम आपके शरीर को गर्म रखने और ठंड के मौसम में सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या से राहत दिलाने में काफी फायदेमंद होता है। इसे बनाने के लिए आप 5 तुलसी के पत्ते, 1/2 चम्मच काली मिर्च, 1/2 चम्मच जीरा, 1 इंच अदरक, 1 पान का पत्ता, गुड़ और 2 कप पानी लें। पानी में सभी सामग्रियों को डालकर तब तक उबालें जब तक पानी आधा न रह जाए। इसके बाद पानी को छानकर अलग कर लें और गर्मा-गर्म पिएं।

जौ का पानीः सर्दी के मौसम में आप अपने शरीर को गर्म रखने के लिए जौ का गर्मागर्म पानी भी पी सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप 2 चम्मच जौ को 4 कप पानी में 10 तक उबाले और फिर पानी को दूसरे बर्तन में छानकर उसमें नींबू का रस मिला लें और गर्मा गर्म पिएं।

निष्कर्षः सर्दियों के मौसम में शरीर को गर्म रखने और ठंड के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए आप इन 5 रेसिपी को ट्राई कर सकते हैं। इन्हें बनाना भी आसान है, और बड़ों से लेक बच्चे सभी की सेहत के लिए ये फायदेमंद होता है।

एक्सप्रेस विशेष

किसानों की बुलंद आवाज़ थे चौधरी चरण सिंह

रमेश सर्राफ धमोरा

आज किसानों की हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानों को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था।

इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है। अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वे कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़ने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हें 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे-से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितों, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी। किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था।

लखीमपुर खेल महोत्सव अंतर्गत गुरुनानक इंटर कॉलेज में हॉकी का आयोजन हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। सोमवार को लखीमपुर खेल महोत्सव अंतर्गत गुरु नानक इंटर कॉलेज में हॉकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा किया गया। हॉकी का पहला मुकाबला गुरु नानक इंटर कॉलेज बनाम अजमानी इंटरनेशनल बी के साथ हुआ जिसमें गुरु नानक इंटर कॉलेज ने 4 गोल से विजय प्राप्त की। दूसरा मुकाबला राजकीय पद्धति विद्यालय टीम ए और टीम बी के मध्य हुआ जिसमें टीम ए चार गोल से विजई हुई। हॉकी का तीसरा मुकाबला गुरु नानक स्कूल एकेडमी बी और सी के मध्य हुआ। जिसमें टीम बी चार गोल से विजय रही। हॉकी का चौथा मुकाबला स्टेडियम ए और स्टेडियम बी के मध्य हुआ। जिसमें स्टेडियम ए दो गोल से विजई हुई।

वही बैडमिंटन की प्रतियोगिता में हुए मैच में सजल मोहन, कार्तिकेय बरनवाल, अर्पित पांडे, रिचा, अर्पित वर्मा नितया राजवंशी, अनामिका यादव, गौरी शुक्ला, कृतिका कनौजिया, अर्पित राठौड़, अंश वर्मा, अनिल सिंह, रति शुक्ला, शौर्य वर्मा, प्रदीप कुमार, यशवंत कुमार, संस्कार रस्तोगी, गौरी सिंह चौहान, सुहानी, शुभम वर्मा, प्रबल राजन, आर्यन पटेल, अनिल गुप्ता, अमित कुमार, मानसी तिवारी, कुलदीप कुमार, दिव्य प्रताप सिंह, अनक गुप्ता, विवान बरनवाल व अरनव सिंह ने अपने अपने मुकाबले में जीत हासिल की।एथलेटिक्स एथलेटिक्स बालक वर्ग की 800 मीटर रेस में प्रथम स्थान गुलाब सिंह, द्वितीय स्थान सत्यम, व तृतीय स्थान दिलीप ने प्राप्त किया। 18 वर्ष से अधिक आयु की एथलेटिक्स स्पर्धा में इजरायल ने प्रथम, सनी कुमार द्वितीय, सौरभ कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 18 गर्ल्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अनुष्का प्रजापति ने प्रथम, अन्यया चौरसिया ने द्वितीय, व व्याख्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग 18 वर्ष से अधिक की एथलीट प्रतियोगिता में मोहिनी देवी ने प्रथम अस्मिता राज द्वितीय, व मानसी राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जम्पिंग महोत्सव में आयोजित लॉन्ग जंप बालिका वर्ग 18 वर्ष से अधिक आयु में प्रथम स्थान दीपांशी, प्रजापति द्वितीय स्थान रोली मिश्रा, व तृतीय स्थान शिल्पी ने प्राप्त किया। 18 वर्ष से नीचे आयु वर्ग में अंबिका ने प्रथम काजल द्वितीय, व मालती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं बालक वर्ग के 18 वर्ष की आयु से नीचे में अभिषेक मौर्य प्रथम, सुमित कुमार द्वितीय, व विवेक कुमार तृतीय रहे। लॉन्ग जंप के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उदित ने प्रथम, जितेंद्र ने द्वितीय, व रोहन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्तकिया। एथलेटिक्स में आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं में 100 मीटर रेस में 18 वर्ष से कम बालक वर्ग में रोमिल कनौजिया प्रथम सुमित सिंह द्वितीय बृजेश कुमार नृत्य स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में ईरान सिद्धि की ने प्रथम दीपांजलि ने द्वितीय वी अंबिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान उदित द्वितीय स्थान महेश कुमार तृतीय स्थान कपिल धुरिया ने प्राप्त किया। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की बालिका रेस में लखविंदर कौर प्रथम शीतल द्वितीय रिया शुक्ला तृतीय स्थान को अपने नाम किया। 200 मीटर रेस बालक वर्ग में 18 वर्ष से कम आयु में आएं बाग ने प्रथम पीयूष ने द्वितीय व अभिनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी रेस बालिका 18 वर्ष से कम आयु में दीपांजलि ने प्रथम शबनम द्वितीय काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर से अधिक बालक वर्ग में महेश कुमार प्रथम आशुतोष मौर्या द्वितीय तृतीय स्थान युवराज गौतम ने प्राप्त किया।

200 मीटर 18 वर्ष से अधिक आयु बालिका वर्ग में सिमरन और प्रथम शीतल द्वितीय नैंसी दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग 18 वर्ष से कम आयु में अयान विवेक प्रथम बृजेश कुमार द्वितीय पर नितिन वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया 18 वर्ष से कम आयु बालिका वर्ग में अन्य चौरसिया प्रथम सृष्टि वर्मा द्वितीय अर्चना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में बालक में मोहम्मद नफीस प्रथम सौरभ कुमार द्वितीय व प्रहलाद तृतीय स्थान पर रहे वहीं बालिका वर्ग में लखविंदर कौर प्रथम नैंसी दीक्षित द्वितीय व शिल्पी ने

तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रमों के इस अवसर पर महोत्सव में पालिका अध्यक्ष डॉक्टर इराश्रीवास्तव, क्रीड़ा भारती से कपिल श्रीवास्तव कनिष्क बरनवाल व आशीष सिंह चौहान उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत चफंदी में सार्वजनिक शौचालय अपनी बदहाली की सुना रहा दास्ता

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

ग्राम पंचायत चफंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार पर जिम्मेदार मौन प्रधान सेक्रेटरी सिर्फ किस तरह से पैसा आये इस पर जोर रहता है जिस कारण ग्राम पंचायत विकास के नाम से अछूती है ग्राम पंचायत में चोक नालियों की वजह से जल भराव की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम पंचायत में सुलभ शौचालय की स्थित ऐसी है कि आदमी शौचालय तो दूर उसके करीब खड़े होने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है शौचालय में लगे दरवाजे जब बंद नहीं होते हैं तो उसमें शौच के लिए किस तरह जाय शौचालय में लगी सीट पूरी तरह से भर चुकी है सफाई कर्मी गांव में गुलरी के फूल की तरह गांव में कभी-कभार दिख जाए तो बड़ी बात है शौचालय में भीषण गंदगी की वजह से संक्रमण का खतरा बना रहता है जिससे बीमारियों का खतरा बना रहता है ग्राम वासियों द्वारा जब प्रधान जी से शिकायत की जाती है तो प्रधान जी इस कान से सुन कर उस कान से निकाल देते हैं उन्हें ग्राम वासियों की समस्याओं से कुछ नहीं लेना देना चुनाव के टाइम हाथ जोड़कर गांव की हर समस्या का निदान करना और हमारी जीत आपकी जीत है करके मूर्ख मनाने के सिवा कुछ नहीं है ग्राम वासी अपनी समस्याओं को लेकर कहां जाएं अगर उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हैं तो आख्या भी उन्हीं के पक्ष में लगा दी जाती है उक्त शौचालय की दुर्दशा से ग्राम वासियों में काफी रोष व्याप्त है।

एक्सप्रेस खबरें...

अवैध शस्त्र व कारतूस सहित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। सोमवार को थाना निघासन पुलिस द्वारा 01 अदद अवैध देशी तमंचा (315 बोर) व 02 अदद जिन्दा कारतूस (315 बोर) के साथ एक नफर् अभियुक्त प्रदीप सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी मोहल्ला गांधीनगर कस्बा व थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना निघासन पर मु0अ0सं0 336/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का प्रदीप सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी मोहल्ला गांधीनगर कस्बा व थाना निघासन जनपद खीरी जिनके पास से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतुस 315 बोर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक आदित्य कुमार यादव थाना निघासन जनपद खीरी कांस्टेबल प्रभान्त कुमार थाना निघासन जनपद खीरी की सराहनी उपस्थिति रही।

जिला जज जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा जिला कारागार का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। सोमवार को जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा जिला कारागार खीरी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण कारागार परिसर का भ्रमण कर पुरुष बैरक, महिला बैरक, मेस, अस्पताल आदि तथा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया एवं कारागार परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के संबंध में निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जेल अधीक्षक जिला कारागार खीरी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सर्दी के मौसम के दृष्टिगत महिला बंदियों को गर्म कपडे व शॉल भी वितरित किया गया।

इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल असोसिएशन ऑफ इंडिया की जिला कमेटी का गठन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल असोसिएशन ऑफ इंडिया की जिला कमेटी का गठन जिला लखीमपुर स्थित कार्यालय माँ सरजू देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इंस्टिट्यूट में संचालक श्री डॉ राकेश शर्मा व बोर्ड प्रभारी अमित विश्वकर्मा जी के दिशानिर्देशन में बोर्ड की जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर श्व॥ डॉ मनजीत कश्यप जी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया तदुपरांत अध्यक्ष जी की उपस्थिति में संगठन के उपाध्यक्ष श्वद्ध. डॉ आइसा एजाज, श्वद्ध.डॉ उत्कर्ष शर्मा महामंत्री श्वद्ध.डॉ देवेश त्रिवेदी कोषाध्यक्ष श्वद्ध.डॉ अंशिका गुप्ता मंत्री श्वद्ध.डॉ श्याम जी गुप्ता व श्वद्ध.डॉ मीरा मिश्रा सयुंक्त श्वद्ध.मंत्री श्वद्ध.डॉ अर्चना विश्वकर्मा का पद पर मनोनयन किया गया उसके पश्चात सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई।इस मौके पर इंस्टिट्यूट प्रभारी डॉ राकेश शर्मा ने अपने संबोधन में नव गठित जिला कमेटी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

जिलाधिकारी ने थाना सुमेरपुर का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा सोमवार को थाना सुमेरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्पडेस्क का भी निरीक्षण किया, एफआईआर रजिस्टर का अवलोकन किया तथा एफ आई आर की स्थिति देखी। कंप्यूटर कक्ष एवं अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क में प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। डीएम ने थाना इंचार्ज को निर्देशित किया कि महिला अपराधों पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण स्थापित किया जाए। भूमाफियाओं पर प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा माफियाओं/गैंगस्टरों आदि पर निगरानी कर उनपर जरूरी कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा थाना समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन कर थाना इंचार्ज को जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के मामलो में दोनो पक्षों को बुलाकर आपसी समझौते के आधार पर मामलो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए।

ट्यूशन टीचर ने छात्रा की मां से की रेप की कोशिश

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्यूशन पढ़ाते- पढ़ाते शिक्षक की नियत छात्रा के मां पर डोल गई और उसने बालिका के स्कूल जाते ही घर में घुसकर महिला के साथ यौन उत्पीड़न की कोशिश की। इस घटनाक्रम के बाद महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। गम्भीर हालत में महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपुर थाने के एक गांव में पड़ोसी युवक राजेश मिश्र उर्फ धुल्ली एक व्यक्ति की छह वर्षीय बेटी को ट्यूशन पढ़ाता था। इस बीच शिक्षक की नियत छात्रा की मां पर डोल गई। बीते 17 दिसम्बर को महिला का पति बहनोई के घर गया था और रात में वहीं पर रुक गया। अगले दिन बालिका के सुबह आठ बजे स्कूल जाते ही शिक्षक महिला के घर पहुंचा और यौन उत्पीड़न की कोशिश की। इस वारदात के बाद महिला ने पति को फोन कर तत्काल आने को कहा और जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गम्भीर हालत में महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने शिक्षक के विरुद्ध घर में घुसकर यौन उत्पीड़न की धारा में केस दर्ज किया। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बारात लेकर गए दूल्हे पक्ष ने मांगी बुलेट मोटरसाइकिल व अन्य सामान

जन एक्सप्रेस । बहराइच। शादी के दिन दूल्हा पक्ष की ओर से दहेज की मांग करना इतना महंगा पड़ गया कि बारात बिना दुल्हन के ही वापस हो गई। इस घटना से दूल्हा पक्ष की काफी फजीहत हुई। फखरपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी तसीम अहमद उर्फ बचाऊ की बेटी का निकाह सराय जगना गांव निवासी नूर आलम पुत्र अलीम खान से तय हुआ था। तय कार्यक्रम के मुताबिक रविवार दोपहर को दूल्हा बारात लेकर फखरपुर कस्बा पहुंचा। इसी दौरान दूल्हे पक्ष से बुलेट बाइक के साथ और अधिक दहेज की मांग की गई। जिस पर लड़की पक्ष ने इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया और बात थाने तक पहुंच गई। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई। लड़की पक्ष से अब तक दिए गए दहेज और खर्च की मांग की गई। लेकिन दूल्हा पक्ष ने दहेज वापस देने से इनकार कर दिया बिना दुल्हन के बरात लेकर वापस लौट गए। थानाध्यक्ष फखरपुर राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। अगर समझौता नहीं होगा तो केस दर्ज किया जाएगा।

सांवरे जब तू मेरे साथ है, मुझे डरने की क्या बात है पर झूमे श्याम भक्त

जन एक्सप्रेस । बहराइच। रुपईडीहा। स्थानीय धर्मशाला में श्री श्याम गुणगान की एक के बाद एक प्रस्तुतियों ने श्याम भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रविवार की रात 8 बजे से शुरू हुआ श्याम गुणगान देर रात तक चलता रहा। भजन प्रवाहक कुमार शानू ने गाया सांवरे जब तू मेरे साथ है, मुझे डरने की क्या बात है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पित होकर खाटू श्याम की मैंने आराधना की तब यहां तक पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि श्याम प्रेम का ही यह प्रताप है कि मैं झूंझनू से दिल्ली व दिल्ली से बाई एयर से लखनउ पहुंच कर श्याम दरबार में पहुंचा हूं। ये श्याम प्रेम ही है। उन्होंने गाया- साथी हमारा श्याम बनेगा, श्याम ने सुना है श्याम सुनेगा। आत्मसमर्पित होकर जो श्याम का गुणगान करता है उसे सब कुछ मिल जाता है। उन्होंने गाया- यही विश्वास मेरा, ये इक दिन रंग लाएगा। श्रोता तालियां बजाकर श्याम गुणगान पर भाव विभोर होकर कर नाच रहे थे। इसके पूर्व नानपारा से ही पधारे भजन प्रवाहक दीपक जायसवाल ने श्याम गुणगान किया। दोनो ही भजन गायकों को योगेंद्र शर्मा ने अंग वस्त्र उढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के व्यावथापक सुशील बंसल, श्याम अग्रवाल, नीलेश मित्तल, वाशु बंसल, श्याम अग्रवाल, नरेंद्र मदेशिया, विजय जायसवाल व नवनीत बंसल आदि युवकों ने श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया था। इसके पश्चात बाबा को भोग लगाकर भक्तों ने सवामनी प्रसाद ग्रहण किया।

सन्दर्भ निस्तारण में शिथिलता पर 02 अधिकारियों का वेतन बाधित

जन एक्सप्रेस । बहराइच। आईजीआरएस संदर्भ संख्या 30092224001875 का अधि.अभि. विद्युत तृतीय खण्ड कैसरगंज द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न किये जाने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। इसी प्रकार आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 92418000049384 02 दिसम्बर 2024 का सहायक विकास अधिकारी (पं.) मिहींपुरवा द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न किये जाने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। जिससे जनपद की रैकिंग प्रभावित हुई। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा अग्रिम आदेशों तक सम्बन्धित अधिकारियों का वेतन बाधित किया गया है।

जनपद में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन कार्यक्रम में जिला स्तरीय किसान सम्मान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जमोत्सव पर मुख्यालय के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कृषि विभाग के सौजन्य से आयोजित सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन में जनप्रतिनिधि जिलापंचायत अध्यक्ष जयंती सन्तराम राजपूत, सदर विधायक मनोज प्रजापति ब राठ विधायक मनीषा अनुरागी व जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा स्व.चौधरी चरण सिंह जी तस्वीर पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिलापंचायत अध्यक्ष जयंती सन्तराम राजपूत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे उन्होंने किसानों की हक की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ उनके अधिकारों को दिलाया। कहा कि उन्होंने सदा जीवन पर्यान्त किसानों के उत्थान, हक के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके पदचिन्हों पर चलकर किसानों के उत्थान के लिए किसान कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है जिनका लाभ सीधे किसानों को मिल रहा है। कहा किसान सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले अपनी आय दोगुनी करे।इस दौरान राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने उपस्थित किसानों को संबोधित कर कहा कि स्व चोचरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों के हक की लड़ाई लड़ उन्हें समाज मे सम्मान दिलाने का कार्य किया। किसान देश का भाग्य विधाता है कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है ताकि उनकी आय दोगुनी हो सके। वही सदर विधायक मनोज प्रजापति ने कहा कि स्व चौधरी चरण सिंह जी ने देश के किसानों के लिए अपने जीवन पर्यान्त हक के लिए कार्य किये।उन्होंने किसानों की आवाज को संसद तक पहुँचाकर उनके हक दिलाये। कहा कि भाजपा सरकार उनके सपनों को साकार करने का काम कर रही है कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए उनके हितों को देख कर विभिन्न योजनाएं संचालित की है जिनके लाभ से किसानों की आय दोगुनी हो रही है।वही जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को कृषि संबंधित व सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद में कृषि विभाग द्वारा कांप कटिंग के आधार पर जनपद के किसानों का जनपद स्तरीय सम्मान के लिए चयनित सूची के आधार पर लगभग तीन दर्जन से अधिक किसानों को सम्मानित किया। तदुपरांत उन्होंने वहां लगाएं गये कृषि सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के स्टालों पर पहुंचकर जानकारी ले उनका अवलोकन किया।

अजमानी इंटरनेशनल में धूमधाम से शीतकालीन मेले का आयोजन विंटर फिस्टा के नाम से किया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में विंटर फीएस्टा का मचा धमाल। गत 22 दिसंबर 2024 अजमानी इंटरनेशनल में धूमधाम से शीतकालीन मेले का आयोजन विंटर फिस्टा के नाम से किया गया। मेले का उद्घाटन स्कूल की प्रबंध निर्देशिका श्रीमती हरविंदर कौर के कर कमलो द्वारा किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष श्री जसमीत सिंह अजमानी, डायरेक्टर श्री ब्रह्मदीप सिंह अजमानी प्रधानाचार्य श्री प्रिंस सलूजा जी सहित समस्त कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न प्रकार के खाने-पीने और आइसक्रीम सहित कई उपयोगी वस्तुओं के स्टाल लगाए गए। स्कूल की कला अध्यापिकाओ द्वारा स्व निर्मित कलाकृतियां और अन्य डेकोरेशन सामानों को आर्ट गैलरी के नाम से सजाया गया जिसे लोगों ने खूब सराहा और बढ़ चढ़कर खरीदारी करी वही आसरा के बच्चों द्वारा तैयार की गई स्व निर्मित सामग्री ने भी खूब सराहना बटोरी। इसके अतिरिक्त नारी सेवा समिति ने अपना स्टॉल लगाकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। हांटेड शो, ट्विन हेड, जिनी, थ्री मेन लेविटेशन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मेले में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। दुबई के तनौरा नृत्य ने लोगों की खूब वाह वाही लूटी। हांटेड शो, ऊंट और घुड़सवारी का लोगों ने खूब लुफ्त उठाया।

लोगों ने अजमानी फूड और अजमानी स्वीट्स के स्वाद का आनंद लिया और खूब खरीदारी करी। इस अवसर पर शहर की नामचीन हस्तियों को स्कूल चेयरमैन श्री जसमीत सिंह अजमानी और डायरेक्टर श्री ब्रह्मदीप सिंह अजमानी ने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्य के लिए शहर की प्रतिष्ठित रत्नों को भी सम्मानित किया।लोगों द्वारा इस कार्य की खुले दिल से सराहना की गई।

चार योजनाओं की प्रगति से संतुष्ट तथा चार से असंतुष्ट रहीं जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विकास भवन सभागार में शुक्रवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षा एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने वार्षिक ऋण योजना 2024-25 एवं सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री माटीकलां रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।

डीएम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, पशुपलान, मत्स्य पालन एवं किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति पर असंतोष व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संबंधित पात्र व्यक्ति समाज के निचले वर्ग के लोग है इसलिए सभी विभाग व बैंक समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद के लिए आवंटित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराएं ताकि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों एवं परिवारों आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। डीएम ने कहा कि यह सभी योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के आर्थिक विकास एवं देशवासियों के सुरक्षा कवच को ध्यान में रख कर बनाई गयी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं बैंक प्राथमिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें।

लीड बैंक प्रबन्धक ने सदन को आश्वस्त किया कि आगामी बैठक तक उनका प्रयास होगा कि सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति प्राप्त हो जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ की प्रतिनिधि अपराजिता, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम दीपक कुमार सिंह, आर्यावर्त बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बहराइच के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चन्द्र चौधरी व भिन्गा के अमित वार्ष्णेय के साथ-साथ जनपद के समस्त बैंकों के जिला समन्वयक सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

केडीसी की शिक्षिकाओं को मिला नारी शक्ति सम्मान

जन एक्सप्रेस । बहराइच। किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय

स्वायत्तशासी संस्था की 11 शिक्षिकाओं को शाश्वत फाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा नारी शक्ति सम्मान-2024 प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एसपी सिंह थे। अध्यक्षता मध्यकालीन इतिहास विभाग के सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर राजेश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह टिंकू थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सत्यभूषण सिंह ने किया। इस आयोजन में शाश्वत फाउंडेशन के वित्तीय सलाहकार डॉ.सतीश सिंह ने योगदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ प्रमोद कुमार, स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ आनंद श्रीवास्तव, पंकज सिंह, महिला महाविद्यालय के डॉ.यूपी सिंह, डॉ राम बदन वर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह, जेआरएफ छात्रा राजकुमारी तथा पल्लवी वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

दो करोड़ ठगी के आरोप में बलरामपुर निवासी युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

रुपईडीहा। पड़ोसी नेपाली शहर नेपालगंज में पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया गया है। ठग के पास कई सामान बरामद हुए हैं। रविवार को बांके पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जिला बलरामपुर सिंहपुरी निवासी 42 वर्षीय शहाबुद्दीन हलवाई को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

उक्त जानकारी देते हुए बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता आयुष प्रसाद जोशी ने बताया कि नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 19 मोहनपुर ईट भट्ठे के पास धन गड़ा है। इस संबंध में शहाबुद्दीन ने नसीर अहमद बेहना को जानकारी दी। नसीर बेहना को शहाबुद्दीन ने बताया कि मैं यह गड़ा धन निकाल दूंगा। कई बार झांसा देकर उसने नसीर अहमद से 2 करोड़ रुपया नेपाली मुद्रा झटक ली। धन निकलना न था। हार कर नसीर अहमद बेहना ने जिला पुलिस मुख्यालय बांके में प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर शहाबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया। शहाबुद्दीन के निवास स्थान नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 4 बस पार्क पर एक किराए के मकान पर छापा मारा गया। उसके किराए के घर से मिट्टी के 3 घड़े बरामद हुए, घड़ो से 1049 पीतल के सिक्के, पुरानी एक चेन, विभिन्न आकार के 6 सौ चांदी के पत्तर, धातु से बनी गणेश की एक मूर्ति, धातु से बने 3 डिब्बे, काले रंग के चमड़े के झोले में एक ताबीज, उर्दू भाषा में लिखी एक किताब, एक भारतीय नम्बर यूपी 32 पीपी 6110 नम्बर की अल्टो 10 सिल्वर कलर तथा नेपाल व भारतीय नम्बर की चेक बुक व बाउचर आदि बरामद हुए हैं। डीएसपी जोशी ने यह भी बताया कि उक्त सामान सीज कर शहाबुद्दीन से अगली तहकीकात की जा रही है।

प्रेरणाप्रद रहा चौधरी चरण सिंह जीवन- संदीप

जन एक्सप्रेस । बहराइच। किसानों के सच्चे हितैषी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती अपना दल (एस) द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपना दल (एस) प्रदेश महासचिव विधि मंच संदीप चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष श्री गिरीश पटेल रहे। पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के सच्चे हितैषी स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल के स्थित कार्यालय बहराइच पर धूमधाम से मनाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि संदीप चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जिस ऊंचाईयों की ओर चल रहे है वह सब स्व.चौधरी चरण सिंह की देन है उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान बहुत सारे महत्वपूर्ण निर्णय लेकर देश को अलग पहचान दी। हम लोगों को उनके आचरण को अपनाकर देशहित एवं पिछड़ों, कमजोर दलित वर्गों को जागरूक करना चाहिए। जिलाध्यक्ष श्री पटेल द्वारा बताया गया कि स्व. चौधरी चरण सिंह जी हम लोगों के प्रेरणास्रोत है।

ईश्वर प्रसाद मौर्य इंटर कॉलेज के बच्चे शैक्षिक भ्रमण पर पहुंचे लखनऊ

जन एक्सप्रेस । बहराइच। ईश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज के छात्र छात्राएं का दल शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे विद्यालय संस्थापक लक्ष्मण प्रसाद मौर्य व प्रबंधक डी के यादव ने छात्र छात्राओं को लखनऊ के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया तथा महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक श्री यादव ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है एवं भविष्य में बच्चों का जीवन सरल एवं संगठित होता है। संस्थापक श्री मौर्य ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान दिया जाता है। इसके लिए शिक्षा के साथ साथ विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया जाता है।

प्रभात के घर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

परिजनों को सौंपा 10 लाख रुपए का चेक, जताई शोक संवेदना

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का सोमवार को यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. प्रभात पांडेय के गांव पहुंचने का कार्यक्रम अंतिम समय पर स्थगित हो गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल दोपहर 1 बजे वहां पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल की ओर से प्रभात के पिता दीपक पांडेय को आर्थिक सहायता के रूप में 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। प्रभात पांडेय की 18 दिसंबर को लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान मौत हो गई थी। प्रभात पांडेय के शव के अंतिम संस्कार में शामिल होने 19 दिसंबर को गोरखपुर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को विरोध का सामना करना पड़ा था। अब एक बार फिर अजय राय गोरखपुर आने की चर्चा शुरू हुई तो विरोध की संभावना बनने लगी थी। जिलाध्यक्ष की ओर से उनके आगमन की सूचना रविवार की रात 12 बजे दी गई थी। लेकिन सुबह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल वहां पहुंचा था। प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने बताया कि पार्टी की ओर से जो घोषणा की गई थी, उसे पूरा किया गया है।

राहुल गांधी के आने की तेज हुई चर्चा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम स्थगित होने के बाद राहुल गांधी के गोरखपुर आने की चर्चा तेज हो गई है। एक कांग्रेसी ने बताया कि राहुल गांधी को भी यहां आना है। इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष का दौरा स्थगित हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष भी अब उनके साथ ही यहां आएंगे। आने का कार्यक्रम कब है, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। प्रतिनिधि मंडल में विश्वविजय सिंह, निर्मला पासवान, साहिल विक्रम, नरसिंह नारायण, अमरेंद्र मल्ल, सच्चिदानंद आदि शामिल रहे।

राजनीति छोड़ चुके थे प्रभात

प्रभात पांडेय चार साल पहले यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव थे। लेकिन वर्तमान में वह राजनीति छोड़ चुके थे। वह नौकरी की तलाश में थे। नोएडा व लखनऊ मे कुछ बैंकों में नौकरी की भी थी। लेकिन इस समय तकनीकी शिक्षा हासिल कर रहे थे। उनके नौकरी की बात भी चल रही थी। हालांकि उनकी मौत के बाद राजनीतिक पार्टियों के लोग उनके घर पहुंच रहे हैं।

बहन की पढ़ाई व शादी का खर्च भी उठाएंगे कांग्रेसी

विश्वविजय सिंह ने बताया कि प्रभात की बहन की पढ़ाई व शादी का खर्च कांग्रेस उठाएगी। इसके साथ ही परिवार का खर्च भी उठाया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर स्तरहीन बयानबाजी का आरोप लगाया।

प्रभात की मौत पर शुरू हो गई राजनीति

प्रभात पांडेय की मौत के बाद राजनीति शुरू हो गई है। प्रभात कांग्रेस दफ्तर में काफी देर तक अचेत थे। जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राहुल व प्रियंका गांधी ने शोक जताया था।

राहुल गांधी के फोन के बाद बढ़ी सक्रियता

राहुल गांधी की ओर से प्रभात के पिता को फोन करने के बाद कांग्रेसियों की सक्रियता और बढ़ गई है। उसके बाद से लगातार कांग्रेसियों का आना-जाना लगा है। प्रदेश अध्यक्ष भी इसी कड़ी में दोबारा यहां आने वाले थे। आज उनकी अनुपस्थिति में देईपार जाने वाला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल प्रभात के परिवार को आर्थिक मदद भी दे सकता है।

फिर न हो विरोध सतर्क हैं कांग्रेसी

इस बार कांग्रेसी किसी भी सभावित विरोध को लेकर सतर्क हो गए हैं। रात में ही सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर सूचना दे दी गई थी। अंतिम संस्कार के दिन प्रदेश अध्यक्ष का घाट पर विरोध कर दिया गया था। इस बार किसी प्रकार का विरोध न हो, इसकी तैयारी की गई थी। लेकिन उनका कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य आगाज

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज सोमवार को पावानगर महावीर इंटर कालेज के राज मालती स्टेडियम में सेंट जोसेफ स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत भव्य रंगारंग कार्यक्रमों के बीच हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ अर्जुन पुरस्कार विजेता, पदमश्री एथलीट्स सुधा सिंह ने अमर जवान ज्योति साउथ एशिया हैंडबाल फेडरेशन के महासचिव व ओलंपिक संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पाण्डेय, पूर्व सांसद राजेश ऊर्फ गुड्डू पाण्डेय के उपस्थिति में प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व शहीद चौक कसया से 41धावक धाविकायें मशाल के साथ तुर्कपट्टी होते हुए शहीद मेजर के पैतृक गांव भेलेया होते पहुंची। जहां सभी धावक धाविकाओं ने शहीद के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहां से 301 धावक धाविकाओं के साथ यह मशाल दौड़ सेंदुरिया, सहदौली पटहेरवा होते हुए फाजिलनगर कस्बे के स्टेट बैंक चौराहे पर पहुंचा। यहां उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एथलीट्स सुधा सिंह ने मशाल धावकों की अगुवानी करते हुए उन्हें आयोजन स्थल पर लेआई। खेल मैदान पर मुख्य अतिथि ने अमर जवान ज्योति प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह ज्योति प्रतियोगिता के समाप्ति तक जलता रहेगा। अपने संबोधन में सुधा सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतना बड़ा आयोजन शायद ही कहीं देखा होगा। शहीद के याद में यहां के लोगों का जुनून देखने लायक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि अगर आपके बेटे ओर खास कर बेटियां खेल के क्षेत्र में जाना चाहती है उनको जरूर प्रोत्साहित करें। कहा कि पहले की कहावत बदल चुकी है अब खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाबों के नबाब हो गया है।विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राजेश ऊर्फ गुड्डू पाण्डेय ने कहा कि धन्य है वह परिवार जिसने देश के रक्षा में अपने एक सपूत के शहीद होने के बाद भी उसके एकलौते पुत्र कुशाग्र को पुनः देश के सेवा के लिए भेजने का निर्णय लिया। जो सैनिक के रुप में देश का सेवा करना शुरू कर दिया है। साऊथ एशिया हैंडबाल फेडरेशन के महासचिव व ओलंपिक संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पाण्डेय ने कहा कि यह प्रतियोगिता इस क्षेत्र के युवा जो क्रिकेट खेलने में रुचि रखते हैं उनको एक प्लेटफार्म देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में केंद्र और प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन दे रही है। इसलिए इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं हो गयी है। इसके बाद अतिथियों ने बल्लेबाजी कर खेल का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया। इसके पहले व बाद सेंट जोसेफ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, राधा कृष्ण नृत्य, पंजाबी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, स्कूल चले हम, मां काली की झांकी, आर्मी नृत्य जैसे प्रस्तुतियों से आयोजन को भव्य बना दिया। ओल्ड एज होम की प्रस्तुति ने सबको भावविभोर कर दिया।बच्चों के मनुहारी प्रस्तुतियों को सभी दर्शकों ने सराहा। आयोजन समिति के संरक्षक शहीद मेजर के बड़े भाई व अवकाश प्राप्त आरटीओ अजय त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को भगवान बुद्ध की प्रतिमा व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। संचालन कवि मनंजय तिवारी निर्मल और मजीबुल्लाह राही व शिक्षक अजय उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश यूबी मिश्र, शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी के अग्रज शासकीय अधिवक्ता अभय त्रिपाठी, प्रधानाचार्य डा अक्षयबर पांडेय, शक्ति प्रकाश दीक्षित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी,डा.जितेंद्र प्रताप राव,कुशीनगर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल,टीएन राय, शिवशंकर तिवारी, सेंट जोसेफ स्कूल के डाईरेक्टर सीओ जोश,प्रधानाचार्या जेसी जोश, शिवम त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी, दीपू मिश्रा, आनंद मणि, राजन शुक्ला, विनीत कुमार बंटी, सुनील त्रिपाठी सुमन, डा.केपी सिंह, आजाद अंसारी, मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह,चंदन दूबे,मनोज चौबे, पिंटू राव,मनीष ओझा, गुड्डू चौहान, सतेन्द्र सिंह, गोविंद यादव, प्रदीप सिंह, रंजीत सिंह, गुड्डु चौहान, गुड्डू पाण्डेय, मोहम्मद आलम, सतेंद्र सिंह, मनोज चौबे, भास्कर राय, दिनेश सिंह, प्रियेश पाठक,नंदा पांडेय, समीर तिवारी, देवेन्द्र ऊर्फ इंदू उपाध्याय, चंद्रशेखर उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

गोरखपुर में महिला से रेप की कोशिश

घर में घुसकर करने लगा अश्लील हरकते , बेटे के शोर मचाने पर भागा आरोपी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर में महिला से दुष्कर्म की कोशिश और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने पहले अश्लील बातें कीं और फिर घर में घुसकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। मामला सहजनवा क्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

अश्लील बातें करने के बाद घर पहुंचा आरोपी

महिला ने तहरीर में बताया कि वह मछली बेचने का काम करती है। कुछ दिन पहले आरोपी ने दुकान से उसका मोबाइल नंबर लिया और फोन पर अश्लील बातें करने लगा। उसके बाद आरोपी अचानक घर पहुंचा और जबरन दुष्कर्म की कोशिश की।

बेटी के शोर मचाने पर भागा आरोपी

विरोध करने पर आरोपी ने महिला का मुंह दबा दिया। इस दौरान महिला की बेटी स्कूल से घर लौटी और शोर मचाने लगी। गुस्से में आरोपी ने महिला और उसकी बेटी को बुरी तरह पीटा और धमकी देते हुए भाग गया। एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया कि आरोपी जय शंकर, निवासी रानीपार, के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

नहर की पटरी पिच कराने की उठी मांग

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

कप्तानगंज विकास खंड के सेमरा गांव से होकर गुजरने वाली नहर की पटरी पिच कराने की मांग क्षेत्र के लोगो ने किया है। कप्तानगंज विकास खंड के सेमरा गांव से होकर जाने वाली नहर के बाये तरफ की पटरी से होकर प्रति दिन रामकोला, पडरौना जाने के लिए सेमरा, मलुकही, बौलिया आदि के गांवों के लोग गुजरते हैं। क्योंकि रामकोला, पडरौना जाने मे दस से बारह किलोमीटर मीटर की दुरी कम हो जाती है। लेकिन नहर की पटरी पिच नही होने से लोगों को आने जाने में काफी समस्या होती। जब की सुअरहा टोला तक पिच का निर्माण हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर तीन किलोमीटर की सड़क और बन जाता तो क्षेत्र के सैकड़ों राहगीरों के लिए आने जाने मे काफी सहुलियत हो जाती। क्षेत्र के रामप्रवेश कुशवाहा, अनिल मिश्रा, पिंकू मिश्रा, अजय कन्नौजिया, अजय पांडेय, दयानंद वर्मा, जहांगीर खान, तैयब अली, कयामुद्दीन आदि ने सेमरा से सुअरहा तक नहर की पटरी को पिच कराने की मांग विभाग तथा जनप्रतिनिधियों से किया है।

जिंदा जलाने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

14 दिसंबर की देर रात दहला गांव में दो भाइयों के कमरे में ताला लगाकर आरोपी बड़े भाई बेचन निषाद ने थिनर (तारपीन का तेल) डालकर आग लगा दी थी। आग से बृजेश निषाद (32), पत्नी मधु (28), बच्ची रिद्धिमा (03), अरविंद निषाद (30) और उसकी पत्नी माला (25) वर्ष झुलस गए थे। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत दहला गांव में आग से झुलसे परिवार के पांच सदस्यों में से नवविवाहिता माला (25), पति अरविंद निषाद (30) और जेठ बृजेश निषाद (32) की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार देर रात माला ने एक निजी अस्पताल में दम तोड़ा था, जबकि रविवार शाम चार बजे मेडिकल कॉलेज में बृजेश और सात बजे अरविंद की मौत हो गई। मामले में हत्यारोपी भाई बेचन निषाद को चिलूवाताल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से ही बेचन फरार चल रहा था। इस दौरान अब बेचन की मदद करने वालों की भी तलाश पुलिस करेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस इस आधार पर कुछ लोगों पर भी कार्रवाई कर सकती है।

राज्यस्तरीय क्रास कंट्री रेस प्रतियोगिता में सरिता निषाद ने जीता गोल्ड मेडल

जन एक्सप्रेस | तमकुहीराज, कुशीनगर

■ मेरठ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में करेगी प्रतिभाग

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा लखनऊ में गत रविवार को संपन्न 59 वीं उत्तर प्रदेश क्रास कंट्री रेस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में जनपद का प्रतिनिधित्व कर रही धाविका सरिता निषाद ने दो किलोमीटर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। सरिता आगामी 12 जनवरी को मेरठ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। सरिता की इस उपलब्धि पर बधाईयों का तांता लगा है।

दुदही विकास खंड के सरगटिया करनपट्टी गांव निवासी वीरेंद्र निषाद व हीरमती देवी की पुत्री सरिता फतेह मेमोरियल इंटरमीडिएट कालेज तमकुहीराज में दसवीं कक्षा की छात्रा है। कोच दुर्गावती व टीम मैनेजर पुष्पेंद्र के नेतृत्व में लखनऊ गई टीम में शामिल सरिता ने उक्त प्रतियोगिता जीत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। सरिता ने इसके पूर्व 21 व 22 नवंबर को रीजनल स्टेडियम गोरखपुर में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोरखपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय महिला एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। सरिता की उपलब्धि पर जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी, सचिव शुभम त्रिपाठी, विद्यालय के प्रबंधक राजा महेश्वर प्रताप शाही, कुशीनगर महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय राय, जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि निषाद, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह, धनन्जय मिश्र, विमलेश प्रताप सिंह, अमित श्रीवास्तव, भीम गुप्ता, शैलेश, राकेश, दुर्गेश आदि ने बधाई दी है।

दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, सुरक्षित-ठोकर मारने वाला लापता

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बेचन राम सोमवार को सुबह करीब 11 बजे देवरिया के रुद्रपुर में किसी कार्यक्रम में जा रहे थे। झंगहा थाना क्षेत्र के नई बाजार बोहाबर रोड के राघोपट्टी गांव के सामने अपाची बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में मंत्री और बाइक सवार दोनों को विशेष नुकसान नहीं हुआ। मौके से बाइक सवार युवक फरार हो गया। घटना की सूचना पर झंगहा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी हासिल की।

अमित शाह के खिलाफ बसपा का धरना प्रदर्शन आज

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

पी डब्ल्यू डी डाक बंगला हाटा पर रमेश कुमार जिला अध्यक्ष कुशीनगर के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के प्रति दिए गए बयान की घोर निंदा करते हुए बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। जिसमें प्रत्येक सेक्टर में बैठक कर 24 दिसंबर को जिला कार्यालय पर पहुंचने की अपील करने की बात कही गई। विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रवीण कुमार गौतम, विधानसभा प्रभारी विद्या प्रसाद सेक्टर अध्यक्षों के साथ हर गांव कस्बे में जाकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को लामबंद होकर 24 दिसम्बर को जिला कार्यालय पर पहुंचने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस सम्बंध में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर तथा विधानसभा प्रभारी जय नाथ प्रसाद व जिला कार्यकारिणी सदस्य राम प्रसाद ने संयुक्त रूप में बताया कि हाटा विधानसभा से हजारों की तादाद में कार्यकर्ता बाबा साहब के सम्मान में जिलाधिकारी कार्यालय कुशीनगर पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन दिया जाएगा। बाबा साहब का अपमान कभी भी अनुचित समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक में मौजुद रहे रफीउद्दीन अंसारी, श्रीराम कुमार जिला कार्यकारणी सदस्य कुशीनगर,डा. रामाश्रय प्रसाद पूर्व विधान सभा प्रभारी, सुरेन्द्र चौहान विधान सभा महासचिव, उमेश कुमार विधान सभा कोषाध्यक्ष, डा. विमलेश कुमार ,रेशमा खातून महिला बी भी एफ, सुनील कुमार सेक्टर अध्यक्ष, रामदेव पासवान सेक्टर अध्यक्ष, रामु कुमार सेक्टर अध्यक्ष, विजय कुमार सेक्टर अध्यक्ष,जयप्रकाश भारती सेक्टर अध्यक्ष, राम आधार सेक्टर अध्यक्ष, विपिन बौद्ध सेक्टर अध्यक्ष, सुरेंद्र प्रसाद सेक्टर अध्यक्ष, मोहन कुमार सेक्टर अध्यक्ष, विवेकानंद वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे।

मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना अंतर्गत जनपद में 4 इकाईयां होंगी स्थापित

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, डाक्टर रवीन्द्र प्रसाद ने बताया कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन अन्तर्गत गोवंशीय पशुओं के नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना अन्तर्गत जनपद में 4 इकाईयों के स्थापना का लक्ष्य निर्धारित है। योजना अर्न्तगत 10 गायों के क्रय हेतु लागत रूपया 23.60 लाख है, जिसमें प्रति इकाई हेतु अनुदान लागत का 50 प्रतिशत धनराशि रूपया 11.80 लाख है एवं लाभार्थी अंश लागत का 15 प्रतिशत है तथा लागत के 35 प्रतिशत बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जाना है। उन्होंने बताया कि उक्त योजानान्तर्गत जनपद के विकास खण्डों से लाभार्थियों का कुल 33 आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, कुशीनगर में प्राप्त हुआ है। इकाईयों के स्थलीय सत्यापन हेतु पशुपालन विभाग में कार्यरत संबंधित उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशुचिकित्साधिकारी या पशुधन प्रसार अधिकारियों के माध्यम से लाभार्थियों का नियमानुसार स्थलीय सत्यापन की कार्यवाही कराया जा रहा है।

गोरखपुर में नौकरी दिलाने के नाम पर जिला सहकारी बैंक के बाबू ने की 8 लाख की ठगी, केस दर्ज, जांच शुरू

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर में देवरिया जिला सहकारी बैंक के बाबू गोविंद तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। गोरखनाथ इलाके के शास्त्रीनगर निवासी राजेश यादव ने आरोप लगाया है कि गोविंद ने उनके बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लाख रुपये हड़प लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया।

15 लाख की मांग, 8 लाख लिए एडवांस

राजेश यादव के अनुसार, गोविंद तिवारी, जो देवरिया के पगरा गांव का निवासी है और बैंक में बाबू के पद पर कार्यरत है। उसने उनके बेरोजगार बेटे की नौकरी के लिए 15 लाख रुपये मांगे। 14 जनवरी 2022 को राजेश ने अपने भतीजे वैभव के बैंक खाते से 6 लाख रुपये ट्रांसफर किए और 2 लाख रुपये नकद दिए। शेष 7 लाख रुपये नौकरी लगने के बाद देने की बात हुई थी।

फर्जी नियुक्ति पत्र से खुली पोल

दो साल बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी, तो राजेश ने गोविंद से संपर्क किया। गोविंद ने एक नियुक्ति पत्र थमाया, लेकिन बैंक जाने पर पता चला कि वह फर्जी है। राजेश ने बताया कि गोविंद पहले भी कई लोगों से इसी तरह ठगी कर चुका है।

पुलिस ने शुरू की जांच

राजेश की शिकायत पर गोरखनाथ थाने में गोविंद तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और गोविंद के अन्य मामलों की भी पड़ताल की जा रही है।

निशुल्क चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों का जाँच कर किया गया औषधि वितरण

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

सेवा भारती नौतनवा के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को धानी बाजार लक्ष्मी मेमोरियल स्कूल में सेवा भारती के कार्यकर्त्ता द्वारा शिविर का भव्य आयोजन हुआ !ये आयोजन धानी ब्लॉक के अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम से हुआ ! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविंद्र बहादुर सिंह (विभाग मंत्री -सेवा भारती सिद्धार्थ नगर)रहें -उन्होंने कहा की समाज में दोष है, मार्गदर्शन के आभाव में दोष है !हर मनुष्य देवत्व का अंश लेकर आया है, उनको यह विश्वास दिलाना की उसी से परिवर्तन सम्भव है !लोग निरंतर मूल्यांहिंता का शिकार होकर पतन के गर्त में गिरते हैं जिससे अनेक सामाजिक समस्याओं का जन्म होता है जिनके निराकरण हेतु समाज कों आगे आना पड़ता है !पँ. दीन दयाल उपाध्यय कहा करते थे ÷भूख लगना प्रकृति है, छीनकर खाना विकृति है, बांटकर खाना संस्कृति है !प्रकृति से संस्कृति तक की यह यात्रा पशु से मनुष्य और मनुष्य से शिव बनने की यात्रा है !इसी शिवत्व का नाम सेवा है ! कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति राम मोहन अग्रवाल (जिला महामंत्री)नें कहा की कोई व्यक्ति कुएँ में गिर गया तो वह स्वयं ऊपर उठने का कोशिश करें और जो लोग कुएँ के ऊपर है ।वह झुककर हाथ के सहारे नीचे वाले कों उठाने का प्रयत्न करें !इसका आशय है समाज के प्रत्येक व्यक्ति कों सेवा हेतु आगे आना चाहिए ! इस शिविर का संचालन संदीप सिंह , व अध्यक्षता कृष्ण चंद्र पासवान नें किया ! लोगों नें निः शुल्क औषधि प्राप्त कर खुशी जाहिर किया ।सेवा भारती का आभार प्रकट किया !कार्यक्रम में अपनी सेवा दे रहें चिकित्सक डॉक्टर.हरिकेश प्रताप सिंह व उनकी पूरी टीम सभी जांच कर स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया,कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों को अंग वस्त्र भेंट कर आभार प्रकट किया !

बलरामपुर में 26 से होगा ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का आगाज

देश भर की 14 टीमें करेंगी प्रतिभाग, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहेगा आकर्षण का केंद्र

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में 26 दिसंबर 30 दिसंबर तक पांच दिवसीय ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा । महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट में देश के अलग-अलग प्रदेशों से एक दर्जन से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ 14 नामचीन टीमें प्रतिभाग करेंगी । महाविद्यालय के लाइब्रेरी सभागार में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में इस बात की जानकारी दी गई है। एमएलके पीजी कॉलेज पुस्तकालय सभागार में 23 दिसंबर को आयोजित प्रेस वार्ता में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव रिटायर्ड कर्नल आरके मोहंता, महाविद्यालय प्राचार्य हॉकी समिति के सचिव प्रोफेसर जेपी पांडेय व आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन ने बताया कि महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हाकी टूर्नामेण्ट का शुभारम्भ सन् 1938 में हुई थी । वर्तमान में इसे %बी% ग्रेड में उच्चीकृत्त करा दिया गया है तथा यह टूर्नामेण्ट आगामी 26 दिसम्बर, 2024 से प्रारम्भ होकर 30 दिसम्बर, 2024 तक चलेगा। डॉ राजीव रंजन ने बताया कि इस टूर्नामेण्ट की शुरूआत तत्कालीन महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह ने अपने पिता महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह की स्मृति में सन् 1938 में किया था। जमीदारी उन्मूलन के पूर्व तक टूर्नामेण्ट बलरामपुर राज द्वारा संचालित किया जाता रहा। तत्पश्चात् इसके संचालन का दायित्व नगर के गणमान्य नागरिको ने सम्भाली तथा सन् 1968 तक इसका सफलतापूर्वक संचालन किया। इसके पश्चात् महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह द्वारा स्थापित महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने इसके आयोजन का दायित्व लिया जिसका अभी तक उस दायित्व का निर्वहन नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस टूर्नामेण्ट में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द्र, के0डी0 सिंह %बाबू%, अशोक कुमार सहित दर्जनों ओलम्पिक खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया है। टूर्नामेण्ट के सचिव महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि घास के मैदान पर खेले जाने वाले टूर्नामेण्टों में देश में यह टूर्नामेण्ट विशेष स्थान रखता है। टूर्नामेण्ट सचिव प्रोफेसर पाण्डेय ने बताया कि टूर्नामेण्ट के सफल व व्यवस्थित संचालन हेतु आयोजन सचिव डॉ0 आलोक शुक्ल, डॉ0 राजीव रंजन एवं डॉक्टर ऋषि रंजन पाण्डेय नियुक्त किये गये है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी लेफ्टि0 डॉ0 देवेन्द्र कुमार चौहान को दी गयी है। फील्ड की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है, अन्तिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है। टूर्नामेण्ट सचिव ने कहा कि नगरवासियों का हाकी के प्रति एक जुनून सा रहता है। बहुत से खिलाड़ियों व अम्पायरों ने स्वयं कहा है जैसा जुनून बलरामपुर में दिखता है अन्य कहीं नही मिलता। इसी का परिणाम है कि भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहते है। टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 75,000 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 51,000 रुपए प्रदान किया जा रहा है। आयोजन सचिव डॉ0 राजीव रंजन ने टूर्नामेंट में आने वाली टीमों के बारे में कहा कि वर्ष 2024 में 14 टीमों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। हाकी इण्डिया द्वारा टूर्नामेंट के सफल संचालन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है। प्रतिभागी टीमों का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि इस बार के टूर्नामेंट में द कमांडेंट आइटीबीपी जालंधर, अश्वनी स्पोर्ट्स अकैडमी कर्नाटका, इंस्पेक्टर जनरल आफ पोलिस एंड सेक्रेट्री स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड लखनऊ, जनरल सेक्रेटरी एनआरएसए बड़ौदा हाउस नई दिल्ली, रवि रोशन हॉकी अकादमी पटना विहार, श्री मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी करमपुर औरिहार गाजीपुर, रजिस्ट्रार रविंद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी भोपाल मध्य प्रदेश, नागपुर अकैडमी नागपुर महाराष्ट्र, नवाब 11 बलरामपुर, सेक्रेटरी हॉकी अकैडमी टीकमगढ़, सेक्रेटरी एसके इमाम हॉकी अमरावती महाराष्ट्र, थे कमिश्नर ऑफ़ पुलिस अवदी पुलिस कमिश्नरेट अवधी तमिलनाडु, स्टार 11 बलरामपुर तथा भुसावल रेलवे बॉयज भुसावल की टीम में प्रतिभाग करेंगी । प्रेस वार्ता में आयोजन सचिव डॉक्टर आलोक शुक्ला के अलावा असलम शेर खान निदेशक एकेडमी इंटर कालेज उतरौला, डॉक्टर एमपी तिवारी निर्देशक पायनियर पब्लिक स्कूल बलरामपुर, डॉ मोइनुद्दीन अंसारी, विपिन तिवारी, सौम्या शक्ला, राशि सिंह व धर्मेश श्रीवास्तव मौजूद रहे । वार्ता के उपरांत हॉकी फील्ड की तैयारी का निरीक्षण किया गया ।

हॉकी मैच के दौरान विशेष आकर्षण

एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू हो रहे आल इंडिया प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में इस बार एक दर्जन से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा । स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड लखनऊ की टीम में पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जबकि एनआरएसए बड़ौदा हाउस नई दिल्ली की टीम में आठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सम्मिलित होंगे जिनके खेल का प्रदर्शन दर्शकों को देखने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ पोल से टकराया, चालक गंभीर

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अकराबाद थाने के पनैठी चौकी क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर टैंकर डिवाइडर पर चढ़ गया। जिसके बाद टैंकर पोल से टकरा गया। हादसे में टैंकर चालक गंभीर घायल हो गया।

दूध का टैंकर डिवाइडर पर चढ़ पोल से टकरा गया। जिससे टैंकर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को अकराबाद सीएचसी भेजा। दूध का खाली टैंकर अलीगढ़ से अकराबाद जा रहा था। अकराबाद थाने के पनैठी चौकी क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर टैंकर डिवाइडर पर चढ़ गया। जिसके बाद टैंकर पोल से टकरा गया। हादसे में टैंकर चालक गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायल चालक को अकराबाद के सीएससी भेज दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

इंजीनियर की बेटी ने की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । मथुरा

मथुरा में 9वीं कक्षा की छात्रा ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। परिजनों ने छात्रा का मोबाइल देखा तो उसमें चैट देख उनके होश उड़ गए।

मथुरा के हाईवे थाना क्षेत्र स्थित चंदनवन फेस-1 में रविवार को छात्रा का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। छात्रा के परिजनों ने एक युवक पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। पुलिस को बताया कि बेटी के मोबाइल से मिली व्हाट्सएप चैट से उन्हें इस बात की जानकारी हुई। पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि चंदनवन फेस-1 में भगवान सिंह अपने परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। वह आगरा मेट्रो में इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। रविवार की दोपहर वह अपनी पत्नी के साथ बाजार गए थे। घर पर उनकी 14 वर्षीय बेटी मानसी अकेली थी। वे बाजार से लौट कर आए तो उनकी बेटी फंदे पर लटकी हुई थी। यह देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन परिजन ने फंदे पर लटकी अपनी बेटी को नीचे उतारा और अस्पताल लेकर दौड़े, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छात्रा के चाचा रविंद्र कुमार ने बताया कि पूर्व में उनके भाई का परिवार चंदनवन फेस-2 में रहता था। यहीं का रहने वाला इशांत वर्मा नामक युवक उनकी भतीजी को परेशान करता था। मानसी रिफाइनरी नगर के डीपीएस में नौंवी क्लास की छात्रा थी।

पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म जयंती पर कृषि मेले में बेहतर उत्पादन वाले कृषकों को डीएम एवं विधायक तुलसीपुर ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती पर विकास भवन में आयोजित कृषि मेले में शुभारंभ विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस दौरान डीएम एवं विधायक द्वारा कृषि एवं कृषि संबंधित विभाग द्वारा स्टॉल का अवलोकन किया एवं संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनमानस को दिए जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर डीएम श्री पवन अग्रवाल ने कहा कि कृषकों की समस्या एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रशासन पूरी तरह से संवेदनशील है एवं समयबद्ध व? गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कटिबद्ध है। विभिन्न माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायत एवं समस्याओं का फॉलोअप करते हुए सभी का निस्तारण कराया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर श्री कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा की प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कृषकों के हित में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। किसान सम्मान निधि योजना से कृषक सशक्त हुए हैं।

इस दौरान जनपद में बेहतर उत्पादन करने वाले कृषकों को डीएम एवं विधायक द्वारा प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी ,जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए ,जिला उद्यान अधिकारी ,सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से मुलाकात कर दी आर्थिक सहायता

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर की अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समित के पदाधिकारीयों ने सोमवार को रेहुआ मंसूर-बहराइच में दुर्गा पूजा विसर्जन के समय बलिदान हुए राम गोपाल मिश्रा के बृद्ध माता पिता से उनके घर जाकर मुलाकात की और कुशल छेम की जानकारी की । समिति की ओर से 51000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी ने 23 दिसंबर को बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा आपसी सहयोग से 51 हजार रुपए धनराशि संग्रह कर अत्यंत आकांक्षी परिवार को पहुंचाया गया है । इस अवसर पर समिति के संरक्षक सेतु बंधु त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष डाक्टर तुलसीश दुबे, महामंत्री अम्बरीष शुक्ल, जय करन पाण्डेय व रेहुवा मंसूर के ग्राम प्रधान माधव दीन मिश्रा उपस्थित रहे।

रेलवे के चोरी हुए स्पंज आयरन के चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर पुलिस ने रेलवे माल गोदाम रोड से स्पंज आयरन चोरी कर बेचने एवं खरीदने वाले 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 05 मोबाइल फोन व 32,000 रुपए नगद बरामद किया है ।

जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के कुशल निर्देशन में थाना को0 नगर में हुई रेलवे में सप्लाई होने वाले स्पंज लोहा के चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिह थाना को0 नगर एवं स्वाट टीम के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त हरिकेश पाण्डेय पुत्र विश्वनाथ पाण्डेय निवासी जंगल तुलसीराम विछिया वार्ड नं0 22 शिवपुर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर, सुरेश द्विवेदी पुत्र गुरुप्रसाद द्विवेदी निवासी रजवापुर थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर, रमेश कुमार ठठेर पुत्र रामखेलावन निवासी मणिपुर बाजार थाना हरैया जनपद बलरामपुर, आशीष गुप्ता उर्फ तन्नू पुत्र भुवनेश्वर प्रसाद गुप्ता निवासी सिटी क्लब जीटी रोड अनवर गंज थाना रायपुरवा जनपद कानपुर नगर तथा महमूदुर्रहमान पुत्र अब्दुल मजीद निवासी पाटेश्वरी नगर जयनगरा थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर को गोण्डा-बलरामपुर मार्ग फुलवरिया चौराहा से गिरफ्तार कर इनके कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के 05 मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 01 लाख 75 हजार रुपये व कुल 32,000/- रु नगद बरामद कर पर बताया कि हम लोग रेलवे में सप्लाई का काम करते थे वहीं से काम सीखकर हम लोगों ने षडयन्त्र कर फर्जी कूटरचित जीएसटी बिल तथा बिल्टी रसीद तैयार करके उसी के आधार पर स्टेशन बलरामपुर माल गोदाम रोड से 40 टन स्पंज आयरन को चोरी कर लिया था जिसे हम लोंगो ने 4,50,000 (चार लाख पचास हजार) रुपये में बेच दिया था । पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि पीड़ित जय प्रकाश पाण्डेय पुत्र बलभद्र पाण्डेय निवासी प्रकाश रोड लाइन्स असुरन चौक थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर द्वारा दी गई तहर सूचना कि रेलवे माल गोदाम बलरामपुर रेलवे स्टेशन के बगल में रखे स्पंज आयरन को विभिन्न फैक्ट्रियों मे रेलवे वैगन के माध्यम से सप्लाई का कार्य करता था, जिसे फर्जी कूटरचित तरीके से विपक्षी हरिकेश पाण्डेय अपने सहयोगियो के साथ मिलकर 40 टन स्पंज आयरन चोरी करके बेच दिया है । इस घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर बलरामपुर पर दिनांक 20 दिसंबर 2024 को पंजीकृत किया गया था ।

किसान दिवस के अवसर पर रवि गोष्ठी और किसान मेले का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस किसान दिवस के अवसर पर लोहिया भवन सभागार अकबरपुर, में मिलेट्स पुनरोद्धार (श्री अन्न) कार्यक्रम योजना अंतर्गत मिलेट्स रेसीपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम, कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम आत्मा (स्र्न्ध) एवं नेशनल मिशन ऑन एडबिल आयल (ओ एस एंड टी बी ओ) योजना अंतर्गत *जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी/किसान मेला/ कृषि प्रदर्शनी एवं किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम* किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा (साधु वर्मा), कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। एम एल सी डॉ. हरिओम पांडे द्वारा किसान गोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि रबी फसल में मोटा अनाज के खेती के प्रति किसानों के बीच जागरूकता फैलाना अत्यावश्यक है। मोटे अनाज की खेती से मिट्टी स्वस्थ रहेगी एवं इसके उपयोग से आज की दिनचर्या में आमलोगों का जीवन भी स्वस्थ होगा। वही मोटे अनाज की खेती से किसानों को अच्छी आमदनी होगी। साथ-साथ उन्होंने किसानों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति के मुताबिक ही उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी गई। ताकि अत्यधिक रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी दूषित एवं बंजर न हो जाय। कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह जी किसानों के मसीहा थे और वह ऐसे प्रधानमंत्री थे जो किसान घर से थे और स्वयं भी किसान थे। उन्होंने किसानों के लिए बृहद स्तर पर कार्य किए हैं इस दौरान उन्होंने कहा कि कृषक भाई रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें, इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है। कृषक भाई हरी खाद एवं जैविक खाद तथा बर्मी कंपोस्ट खाद का ही प्रयोग करें। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और फसलों की गुणवत्ता भी अच्छी होती है। किसान गोष्ठी में प्रगतिशील कृषकों द्वारा विभिन्न फसलों, मत्स्य, पशुपालन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कृषि उत्पादन हेतु अपने अनुभवों को साझा किया गया। कृषि वैज्ञानिकों एवं उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि से जुड़े हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा कृषकों की आय को दोगुनी किए जाने के संबंध में विभिन्न तकनीकों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

अयोध्या नगर निगम

पत्रांक 1632 न0नि0अयो0 / 2024 | दिनांक :–23.12.2024

शर्तें :–

1	नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रकासित ई–निविदाओं में प्रतिभाग किये जाने के सम्बन्ध में नगर विकास अनुभाग–5 के पत्र संख्या 3890 / ना–5–19–149सा / 2019, दिनांक 20 सितम्बर, 2019 द्वारा निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु पंजीयन की बाध्यता समाप्त कर दी गयी है। ई–निविदा के साथ वैध हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाया जाना अनिवार्य होगा तथा सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध से पूर्व नगर निगम अयोध्या के पंजीकृत ठेकेदारों के समान नियम व शर्तो के अन्तर्गत पंजीयन कराया जाना होगा।
2	शासनादेश संख्या–14 / 2024 / 692 / 23.07.2024 दिनांक 09 अगस्त 2024 वर्णित व्यवस्थानुसार 10 प्रतिशत से अधिक निम्न (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत (Below) की दर से अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी।
3	निविदा के सम्मुख अंकित जमानती धनराशि एवं निविदा शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा, अपेक्षित जमानत धनराशि व निविदा शुल्क किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नही किया जायेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार का होगा। लिंक निम्नलिखित है:– Link-https://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp
4	जी0एस0टी0 एवं रॉयल्टी के सम्बन्ध में समय–समय पर शासन द्वारा निर्गत होने वाले शासनादेशानुसार कार्यवाही की जायेगी।
5	अनुबन्धोपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल का पंजीयन श्रम विभाग में कराना अनिवार्य होगा, तदोपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही सम्भव हो पायेगी।
6	Joint Venture is not allowed.
7	नगर निगम अयोध्या द्वारा कराये जाने वाली ई–निविदा हेतु शहरी स्थनीय निकाय की संलग्न तकनीकी बिड् (ULB T-1) एवं (ULB T-2) के अनुसार सम्बन्धित समस्त प्रपत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। तकनीकी बिड में उल्लिखित शर्तों / प्रतिबन्धों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

निविदा अपलोड की तिथि	24.12.2024
निविदा की अन्तिम तिथि	15.01.2025 दोपहर 02.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	15.01.2025 दोपहर 04.00 बजे

क्रमांक	कार्य का नाम	स्वीकृत आगणन धनराशि जी0एस0टी0 सहित	स्वीकृत निविदा धनराशि जी0एस0टी0 रहित	जमानती धनराशि	निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित	कार्य समाप्त करने की अवधि	मद का नाम	सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि
ई–निविदा								
1	साकेत पेट्रोल पम्प के सामने स्थित पार्क के रख–रखाव का कार्य।	621527.00	526718.56	52700.00	770.00	01 वर्ष	नगर निगम निधि	21.12.2024
2	गौशाला कैम्पस स्थित मुख्य गेट के दांये–बाये व हास्पिटल बिल्डिंग के बगल पार्को के रख–रखाव का कार्य।	644496.71	546183.66	54650.00	770.00	01 वर्ष	नगर निगम निधि	21.12.2024

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या

तीन आतंकियों की मौत से तराई में फिर ताजा हो गई आतंकवाद की यादें

- आतंकी घटनाओं के बाद पुलिस भी करती थी बेकसूरों पर जुल्म
- हथियार और आर्थिक जरूरतें पूरी करने के करते थे अमीरों का अपहरण

जन एक्सप्रेस | प्रशान्त शर्मा

पूरनपुर। तराई बीते दशकों से आतंकवाद का दामन झेलती चली आ रही है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 को हत्या के बाद देश में सिख विरोधी दंगे हुए थे, तो उनकी आग पीलीभीत तक भी पहुंची थी। कई गांव में सिखों के झालों पर लूटपाट और हमले हुए थे। पुलिस ने मदद और सहानुभूति की जगह पीड़ितों के साथ अन्याय किया तो बाद के समय में तराई के कुछ युवाओं ने आतंक की आग में झुलसते पंजाब की राह पकड़ ली थी। तराई में सोमवार तड़के खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) संगठन के तीन आतंकियों की मुठभेड़ में मौत से खलबली मच गई।आज तराई में आतंकवाद प्रभावित परिवारों के जेहन में दशकों पुरानी यादें ताजा हो गईं। दशकों पहले पीलीभीत की तराई से राह भटके उन नौजवानों को पंजाब में खालिस्तान कमांडो फोर्स, भिंडरावाला टाइगर फोर्स बब्बर खालसा जैसे उग्रवादी संगठनों ने अपने साथ मिलकर आतंकी ट्रेनिंग देने का काम किया। आतंकियों के समूहों ने उन्हीं नौजवानों को मोहरा बनाकर पीलीभीत की तराई में दस्तक दे डाली थी।जानकार बताते हैं कि बिलसंडा क्षेत्र का रहने वाला एक युवक भी आतंकियों के गिरोह का सदस्य बना था, जो अपने दबंग पड़ोसी उसके दोस्त थाना प्रभारी की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर आतंक की राह चल पड़ा था। 90 के दशक में देखते-देखते पीलीभीत लखीमपुर खीरी की तराई का पूरा इलाका आतंकी साए में आ गया था? हर रोज तराई में एके-47 गरजती थी।आतंकी समूह मुखबिरी के शक में किसी को भी मौत के घाट उतार देते थे।ऐसे ही पुलिस आतंकियों को मददगार मानकर किसी भी आम आदमी के दामन से पीछे नहीं हटती थी। आतंकी समूह हथियार खरीदने और अपनी दूसरी आर्थिक जरूरत को पूरा करने के लिए अमीरों के अपहरण करते थे।

उसे समय शिकायतें आम थी, कि लोगों को पड़कर एनकाउंटर करने, जेल भेजने की धमकी देकर पुलिस उनसे वसूली करती थी। न जाने कितने लोगों की उस दौरान हत्याएं हुईं। बड़ी संख्या में आतंकी भी पुलिस के हाथों मारे गए। पुलिस की कार्रवाई का निशान कुछ बेगुनाह भी बने। जिसे लेकर महकमे की छवि दागदार हुई।
आतंकी गतिविधियों में शामिल सैकड़ों लोग टाडा में गिरफ्तार का जेल भेजे गए थे।टाड़ा खत्म होने के बाद जेल से छूटने वाले ज्यादातर लोग खेती किसानी और दूसरे कामों में लग गए। कुछ ने जेल से बाहर आकर भी अपराध की राह पकड़ी तो पुलिस ने उनका खेल खत्म कर दिया।
इस तरह मुश्किल से तराई में आतंकवाद का वो दौर खत्म हो गया। मगर उस भयानक दौर की याद सोमवार तड़के की सुबह फिर ताजा हो गई।

अटल बिहारी वाजपेयी नाइट विस्तार केंद्र का केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिले संजय सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेडा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने अटल बिहारी वाजपेई नाइलिट विस्तार केन्द्र पीलीभीत का उद्घाटन जनपद के ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज में किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि महत्वपूर्ण पहल उभरती प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक प्रयोगशाला और प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ पीलीभीत और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं और समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम है। अटल बिहारी वाजपेयी विस्तार केन्द्र के उद्घाटन समारोह के साथ मंत्री ने नव विकसित परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। मंत्री जी औपचारिक रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा पर केन्द्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा जैसे जटिल विषय की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षु आसपास के स्कूलों और कॉलेजों के छात्र भाग ले। नाइलिट के तहत ओ0लेवल और सीसीसी जैसे पाठ्यक्रम में नये नामांकित छात्र/छात्राओं को इन कोर्स का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र में ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा क्लाउड कम्प्यूटिंग आदि जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा। जो कौशल विकास मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी है। युवाओं के कैरियर में प्रगति देखने को मिलेगी। ओ0 लेवल, ए0 लेवल व सीसीसी विभिन्न राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा मान्य प्राप्त है और प्रदेश में विभिन्न राज्य स्तरीय परीक्षाओं के लिए अनिवार्य है। ओ. लेवल पाठ्यक्रम छात्रों को कम्प्यूटर मरम्मत और रखरखाव के क्षेत्र में नौकरी/रोजगार पाने या स्वयं का स्टार्टअप शुरू करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जो छात्रों को अपने उद्योग/स्टार्टअप को सशक्त बनाने और नौकरी के कई अवसर प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा नवनिर्मित केन्द्र में एसी/ एसटी छात्रों को निःशुल्क प्रशिक्षण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नाइलिट पाठ्यक्रम से छात्र स्वयं को स्व-रोजगार योग्य भी बन सकते है। प्रशिक्षित छात्र ग्राम स्तर के उद्यमी बन सकते है और आईटी एक्सक्यूटिव, आईटी सहायक, जूनियर प्रोग्रामर, प्रयोगशाला सहायक, शिक्षा आदि के रूप में नौकरियां/ रोजगार प्राप्त कर सकते है। इस पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले छात्र कम्प्यूटर हार्डवेयर कार्यों और आईटी तथा ई-गवर्नेस सेवाओं के लिए अपना स्वयं का व्यवसाय/ प्रतिष्ठान भी शुरू कर सकते है, जिससे प्रधानमंत्री के अन्त्योदय एवं स्वावलम्बन के विचार को धरातल पर लाया जा सकेगा। नाइलिट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, अपनी आधिकारिक वेबासाइट और पैम्फलेट सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से विज्ञापन जारी करता है। छात्र थ्रै्ज् ब्व्डम् थ्रै्ज् ळम्ज् के आधार पर केन्द्र पर जाकर एवं सीटों की उपलब्धता के आधार पर नाइलिट के ऑनलाइन छात्र पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए किसी परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। नाइलिट छात्रों को उद्यमशीलता कौशल प्रशिक्षण देता है कि ताकि छात्र अपना स्टार्टअप शुरू कर सकें। अटल बिहारी बाजपेयी नाइलिट विस्तार केन्द्र पीलीभीत के द्वारा आसपास के किसानों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं आदि को विशेष डिजिटल कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर नाइलिट के महानिदेश डॉ0 मदन मोहन त्रिपाठी एवं नाइलिट गोरखपुर निदेशक डॉ0 डी.के. मिश्रा उपस्थित रहे।

जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभा कक्ष में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अधिवक्ताओं से किया संवाद

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभा कक्ष में सोमवार को अधिवक्ताओं से संवाद किया।
उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवियों के सहयोग से पीलीभीत जनपद का बहुमुखी सर्वांगीण विकास संभव है ।उन्होंने कहा कि न्यायिक क्षेत्र में भी सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से जन सामान्य को कम समय में सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए हम सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा।उन्होंने बार एसोसिएशन की ओर से दिए गए ज्ञापनों पर भी समुचित कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।
जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के साथ ही प्रदेश के राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। संचालन महासचिव आनंद मिश्रा ने किया।
इस अवसर पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री को अवगत कराया गया कि मई महीने में केंद्र सरकार की ओर से पूरे प्रदेश में 1600 से अधिक नोटरी अधिवक्ता बनाए गए। इनमें से 50 से अधिक अधिवक्ता पीलीभीत के भी शामिल हैं। इन सभी लोगों को नोटरी का काम करने का सर्टिफिकेट केंद्र सरकार से दिलाया जाए।
अधिवक्ताओं ने पीलीभीत जनपद में एयरपोर्ट बनवाए जाने की भी मांग की। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू करने की भी मांग की गई जनपद से लखनऊ, बनारस, इलाहाबाद, अयोध्या आदि के लिए एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू करने और बीसलपुर रोड पर चलने वाली कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन करने की भी मांग की गई। अधिवक्ताओं ने संयुक्त बार एसोसिएशन परिसर में एक भवन बनाने की भी मांग की। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

डंपर के टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विद्यालय पुलिस चौकी के पास डंपर की टक्कर से बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। उधर डंपर सकालु यादव के घर में घुसा, जिससे काफी लोग बाल बाल बच गए। परिजनों ने मृतक युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार करंजाकला के निवासी पूर्व प्रधान जंग बहादुर यादव का 26 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार यादव शहर से कामकाज निपटाकर बुलेट मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पुलिस चौकी के समीप पहुंचा था कि जौनपुर शाहगंज मार्ग पर शाहगंज की ओर से आ रही डंपर का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे उलटी दिशा में आकर बुलेट मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारते हुए डंपर सकालु यादव के घर में घुस गई। घर में मौजूद आधा दर्जन लोग बाल बाल बच गए। डंपर में बुलेट फंसकर छात्रिग्रस्त हो गया और अरविंद यादव गंभीर रूप से घायल हुआ। घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग जुट गए। इस दौरान लोगों ने आनंन फानन में घायल अरविंद यादव को जिला अस्पताल लेकर जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया ।

किशोरी ने घर मे फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सरायख्वाजा के नरौली गांव में रविवार शाम एक किशोरी का शव घर के एक कमरे में फांसी के फन्दे झूलता मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई में जूट गई है। नरौली गांव निवासी राजदेव गौतम की 17 वर्षीय पुत्री करीना घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी।परिजनो के मुताबिक रविवार शाम मृतका के माता पिता घर से दो सौ मी. दूर स्थित खेत की फसल देखने गए थे, इसी दौरान घर में अकेला पाकर किशोरी ने घातक कदम उठा लिया।घर में मौजूद साडी के सहारे पंखे पर फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। शाम करीब सात बजे जब परिजन घर पहुंचे तो युवती के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आसपास के लोगो ने आवाज दी लेकिन कुछ पता नही चल सका। परिजनो को किशोरी के सोने की आशंका हुई, लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो लोगों में चर्चा का विषय बन गया। थोड़ी देर बाद लोग एकत्रित हो गए और घटना की जानकारी स्थानी पुलिस को दे सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर किसी तरीके से दरवाजा को तोड़ा, तो देखा किशोरी का शव फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को उतरवाया और कार्यवाई करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। परिजनो से पूछताछ की ,लेकिन घटना का कुछ पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया शव को कब्जे में लिया गया है कमरे से किसी भी तरह की सुसाइड नोट या घटना से संबंधित साक्ष्य नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की पड़ताल की जा रही है।

जनपद न्यायाधीश के द्वारा जिला कारागार का किया गया औचक निरीक्षण

- बंन्दियों से की वार्ता, जानी समस्याएं एवं बंदियों की समस्याओं का निस्तारण करने के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

जनपद न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार सिन्हा, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश द्वारा कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला बैरक सहित अन्य बैरकों, भोजनालय एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा महिला बैरक में महिला बंदियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था देखी गई और निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप बंदियों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कारागार की साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।
निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज/ पूर्ण कालिक सचिव सुनील कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट, जेल अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के कर कमलों से 247 छात्राओं को स्मार्टफोन एवं 7 छात्राओं को प्रदान किए गए टैबलेट

- मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश पूरे देश का विकास का केंद्र बनता जा रहा है- संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

सोमवार को जनपद के राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय पीलीभीत में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत राज्य मंत्री गन्ना एवं चीनी मिलें उत्तर प्रदेश सरकार संजय सिंह गंगवार के कर कमलों द्वारा 247 छात्राओं को स्मार्टफोन एवं 7 छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्री गंगवार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान एवं तकनीकी का युग है जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार का यह संकल्प है कि वह प्रत्येक युवा छात्र-छात्रा के हाथ में डिजिटल डिवाइस निःशुल्क उपलब्ध कराए जिससे वे पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में कर सकें।
उन्होंने छात्राओं से कहा कि इस स्मार्टफोन या टैबलेट का सदुपयोग या दुरुपयोग करना आपके हाथ में है आप इसका प्रयोग अपने शैक्षिक, आर्थिक, बौद्धिक विकास के लिए करेंगे तो निश्चित ही ज्ञान का भंडार इसके माध्यम से आपके पास उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश पूरे देश का विकास का केंद्र बनता जा रहा है यहां इन्वेस्टर सबमिट में बहुत बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने अपने उद्योग लगाने के लिए कदम बढ़ाए हैं एवं बहुत से उद्योग धरातल पर प्रारंभ भी हो गए हैं पीलीभीत जनपद के भरा पचपेड़ा में ईस्ट फैक्ट्री का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा आगामी माह में वह अपना कार्य भी शुरू कर देगी।
जिससे पीलीभीत जनपद के लगभग 10000 युवाओं को रोजगार मिलेगा इसके अतिरिक्त राजकीय मेडिकल कॉलेज, चीनी मिल आदि औद्योगिक विकास के लिए जनपद में मील का पत्थर साबित होंगे जो डबल इंजन सरकार की देन है। राजकीय मेडिकल कॉलेज पीलीभीत में एमबीबीएस के 100 सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं जिससे निकट भविष्य मे पीलीभीत जनपद चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सरकार में विशेष रूप से बेटियां बहुत सुरक्षित है तथा महिला सुरक्षा को लेकर सरकार बहुत संवेदनशील है आज यदि किसी भी बेटी या बहन को कोई आंख उठा कर भी देखने की कोशिश करता है तो वह एक बहन की दृष्टि से ही देखता है। सभी छात्राओं से उन्होंने कहा कि आप एक संकल्प लें कि अपने जीवन का लक्ष्य आप आज ही तय करें तथा उसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सच्चे मन से मेहनत करें छात्राओं से उन्होंने बातचीत करते हुए उनके भविष्य के बारे में तथा महाविद्यालय विकास के बारे में सुझाव भी मांगे छात्राओं को उन्होंने कहा कि सबसे पहले राष्ट्र धर्म होना चाहिए जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता और राष्ट्र के प्रति प्रेम सर्वोपरि होना चाहिए तभी आप एक उत्कृष्ट नागरिक बनेंगे और देश के विकास में सकारात्मक सहयोग करेंगे आपका एक एक वोट बहुत कीमती है यदि आप उसका प्रयोग एक अच्छी सरकार चुनने के लिए करते हैं तो न केवल 5 वर्ष अपितु अनेकों वर्षों तक विकास की गूंज पूरे विश्व में गूंजती है यदि उसका प्रयोग समझदारी से नहीं करते हैं। तो आप 25 वर्षों तक इसका दुष्परिणाम भुगतते हैं। छात्र जीवन बहुत स्वर्णिम काल है इसका हर पल आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है इसलिए समय का सम्मान करिए तथा समय का सदुपयोग करते हुए अपने भविष्य के निर्माण के देश के निर्माण में योगदान दीजिए यही एक छात्र जीवन की सबसे बड़ी देश के प्रति जिम्मेदारी होती है अंत में उन्होंने सभी छात्राओं को उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा स्मार्टफोन एवं टैबलेट प्रदान किए। माननीय मुख्य अतिथि महोदय के करकमलों से स्मार्टफोन एवं टैबलेट प्रकार छात्राएं अत्यंत उत्साहित एवं प्रसन्न थीं।
कार्यक्रम का संचालन डॉ सचिन गिहार द्वारा किया गया डॉ अंबा प्रसाद द्वारा मुख्य अतिथि का परिचय छात्राओं को दिया गया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ स्मिता जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ फजलुर्रहमान, डॉ. अतुल मालिक, डॉ बरखा, मनोज कुमार,अजीत कुमार, जितेंद्र कुमार राना राजेंद्र कुमार उपस्थित रहें।जिनके सहयोग से सभी छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में अन्य अतिथि गण भी उपस्थित रहे।

पानी की टंकी की भूमि की चारदीवारी का कार्य शुरू

जन एक्सप्रेस । मेरठ ब्यूरो। भोपा। निरगाजनी गांव में तीन दिन पूर्व शुरू किए गए पानी की टंकी की चार दिवारी का कार्य कुछ लोगों ने विरोध कर रुकवा दिया था। सोमवार को तहसीलदार सहित भारी पुलिस बल की उपस्थिति में कार्य को शुरू कराया गया। थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी में ग्राम पंचायत की भूमि खसरा नंबर 238 पर लगभग 756 वर्ग मीटर पर जल निगम ने पानी की टंकी का निर्माण कराया है। पानी की टंकी बनकर तैयार हो गई है। तीन दिन पूर्व टंकी की चिह्नित भूमि पर चार दीवारी के लिए नींव खुदाई का कार्य किया जा रहा था।

जनपद में धूमधाम से निकलेगी श्री नीम करोली जी महाराज एवं हनुमान जी महाराज की भव्य रथ यात्रा- सभासद महंत सेवक विशाल

जन एक्सप्रेस | मुकेश कुमार



पीलीभीत। श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार की ओर से विगत कई वर्षों की भांति इस बार भी श्री हनुमान जी महाराज की चतुर्थ वार्षिक उत्सव भव्य यात्रा गुरुवार 9 जनवरी 2025 को सुबह 11ः00 से जनपद के काशीराम नगर कॉलोनी से शहर की ओर प्रस्थान करेगीं।
तो वहीं शुक्रवार को श्री हनुमान जी महाराज का वार्षिक उत्सव दरबार जो की दोपहर 1ः00 से प्रारंभ होगा इसके बाद शनिवार 11 जनवरी को हवन कन्या पूजन एवं भव्य भंडारे का आयोजन सुबह 12ः00 से आरंभ किया जाएगा।
बताते चले कि यह समस्त कार्यक्रम ईदगाह काशीराम कॉलोनी बालाजी मंदिर के प्रांगण में संपन्न होंगे।
इसकी जानकारी देते हुए दरबार संचालक सभासद महंत सेवक विशाल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकेतन दरबार एवं श्री हनुमान जी महाराज का वार्षिक उत्सव दरबार धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित होता आया है इस बार भी यह वार्षिक दरबार उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न होगा।

किसानों की खुशहाली से होगी देश की उन्नति: राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

कृषि विभाग द्वारा सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में भारत रत्न, किसानों के मसीहा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया।
मुख्य अतिथि मा0 राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।
मुख्य अतिथि मा0 राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैषी एवं शुभचिंतक थे, किसानों के विकास के लिए मंडी अधिनियम में संशोधन कराया ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित लाभ मिल सके, उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा कृषि यंत्रों पर छूट दिया जा रहा है। उन्होंने सभी किसानों से कहा कि परंपरागत खेती छोड़कर वैज्ञानिक आधारित खेती करना शुरू करें । युवाओं को भी खेती के क्षेत्र में आगे आने के अपील की और कहा कि अब खेती करना बहुत ही आसान हो गया है और लाभदायक भी है। उन्होंने मोटे अनाज की खेती करने की अपील की। किसान देश की अर्थव्यवस्था के रीढ़ है, मा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की इच्छा है कि देश के किसान की आय दोगुनी हो और किसान खुशहाल हो।
जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र ने कहा कि सरकार चाहती है कि किसानों की समस्या किसानों के द्वार पर खत्म हो। मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से जनपद में बीज, उर्वरक और सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने सभी से कहा कि किसान का सम्मान करे, उन्नति खेती अवश्य करें। किसानों को सम्मानित करते हुए हर्ष की अनुभूति होती है। किसानों के द्वारा अतिथियों को अपने उत्पाद भेट स्वरूप प्रदान किया गया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा जनपद के उत्कृष्ट उत्पादकता प्राप्त करने वाले 40 किसानों को प्रशस्ति पत्र और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को रुपये सात हजार एवं द्वितीय स्थान पाने वाले किसानों को रुपये पांच हजार सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।
विशिष्ट अतिथि सलाहकार कृषि मंत्रालय भारत सरकार विजय कुमार ने कहा कि चौधरी साहब कहा करते थे कि जब तक किसानों में खुशहाली नही आएगी तब तक देश का सम्पूर्ण विकास संभव नही है, सरकार किसानों की खुशहाली के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर किसानों का सहयोग कर रही है।कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा.रमेश चंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेश कनौजिया, डा.सुरेंद्र सोनकर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओपी श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह,देवराज पांडेय सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती सपा विधानसभा अध्यक्ष ने धूमधाम से मनाई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विधानसभा स्थित केन्द्रीय कार्यालय में भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। सपा विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव, पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम सहित तमाम सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। इं विनय यादव ने कहा देश के समग्र आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए आदरणीय चौधरी जी ने देश की प्रगति के आधार किसान वर्ग को चुना। कृषि क्षेत्र और किसानों के कल्याण में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। वह भूमि सुधारों के प्रमुख वास्तुकार थे। देश की नीतियों में उनका योगदान 1939 के डेट रिडेम्पसन बिल, लैंड यूटिलाइजेशन बिल, 1978 में स्थापित किसान ट्रस्ट तथा कृषकों की शोषणकारी व्यवस्था जमींदारी प्रथा उन्मूलन में दर्ज है। आज वर्तमान सरकार किसानों को सुलभ सुविधाएँ नहीं मुहैया करा पा रही है। क्षेत्र में उर्वरकों की अनुपलब्धता, कालाबाजारी व इनकी अत्यधिक महँगाई किसानों की दयनीय स्थिति के लिए जिम्मेदार है। इसके पश्चात सपा बिल्हौर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने की। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बैकुण्ठ नाथ यादव ने दीप प्रज्वलन कर सभा की शुरुआत की। बैकुण्ठ नाथ यादव ने सभा को संबोधित करते सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्रतिमाह की बैठक में सभी लोग अनिवार्य रूप से शामिल होवें। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्पष्ट निर्देश है कि निष्क्रिय लोगों को पार्टी से पदमुक्त कर सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी पदाधिकारी बनाया जाये।

आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए पूरी निष्ठा से पार्टी गतिविधियों में शामिल होवें व पार्टी दिशानिर्देशों का पालन करें।

विनय यादव ने अधिक से अधिक संख्या में घर-घर जाकर पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक लोगों को पार्टी से जोड़ने व पार्टी नीतियों से अवगत कराने का काम मिशन मोड में करें। वहीं पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरुद्ध राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देने हेतु 30 दिसंबर को एक धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

इस दौरान बैकुण्ठ नाथ यादव, रचना सिंह गौतम, विनय यादव, रामशंकर यादव, डॉ.के.के.यादव, छत्र पाल पाल, आशीष कटियार, राम प्रसाद पाठक, सुदेश यादव, चुन्नी लाल गौतम, पंकज यादव, ज्ञान सिंह यादव, पूर्व प्रधान उपदेश सिंह यादव, ज्ञान चंद्र कोरी,अनिल कुशवाह, विवेक कटियार, डॉ.सतेन्द्र गौतम, आदर्श कटियार, शशिकांत पाल, राजू पाल, हरी प्रकाश यादव, रोहित बाल्मीक, दीपक गौतम प्रधान, शौर्य यादव, संपत कटियार, महावीर गैतम, राजबहादुर यादव, रजनी कांत सविता, राजेश यादव, राजू यादव, मान सिंह, अजीत यादव, लोकेश अवस्थी, वीरेंद्र वर्मा, रमेश गौतम, जगरूप यादव, दिनेश कुमार, पप्पू यादव, अनिरुद्ध कोरी, अरविन्द कोरी, धीरेन्द्र कोरी,

सुनील शर्मा, सादाब, अनिरुद्ध यादव, जय राम यादव, कुलदीप यादव, पुजारी यादव, अभिनव मिश्रा, रमेश गौतम, सौरभ पाल, अंकित चक्रवर्ती, ललित कुशवाहा, राम शरण, डॉ.मिथलेश कमल, सतपाल यादव, राजू पाल, दीपक कुमार पूर्व प्रधान, कल्लू यादव, महेन्द्र सिंह, महावीर गौतम, ब्रजेश पाल इत्यादि समाजवादी साथी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिवराजपुर के नदिया बुजुर्ग गांव में पीएमश्री संविलियन विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर ब्लॉक के अंतर्गत नदिया बुजुर्ग गांव में पीएम श्री सम्मेलन विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अटल आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराजपुर खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य महेश कुमार, एआरपी दिलीप यादव एवम वरुण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गत वर्ष इसी विद्यालय से कक्षा 8 के 4 छात्र कक्षा 9 अटल आवासीय के लिए चयनित हुए छात्रों को बधाई दी वह अन्य छात्रों को भी खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिवराजपुर खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की बच्चों द्वारा निम्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, गए कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया तिरंगा ऊंचा बेटी हमारी अनमोल राधा कैसे न जले माटी हिंदुस्तान की भारत ना झुके वह छोटे-छोटे बच्चों द्वारा राधा कृष्ण नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई ए आर पी अरुण सर द्वारा बच्चों के कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया गया वह बच्चे को पढ़े इसके लिए एक मनमोहक कविता भी प्रस्तुत की गई कार्यक्रम का संचालन श्री बृजेश यादव जी द्वारा किया गया समापन की घोषणा विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्न शिक्षक सम्मिलित हुए सीमा कुमारी, अंजुम परवीन, सुमति बाजपेई, साधना त्रिपाठी, हरनाम, अजय कुमार, मोहित यादव, अनिल यादव, योगेश प्रताप सिंह, रुचि शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

दुर्घटना में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रजवा खेड़ा निवासी महिला शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पति ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। रजवा खेड़ा निवासी मुन्नू निषाद ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी चंदावती शुक्रवार शाम को हाइवे पर सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मारी, जिसके बाद उसे गंभीर चोटें आई और इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक नंबर और अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी है।

विद्युत विभाग के कर्मचारी द्वारा की गई बदसलूकी की शिकायत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शुक्लागंज। उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अन्तर्गत शुक्लागंज उन्नाव में मैं भी आम जन के बिल भुगतान में राहत पहुंचाने के लिए ओ टी एस कराया जा रहा इसी कड़ी धर्मेंद्र सिंह ने बताया के मैं अपने मित्र के साथ विद्युत ऑफिस शुक्लागंज गया जहां पर उपस्थित एस एस ओ पद पर कार्यरत धीरेंद्र कुमार ने हमसे बहस करते हुए अप शब्दों का प्रयोग किया जिसकी शिकायत आज हमने लिखित रूप से ई एक्स एन श्री गोकुल बाबा से कर दी है जिस पर ई एक्स एन ने जांच करकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिन को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सोमवार को भूतपूर्व प्रधानमन्त्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में स्थानीय निराला प्रेक्षागृह उन्नाव में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के समस्त विकास खण्ड से आये हुए किसानो ने प्रतिभाग किया गया। इस अवसर आगन्तुक कृषकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिये जाने हेतु एक प्रदर्शनी किसान मेले का आयोजन भी किया गया जिसमें कृषि विभाग उद्यान विभाग मत्स्य विभाग पशुपालन विभाग अग्रणी बैंक फसल बीमा ग्रामीण अजीविका मिशन प्रिमियर इरीगेशन सिस्टम बाल विकास पुष्टाहार यू0पी0डास्प नेडा कृषक उत्पादक संगठन देहात संस्था एग्रीजंक्सन एवं जनपद के प्राकृतिक खेती के प्रगतिशील कृषक श्री मदन जी द्वारा स्टाल लगाये गये। किसान मेले का उदघाटन विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति मे फीता काटकर किया गया। मेले में विकास खण्ड बिछिया कें कस्टम हायरिंग सेण्टर के लाभार्थी कृषक दिनेश चन्द्र त्रिवेदी को जिलाधिकारी द्वारा चाभी भेंट की गई।

अमृत योजना की वॉटर लाइन, फटी हजारों लीटर जल बर्बाद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शुक्लागंज नगर में अमृत योजना के अंतर्गत डाली गई वॉटर लाइन की गुणवत्ता पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। ऋषि नगर में टेस्टिंग के दौरान ही वॉटर लाइन फट गई, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। यह घटना सोमवार सुबह ऋषि नगर की मुख्य गली में हुई, जहाँ डाली गई नई वॉटर लाइन टेस्टिंग के दौरान अचानक फट गई। वॉटर लाइन फटने से कई फीट ऊँचे फव्वारे निकलने लगे, जिसे देखकर आस-पास के लोगों का जमावड़ा लग गया। फटी लाइन से कई घंटों तक पानी बहता रहा, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। स्थानीय निवासियों ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी। सूचना मिलने पर विभाग द्वारा लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। यह पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में इस तरह की घटना हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी गली में पहले भी टेस्टिंग के दौरान कई बार वॉटर लाइन फट चुकी है। बार-बार हो रही इन घटनाओं से लोगों में अमृत योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि अभी तो घरों में जलापूर्ति शुरू भी नहीं हुई है, केवल टेस्टिंग के दौरान ही लाइनें फट रही हैं। ऐसे में जब घरों में जलापूर्ति शुरू होगी तो क्या होगा, यह एक बड़ा सवाल है।

सीमेंट कारोबारी के गोदाम पर छापेमारी, 466 नकली सीमेंट बोरी बरामद

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। दलसराय स्थित एक बिल्डिंग में नकली सीमेंट बनाकर बेचने के मामले में चौथे दिन नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार ने पहुंचकर भवन स्वामी के रिश्तेदार की मौजूदगी में ताला तोड़वाया पुलिस फोर्स व अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों के साथ जांच पड़ताल की गई। बिल्डिंग के अंदर करीब 466 बोरी सीमेंट पाई गई इसके अलावा सैकड़ो बोरियां सीमेंट फटी थी हजारों खाली बोरिया भी मौके से बरामद हुई हैं। सीमेंट और बोरियो का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है इसके अलावा मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को थाना रामनगर के रानी बाजार चौराहे पर राकेश ट्रेडर्स के संचालक के द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी गई थी कि रानी बाजार चौराहे पर स्थित एक भवन में अल्ट्राटेक सीमेंट के नाम से नकली सीमेंट बनाई और बेची जा रही है। सूचना मिलते ही अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों ने रानी बाजार पहुंचकर देखा तो बताई गई बिल्डिंग में बाहर से ताला बंद था जिस पर उनके द्वारा रामनगर पुलिस को सूचना दी गई थी पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और उच्चाधिकारियों से वार्ता कर बिल्डिंग में अपना ताला बंद रखवाली के लिए पुलिस कर्मियों को लगा दिया था लेकिन तीन दिनों तक इस मामले में कोई कार्रवाई न होने पर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी चौथे दिन सोमवार को दलबल के साथ मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार ने अल्ट्राटेक कंपनी के मैनेजर अभिषेक मिश्रा भवन स्वामी के रिश्तेदार शिव कुमार की मौजूदगी में ताला तोड़वाया। पूरे भवन की जांच पड़ताल की गई। भारी मात्रा में सीमेंट की बरामदगी के बाद भवन को दोबारा सील कर दिया गया। और मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

मुर्गी फार्म की बदबू से परेशान नगरवासी, डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर। नगर पंचायत के बीच रिहायशी इलाके में बना पोल्ट्री फार्म लोगों के बीच मुसीबत बना हुआ है। हर तरफ फैल रही गंध से लोगों का रहना दुभर होता जा रहा है। जिसको लेकर मुर्गा पोल्ट्री फार्म को आबादी से बाहर किये जाने की मांग मोहल्ला वासियों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि नगर के मोहल्ला फैय्याजपुरा में संतोषी माता मन्दिर के निकट एक पोल्ट्री मुर्गी फार्म नियामत उल्ला व रहमत उल्ला पुत्रगण छोटकन्ने निवासी मोलवीगंज द्वारा संचालित किया जा रहा है। गाइडलाइन के अनुसार पोल्ट्री फार्म के लिए प्रदुषण कंट्रोल बोर्ड एनओसी लेनी पड़ती है। पोल्ट्री फार्म 500 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए। प्रमुख वाटर संस्थान से 200 मीटर पानी पीने के स्थान से 1000 मीटर दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाने वाले उद्योग से 500 व पब्लिक रोड से 200 मीटर दूर मृत मुर्गियों को खुले जलाने के बजाय बिजली की भट्टियों में डाला जाए। पोल्ट्री फार्म के आसपास ग्रीन बेल्ट का निर्माण भी होना चाहिए। लेकिन नगर वासियों का आरोप है यहां ऐसा कोई मानक नहीं है।

सृष्टि की जननी है बेटियां आचार्य जगतगुरु श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कस्बे में वनखंडेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में कस्बा स्थित इंटर कॉलेज में आयोजित श्री राम कथा में रविवार को आचार्य जगतगुरु श्री दिनेशाचार्य जी महाराज ने भक्तों को भगवान राम के जन्म के सुंदर प्रसंग का रसपान कराया. उन्होंने व्यक्ति के जीवन पर संगति का क्या महत्व है और विवाह प्रसंग पर चर्चा करते हुए बेटियों के महत्व और उनकी मर्यादा को समझाया।

आचार्य ने भगवान राम के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि प्रथ्वी पर जब-जब अत्याचार बड़ा तब तब ईश्वर ने किसी ने किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार कर धर्म की स्थापना की त्रेता युग में राक्षसों का आतंक लगातार बढ़ रहा था। मानव जाति में हर तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई थी। तब अयोध्यापति दशरथ के घर राम के रूप में भगवान अवतरित हुए और उन्होंने विश्व विजेता रावण सहित समस्त राक्षस कुल का नाश कर धर्म की स्थापना की। भगवान राम का जन्म होने से पहले ही अवध वासियों को शुभ शगुन होने लगे थे। भगवान राम के जन्म का प्रसंग आते ही पंडाल में बधाई गीत गाए जाने लगे।

व्यक्ति की संगति ही उसका भविष्य तय करती है

आचार्य ने कहा कि व्यक्ति की संगति का उसके जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। व्यक्ति योगियों के साथ योगी और भोगियों के साथ भोगी बन जाता है। अच्छी संगति व्यक्ति को महान बनाती है और बुरी संगत से उसका पतन हो जाता है।अच्छे आचरण से व्यक्ति चाहे तो ऐसा बहुत कुछ कर सकता है जिससे उसका जीवन सार्थक हो जाता है. किंतु सदाचरण का पालन न करने से व्यक्ति खोखला हो जाता है। वह चोरी बेईमानी से भले ही कुछ धन कमा सकता है और कुछ समय के लिए पद प्रतिष्ठा अर्जित कर सकता है लेकिन उसका अंत बुरा ही होता है। माता-पिता को बच्चों में अच्छे विचारों के बीज बचपन से ही बोना चाहिए। अच्छी संगत से व्यक्ति का उसका परिवार तो अच्छा होता ही है साथ ही उसका समाज व राष्ट्र पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। अच्छी संगति मनुष्य को हमेशा कुछ नया करने की प्रेरणा देती है वही बुरी संगति व्यक्ति को गहरे अंधकार में गिरा देती अर्थात एक व्यक्ति की संगति ही उसके जीवन की रूपरेखा तय करती है।

सृष्टि की जननी हैं बेटियां

आचार्य ने विवाह प्रसंग पर प्रसंग सुनाते हुए कहा कि बेटा भले ही किसी एक कुल की शान हो सकता है लेकिन बेटियां दो कुलों का मन और सम्मान होती हैं। बेटियां ट्रस्ट की जननी हैं और उनकी मर्यादा से ही संस्कृति का उत्थान और पतन होता है. बेटियों की रक्षा करना परिवार और समाज का धर्म है। उनके सम्मान पर जहां कुठाराघात होने लगता है वहां की संस्कृति नष्ट हो जाती है।बेटों को बेटियां ही कभी मां, कभी बहन तो कभी पत्नी के रूप में संभालती हैं। कथा के समापन पर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ पंडाल में मौजूद रही। भागवताचार्य श्री राम दिनेश आचार्य का सम्मान करते पीएसएम डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता अशीष सिंह उर्फ मोनू आदि ने सम्मानित किया।

चंपतपुर गांव में उत्तम सन्तुलित पोषण अभियान के तहत किसान दिवस मनाया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में राष्ट्रीय किसान दिवस पर भारत किसानों को मृदा और पानी के बारे में चम्बल फर्टिलाईजर्स की टीम द्वारा जागरूक किया गया। मृदा प्रबंधन में बढ़ती चुनौतियों का समाधान करने, मिट्टी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज को प्रोत्साहित करके स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र और मानव कल्याण को बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्तम सन्तुलित पोषण अभियान देश के 13 राज्यों में चलाया जा रहे हैं। इसी के तहत तहसील क्षेत्र के गाँव चम्पतपुर में किसान दिवस पर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया इस कार्यक्रम में किसानों को मृदा को स्वस्थ बनाये रखने के तरीकों तथा खेती में पानी के सदुपयोग और संचय पर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में चम्बल फर्टिलाईजर्स के बबलू सिंह(ऋष्ट) ने किसानों को देश भर में चलाये जा रहे उत्तम सन्तुलित पोषण अभियान के उद्देश्य और उससे होने वाले फायदों के बारें में किसानों को जागरूक किया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों में है वैज्ञानिक ज्ञान- महेन्द्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। हम अपने छात्रों को इस अनोखे शिक्षा अनुभव को प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं, क्षेत्रीय विज्ञान शहर छात्रों के लिए विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं का अन्वेषण करने और सीखने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। आज का युग विज्ञान का युग है।

समाजवादियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किसान दिवस के रूप में मनायी। इस अवसर पर उनके राजनीतिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय आयोजित कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने आजीवन किसानों के लिए संघर्ष किया और उन्हें उनके अधिकार दिलाने में अहम योगदान निभाया । जिससे उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है और अब पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव किसानों के हर संभव संघर्ष कर उन्हें उनके अधिकार दिला रहे हैं। महानगर हाजी अध्यक्ष नवाब अंसारी एवं पूर्व मंत्री सरफराज खान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपने कार्यकाल में किसानों को उनकी फसल का वाजिब मूल्य दिलाया और किसानो की समस्याओं को मजबूती से हल कराया जिसके बल पर आज किसान चौधरी चरण सिंह को अपना आदर्श मानता है। प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप एवं प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव ने कहां की पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितेषी थे जिन्होंने किसानों को सर्वोपरि सम्मान दिया और ऐसे महापुरुष के आदर्श और सिद्धांतों को जीवन में अपनाना चाहिए। महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ई.बिजेश शर्मा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हम सब के लिए एक प्रेरणा के प्रतीक महापुरुष है जिनके जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए क्योंकि किसानों के साथ-साथ हर वर्ग के उत्थान में भी उनके अमूल्य योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने भी सदैव सम्मान देने का काम किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए किसानों को उनके अधिकार दिलाए। श्रद्धांजलि देने वालों में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी पार्षद फ़हद सलीम वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष मुस्तकीम राणा महानगर महासचिव राजीव अग्रवाल उस्मान मुखिया रफत खान सलीम प्रधान गौरव यादव काशिफ अलवी हसीन कुरैशी नितिन यादव महजबी खान महेंद्र पाल राकेश मोहम्मद इस्लाम अल्वी रवि कंबोज शाहनवाज मलिक खुर्शीद मोहम्मद उमर शाहिद मंसूरी नरेंद्र खतियान जिंदा हसन रिजवान विनोद नदी श्रीमती ससदा वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

कबाड़ फैक्ट्री में लगी आग से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्लागंज। सोमवार को गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के अख़लाख नगर स्थित दीपक नगर में सोमवार को एक कबाड़ फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की फैक्ट्री के अंदर भरा कबाड़ धू धू कर जलने लगा। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। और अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने बामुश्किल कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना सोमवार पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे की है जब फैक्ट्री मालिक को अचानक भीतर से तेज धुंआ और गंध महसूस हुई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसके बाद फैक्ट्री मालिक ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दे दी। आग की सूचना मिलने पर (फायर सर्विस ऑफिसर) शिवराम यादव मै टीम के मौके पर पहुंच गए। और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया । तब तक आग की लपटों ने फैक्ट्री में रखा कबाड़ पूरी तरह से जल कर नष्ट हो गया। आग के कारण लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। तकरीबन दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका जिसके बाद लोगों ने राहत की सास ली।

देश की जनता से माफी मांगे अमित शाह- तनुज पुनिया

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। सदन में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान देश की जनता का अपमान है। इस अपमान के लिए अमित शाह को जनता कभी माफ नही करेगी। जब तक अमित शाह देश की जनता से माफी नही मांगते हैं और प्रधानमंत्री उन्हें मंत्रीमण्डल से बर्खास्त नही करते हैं हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। यह बात सोमवार को ओबरी स्थित सांसद आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सांसद एवं उ.प्र. कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पुनिया ने कही। श्री पुनिया ने बताया कि बाबा साहब के अपमान के विरोध में मंगलवार 24 दिसम्बर को कांग्रेस कार्यकर्ता नाका सतरिख स्थित अम्बेडकर उद्यान से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालेगी।

सावधान! गोलगप्पे नहीं मीठा जहर खा रहे हैं आप
केमिकल युक्त पानी पूरी खिलाते है झांसी पानी पूरी वाले

जन एक्सप्रेस । दिलीप उपाध्याय/सोनू पाठक

बस्ती। सावधान! अगर आप पानीपूरी के शौकीन है तो सावधान हो जाए, क्योंकि पानी पुरी में केमिकल की मिलावट करके आपको मीठा जहर पिलाया जा रहा है।

पानीपूरी का नाम लेते ही मुंह में पानी आ जाता है। हममें से शायद ही कोई होगा, जिसे पानीपूरी पसंद न हो। युवतियां तो इसकी दीवानी होती हैं। अक्सर युवक-युवतियों को पानीपूरी के ठेले के आगे देखा जाता है। शहर में कई स्थानों पर पानीपूरी के ठेले लगे होते हैं, पर अब यही ठेले स्वास्थ्य के लिए खतरा बनने लगे हैं। हम सोचते हैं कि उसका पानी पुदीना और धनिए से बनाया गया है, वास्तव में वह ऐसा कलर है, जो शरीर को हानि पहुंचाता है। वही जब तीखा-खट्टा-चटपटा पानी डालकर जब गोलगप्पे के दीवानों के सामने परोसा जाता है, तो उन्हें अद्भुत सुख मिलता है। लेकिन खबर पढ़ने के बाद आपको सचेत होने की जरूरत है, नही तो आपका स्वास्थ खराब हो सकता है।

अभी हाल ही में बस्ती के पटेल चौराहे पर दिल्ली जूस वाले की दुकान पर केमिकल युक्त जूस पिलाने का वीडियो वायरल हुआ था,जिसमे ग्राहक ने दुकानदार को रंगे हाथ पकड़ा था। लेकिन कोई कार्यवाही न होने की वजह से मिलावटखोर के हौसले बुलंद है। बस्ती जिले में तमाम ऐसे छोटे छोटे झांसी पानी पूरी वाले आपको पानी पुरी बेचते हुए नजर आयेंगे।

बस्ती जिले परशुरामपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मखौडा, वेरता, परसरामपुर, कोहराये अरजानीपुर, अमारी, हरैया, गोपीनाथपुर, परसा नगर, कप्तानगंज, पक्के रोडवेज, कांपनीबाग, आवास विकास, गोटवा, सहित जिले में तमाम जगहों पर झांसी पानी पूरी वाले केमिकल युक्त पानी पूरी खिलाते है। ताजा मामला परसरामपुर थाना क्षेत्र के बेरता का जहां पर ग्राहक कुलदीप पानी पुरी खाते समय जब, स्वाद कुछ अलग लगा और पेट में जलन होने लगा, तो ग्राहक ने पानी पूरी वाले से कडाई से पूछताछ किया तो उसने बताया कि हम पानी को स्वादिष्ट, खट्टा बनाने के लिए केमिकल का प्रयोग करते है। जिसका ग्राहक ने वीडियो भी बना लिया। खबर पढ़ने के बाद पानीपूरी के शौकीनों को शॉक लग सकता है। पानीपूरी देने के कई नियम हैं, पर बहुत ही कम स्थानों पर नियम अमल में लाए जाते हैं। पानीपूरी के ठेले वाले की हरकत ही शौकीनों के लिए लालबत्ती के समान है।

इनामी बदमाश पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सोमवार को सुबह समय करीब पांच बजे थाना बिहार पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा थाना बिहार क्षेत्रान्तर्गत पाटन धमनीखेड़ा मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी चेकिंग के दौरान एक काले कलर की पल्सर बाइक को रोकने का प्रयास किया गया, जिसपर दो लोग सवार थे तभी उक्त दोनो बाइक सवार युवको द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर दी गई, आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में पुलिस द्वारा फायरिंग की गई जिसमे एक व्यक्ति को पैर में गोली लगी है व उसका एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया है। घायल व्यक्ति को पुलिस द्वारा सौशयूया अस्पताल बीघापुर में भर्ती कराया गया है। जिसकी पहचान सूरज सिंह पुत्र लल्लन सिंह उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम रनागढ़ी थाना माखी जनपद उन्नाव के रुप में हुई है। पूछताछ में सूरज सिंह उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 29.11.2024 को थाना बिहार क्षेत्रान्तर्गत देवारा नहर पुल के पास दम्पति से हुई लूट की घटना में वह अपने एक अन्य साथी के साथ शामिल था। जिसके सन्दर्भ में थाना बिहार पर मु0अ0स0 298/24 धारा 309(4)बीएनएस बनाम पल्सर सवार दो अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था। जिसमें उन्नाव पुलिस द्वारा दोनो अभियुक्तों के ऊपर 25,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

मुठभेड़ स्थल से सूरज उपरोक्त के पास से एक पल्सर बाइक काले कलर की, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस व लूट का सामान बरामद हुआ है। जिन्हे कब्जें मे लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संसद हाथापाई मामला: हमारी ओर से नहीं हुई चूक, किसी भी सांसद को हथियार लाने की नहीं दी अनुमति: सीआईएसएफ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों के बीच हुई झड़प में उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई। सीआईएसएफ संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है। सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक (अभियान) श्रीकांत किशोर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारी ओर से कोई चूक नहीं हुई। किसी भी सांसद को हथियार लाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि सीआईएसएफ इस घटना के बारे में कोई जांच नहीं कर रहा है। संसद भवन में पिछले हफ्ते झड़प हुई थी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। यह झड़प विपक्षी सांसदों और सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों के बीच हुई थी। इस घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए।

सीआईएसएफ ने चुप रहने का फैसला लिया

जब पत्रकारों ने सीआईएसएफ से पूछा कि सांसदों ने एक-दूसरे पर धक्का देने का आरोप लगाया है, तो श्रीकांत ने कहा कि सीआईएसएफ चुप रहने का फैसला लेता है जब सम्मानीय सदस्य आरोप लगाते हैं।

दिल्ली पुलिस दर्ज की प्राथमिकी

भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इस प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी ने झड़प के दौरान भड़काऊ बयान दिए।

सीआईएसएफ ने उठाए सभी जरूरी कदम

सीआईएसएफ ने स्पष्ट किया कि संसद भवन में सुरक्षा के सभी नियमों का पालन किया गया था और कोई भी सुरक्षा उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए थे।

स्कूल-मोहल्ला क्लिनिक बदहाल, यमुना प्रदूषण के आप ही जिम्मेदार: एलजी वीके सक्सेना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

स्कूल से लेकर अस्पताल तक पर उठाए सवाल

बेहतर होता कि आपने यही मुस्तैदी और चिंता, मेरे द्वारा दौरे के उपरांत चिन्हित किराड़ी, बुराड़ी, संगम विहार, गोकुलपुरी, मुंडका, नांगलोई, रानीखेड़ा, कलंदर कॉलोनी जैसे जगहों के बारे में भी दिखाई होती। मुझे प्रसन्नता होती अगर आप दिल्ली सरकार के उन स्कूलों की तरफ भी ध्यान देते, जहां एक ही कमरे में दो कक्षा के छात्र एक दूसरे की तरफ पीठ कर ghost teachers द्वारा पढ़ाये जाते हैं, उन मोहल्ला क्लीनिकों का संज्ञान लेते, जहां हालत जर्जर है और डॉक्टर बिना क्लिनिक आए, ghost मरीजों के test लिखते हैं, उन सरकारी अस्पतालों को सुधारते जहां दवाइयां उपलब्ध नहीं है, गंदगी का अंबार है और डॉक्टर नदारद रहते हैं और उन गरीबों की समस्या का समाधान करते जिनके पानी और बिजली के हजारों रुपये के बिल आ रहे हैं।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज होते जा रहे हैं। शुरुआत में उपराज्यपाल दिल्ली के कुछ इलाकों का दौरा कर सरकार को वहां की बुनियादी सुविधाओं की कमियों के बारे में अवगत कराते हैं उसके मुख्यमंत्री इलाके का दौरा कर एलजी का धन्यवाद कहती हैं। इसी कड़ी में अब उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। एलजी ने दिल्ली में नरकीय नागरिक सुविधाओं को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा। एलजी ने लिखा शुक्र है कि 10 साल बाद ही सही, दिल्ली में व्याप्त बदहाली और नरकीय नागरिक सुविधाओं के प्रति आपकी आंखें खुलीं। आपने 'एक्स' पर आज के पोस्ट में जिस हमारी टीम का जिक्र किया है, यह वही अधिकारी/विभाग हैं, जो मेरे साथ 21.12.2024 को रंगपुरी और कापसहेड़ा के दौरे पर गए थे और जिनसे मैंने समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया था।

गाजियाबाद में कब्रिस्तान की चारदीवारी के अंदर मिला शिवलिंग

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

संभल की खुदाई की घटना के बाद उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हिंदू धर्म संबंधित पुरातत्व अथवा चिन्ह मिलने की घटनाओं के बीच गाजियाबाद जिला भी अब शामिल हो गया है। जनपद परिक्षेत्र के मोदीनगर में कब्रिस्तान के पास शिवलिंग मिलने के बाद धार्मिक संस्थाओं और हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ गई। जिसके बाद शिवलिंग की तरफ की बाउंड्री जनता के दबाव में तोड़ दिया गया। हिंदू संगठनों ने अब शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए अलग रास्ते के निर्माण की मांग शुरू कर दिया है। जबकि पुलिस और प्रशासन किसी भी स्थिति से निबटने के लिए मुस्तैद रहा। ज्ञात हो कि मोदीनगर के आबिदपुर मानकी गांव के पास कब्रिस्तान में बने पीर में सैकड़ो साल पुराने शिवलिंग मिलने का दावा करते हुए हिंदू संगठनों ने किया है। जिसके पूजा-अर्चना की मांग की है उनके द्वारा शुरू हो गई है। हिंदू संगठनों ने यहां मंदिर मनाने की मांग की है। मोदीनगर में आबिदपुर माानकी गांव के कब्रिस्तान की बाउंड्री के पास शिवलिंग देखरेख के अभाव में गंदगी से पटा हुआ था। हिंदू युवा वाहिनी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया है। शिवलिंग तक पहुंचने के लिए अलग रास्ते की मांग की गई है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि शिवलिंग के पास ही दूसरे धर्म के लोगों ने मजार बनाकर शिवलिंग को चारदीवारी के भीतर कर दिया। लेकिन जैसे ही इस घटना की जानकारी हिंदू संगठनों को मिली, वे मौके पर पहुंचे और शिवलिंग की पूजा-अर्चना शुरू कर दिया। जनता के जमावड़े के बाद शिवलिंग की साफ सफाई कर जलाभिषेक भी किया गया। संभल, जौनपुर के बाद अब गाजियाबाद भी मंदिर के मिटे चर्चित हो गया है।

हल्की बारिश से फिर बदला मौसम का मिज़ाज

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के कुछ इलाकों में हुई हुई छूट पुट बरसात ने मौसम बदल दिया है। पूरे दिन सूर्य भगवान के दर्शन को जनता तरस गई। जिसके कारण हीटर और अन्य संसाधनों का प्रयोग करके ठंड से राहत का प्रयास जारी रहा। जनपद और आसपास इलाके में प्रदूषण की मार से हाल बेहाल है। उसके बाद आज हुई हल्की बारिश ने ठंड के कहर को और भी बढ़ा दिया। बारिश की वजह से मौसम साफ होने की उम्मीद थी लेकिन बारिश की बूंदों की कमी से उसमें भी राहत नहीं मिल सकी, लेकिन ठंड और बढ़ गई। बदलते मौसम और हवाओं के तेज झोंको से शीतलहर का अहसास लोगो को होने लगा।

जिलाधिकारी ने दिया निर्देश राहत के कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं

इधर बेमौसम बरसता और हवा के कारण कोई जनधन की हानि नहीं हो और सारी प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रहे इसको लेकर जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह द्वारा प्रशासनिक बैठक करके अधिनस्थों को निर्देश देते हुए रैन बसेरों के भ्रमण और परीक्षण की बात कही। जिससे आम नागरिकों और निराश्रितों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

गंभीर श्रेणी में हवा: ग्रैप के बाद भी नहीं सुधरे हालात, दिनभर छाई रही स्मॉग की चादर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजधानी में हल्की बारिश होने के बावजूद भी प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। सोमवार को दूसरे दिन भी लोगों ने गंभीर श्रेणी की हवा में सांस ली। दिनभर स्मॉग की मोटी चादर छाई रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के अनुसार हवा पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति छह किलोमीटर प्रतिघंटे रही, जोकि शाम को चार किलोमीटर प्रतिघंटे चली। ऐसे में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 406 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में है। बवाना, नेहरू नगर, मुंडका समेत 21 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। जबकि, आया नगर, आईजीआई एयरपोर्ट सहित 10 इलाकों में हवा बेहद खराब रही। एनसीआर में दिल्ली के बाद गाजियाबाद सबसे अधिक प्रदूषित रहा। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू होने के बावजूद वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं आ रहा है, ऐसे में लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि मंगलवार से प्रदूषण में सुधार होने का अनुमान है, ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की उम्मीद है। सोमवार को सुबह से ही बूंदा-बांदी शुरू हो गई थी, ऐसे में कोहरे के साथ स्मॉग छाया रहा। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन आसमान में स्मॉग की मोटी चादर लिपटी रही। वहीं, वेंटिलेशन इंडेक्स 4200 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 500 घन मीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। साथ ही, मिक्सिंग डेप्थ 520 मीटर दर्ज की गई।

हवाएं बेहद प्रतिकूल होने से बिगड़ी स्थिति

विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है। आईआईटीएम के मुताबिक, मंगलवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा चार किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। वहीं, बुधवार को हवाएं उत्तर दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल चार किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। वहीं, सुबह के समय हल्की धुंध छाए रहने की आशंका है।

आठ जनवरी को होगी 39-सदस्यीय संसदीय समिति की बैठक, एक देश-एक चुनाव के प्रस्ताव पर होगी चर्चा

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

एक देश-एक चुनाव पर 39-सदस्सीय संसदीय समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। इस बैठक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। संसदीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह प्रारंभिक जानकारी देने वाली बैठक होगी। इस बैठक में अधिकारी दो महत्वपूर्ण विधेयकों के बारे में जानकारी देंगे। ये विधेयक हैं- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है। यह कदम भाजपा द्वारा लंबे समय से किए जा रहे वादे का हिस्सा है।

समिति के सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई

पिछले हफ्ते इन विधेयकों को लोकसभा में पेश किया गया था। शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को इन्हें संसदीय समिति के पास भेजा गया था। इस समिति की सदस्य संख्या 31 से बढ़ाकर 39 की गई है, क्योंकि कई राजनीतिक दलों ने इसमें शामिल होने की इच्छा जताई थी।

पी.पी. चौधरी को बनाया गया समिति का अध्यक्ष

भाजपा सांसद पी.पी. चौधरी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पुरुषोत्तम रूपाला, मनीष तिवारी और कई पहले कार्यकाल के सांसद जैसे प्रियंका गांधी, बांसुरी स्वराज और संबित पात्रा भी इस समिति के सदस्य हैं। समिति में 27 सदस्य लोकसभा और 12 सदस्य राज्यसभा से हैं।

अवैध रूप से असम पहुंचे 22 बांग्लादेशी नागरिक

स्थानीय व्यक्ति घर में ली थी शरण, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम पुलिस ने अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में दो अलग-अलग अभियानों में 22 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में पांच बच्चे भी शामिल हैं।

बंगलुरू से गुवाहाटी पहुंचे 16 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

असम के दक्षिण सलमारा-मानकचार पुलिस ने 16 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में 7 पुरुष, 4 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं। ये लोग बंगलुरू से ट्रेन से गुवाहाटी पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए लोग दक्षिण सलमारा-मानकचार जिले की ओर जाने की योजना बना रहे थे। पुलिस को संदेह हुआ और जिसके बाद एक अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार, सभी संदिग्ध बांग्लादेशी एक स्थानीय व्यक्ति के घर में शरण लिए हुए थे। जांच के दौरान अधिकारियों ने इनके बांग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि की है।

पांच बच्चे भी शामिल

गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान जाकिर शेख, मोहम्मद महदी हसन, रुमाना अख्तर, मोहम्मद रिजवान हवलदार, जमाल शेख, ब्यूटी बेगम, मुन्नी बेगम, नुशरत जहां, रुस्तम शेख, रुबेल कुरैशी, चांद मियां के रूप में हुई है। इसके अलावा पांच बच्चे भी हैं।

एक अन्य अभियान में छह बांग्लादेशी पकड़े गए थे

उन्होंने कहा कि पहले अभियान में असम पुलिस ने छह बांग्लादेशियों को भारत में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा था। जिसके बाद उन्हें बांग्लादेश के अधिकारियों को सौंप दिया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण की 122वीं जयंती मनाई गई

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ पूरे जनपद में मनाई गई। राष्ट्रीय लोकदल और भाजपा समेत विपक्ष के नेताओं ने भी अपने अपने कार्यालय पर किसान नेता चौधरी चरण सिंह के प्रतिमा पर पुष्प माला चढ़ाकर उनके जयंती को मनाया। चौधरी चरण सिंह के जन्मोत्सव का प्रमुख कार्यक्रम राष्ट्रीय लोकदल के मेरठ तिराहे कार्यालय पर हुआ। जिला और महानगर संगठन द्वारा इस अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया था। संगोष्ठी, रक्तदान शिविर और हवन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें गरीब और निराश्रित वर्ग को भोजन प्रसाद खिलाया गया। इस आयोजन में जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनवीर सिंह, इंद्रजीत सिंह टीटू, अजय वीर सिंह,प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान समेत वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक साथ होगी कुकी-मैतेई समुदाय के नए पुलिसकर्मियों की तैनाती: बीरेन सिंह

जन एक्सप्रेस । इंफाल

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि जातीय हिंसा से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में शांति वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत मैतेई और कुकी समुदायों से संबंध रखने वाले नए पुलिस कैडेटों को एक ÷टीम÷ के रूप में एक साथ तैनात किया जाएगा। मणिपुर पुलिस के करीब 2,000 रंगरूट सोमवार को पुलिस अकादमी से पास आउट हुए। असम और मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और सिंह मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, समुदाय के आधार पर विभाजन मौजूदा स्थिति के कारण हुआ है। पहले ऐसा नहीं था और मैं भविष्य में ऐसा नहीं होने दूंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि नव प्रशिक्षित कर्मियों को सब कुछ एक साथ करना होगा, जैसे उन्होंने यहां प्रशिक्षण लिया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, हमें राज्य में शांति लाने के लिए मिलकर काम करना होगा। हम टीम को नहीं तोड़ेंगे। हम पहले की तरह मणिपुर की एकता को बहाल करने की कोशिश करेंगे। आज पुलिस अकादमी से मणिपुर पुलिस के 1946 पासआउट रंगरूटों में उनकी जाति का वितरण विविधतापूर्ण है। जिसमें 62 प्रतिशत मैतेई, 12 प्रतिशत कुकी और शेष 26 प्रतिशत नागा और अन्य जनजातियों से संबंधित हैं।

दिल्ली आकर सीएम साय ने निवेशकों को दिया न्योता, छत्तीसगढ़ को मिल गया 15184 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए इसे निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को 15184 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ निवेश के लिए असीम संभावनाओं वाला राज्य है। हमारी नई औद्योगिक नीति उद्योगों को कर, भूमि, और बिजली में छूट के साथ-साथ सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देती है। यह नीति न केवल उद्योगों की स्थापना, बल्कि रोजगार सृजन पर भी जोर देती है। छत्तीसगढ़ में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, खनन, और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। नई औद्योगिक नीति में विशेष सब्सिडी और प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं। डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 से सभी स्वीकृतिया और लाइसेंस प्राप्त करना आसान हो गया है। उद्योग विभाग द्वारा सब्सिडी जारी करने के लिए अधिकतम 3 स्तर और अधिकतम 7 दिनों की समय सीमा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, उद्योग स्थापित करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए, न्यूनतम सरकार की अवधारणा के तहत निजी औद्योगिक पार्क को 30 प्रतिशत सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ, उद्योगों के लिए रेडी और विकसित प्लॉट आवेदन के 60 दिनों के भीतर सुनिश्चित कर रहे हैं।उन्होंने बताया हम यह सुनिश्चित कर रहे कि उद्योग स्थापना एवं संचालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम हो एवं यथासंभव सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा ऑनलाइन माध्यम से हो ताकि उद्योग हेतु आपको सरकार के पास आने की आवश्यकता ना हो। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेशकों के सवालों का जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने राज्य में उपलब्ध बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल मानव संसाधन और शांतिपूर्ण माहौल के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ की पहल की सराहना की और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यह इन्वेस्टर मीट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत और नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर सुश्री ऋतु सैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने नई औद्योगिक नीति की खासियतों को समझाते हुए निवेशकों को छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने के लाभ बताए। उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने उद्योगपतियों से चर्चा करते हुए बताया कि खनिज संपदा और खानों के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ अब तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य अपने औद्योगिक आधार को विविधतापूर्ण बनाते हुए फार्मास्यूटिकल्स, ट्रेन शेल, टेलीविज़न और प्रकाश उपकरणों जैसे विविध उत्पादों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

बस्तर क्षेत्र में निवेश पर विशेष प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कोर सेक्टर की स्टील इकाइयों और अन्य उद्योगों को बड़ी राहत दी गई है। आयरन ओर पर 50त्न और कोयले पर 100त्न रॉयल्टी की छूट का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, उद्योगों द्वारा चुकाए गए रॉयल्टी और राज्य को मिलने वाले सेस की प्रतिपूर्ति 15 वर्षों तक की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम नियानार में 118 एकड़ भूमि पर एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

आईआईएम के छात्र नियुक्त होंगे इन्वेस्टमेंट मैनेजर

मुख्यमंत्री ने बताया उद्योगपतियों को राज्य सरकार द्वारा विशेष सहूलियत दी जा रही है। इसके लिए आईआईएम रायपुर के साथ एमओयू (समझौता) करके वहां के पास आउट छात्रों को मुख्यमंत्री औद्योगिक इंटर्नशिप के तहत इन्वेस्टमेंट मैनेजर के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, जो घर बैठे प्रक्रियाओं को सुगम बनाएंगे।

आधुनिक तकनीकों में निवेश को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में कई नए और आधुनिक तकनीकों का ध्यान रखा गया है जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन और डेटा सेंटर। इसके अलावा, आईटी, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र भी खास होंगे। इन क्षेत्रों में उद्योगों को 30 से 50 प्रतिशत तक सहायता मिलेगी। इसके अलावा, कंपनियों को अपना काम शुरू करने के लिए 5 से 12 साल तक करों में छूट दी जाएगी, जिससे वे आसानी से अपना काम शुरू कर सकें।

देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की जताई इच्छा

कार्यक्रम में पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के एमडी ईश्वर नंदन ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 1134 करोड़ निवेश का प्रस्ताव रखा, जिससे 100 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। वहीं, टेलिपरफॉर्मेंस के सीओओ आशीष जौहरी ने 300 करोड़ का निवेश कर बैक ऑफिस केंद्र स्थापित करने की योजना साझा की। माइक्रोमैक्स के राजेश अग्रवाल ने सौर सेल निर्माण में 100 करोड़ निवेश का प्रस्ताव दिया। वही, वरुण बेवरेजेज के सीईओ कमलेश जैन ने पेप्सिको बॉटलिंग प्लांट में 250 करोड़ निवेश की इच्छा जताई। टीडब्ल्यूआई ग्रुप के पुरुषोत्तम और उत्तम सिंघल ने 1650 करोड़ के निवेश का सुझाव दिया, जिससे 1000 रोजगार अवसर सृजित होंगे। पैरामाउंट कम्युनिकेशन के प्रवीण गुप्ता ने 250 करोड़ निवेश और 1000 नौकरियों का वादा किया। रिन्यू पावर लिमिटेड के सुमंत सिन्हा ने पंप स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं में 11,500 करोड़ निवेश की योजना साझा की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)